

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 लड़की बहिन योजना की लोकप्रियता से डरा अघाड़ी, अब आलोचना से भी परहेज....

घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है: सचिन .... 11



वर्ष : 12 | अंक : 20 | पटना, मंगलवार, 05 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.0°C

न्यूनतम तापमान 21.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# लोक आस्था का चारदिवसीय छठ महापर्व का आज से आगाज

पटना। बिहार में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ आज यानी मंगलवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाएगा। सूयोर्पासना के इस पवित्र चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन छठव्रती श्रद्धालु नर-नारी अंतःकरण की शुद्धि के लिए कल नहाय-खाय के संकल्प के साथ नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू करेंगे।श्रद्धालुओं ने आज से ही पर्व के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। महापर्व छठ को लेकर घर से घाट तक तैयारियां जोरों पर है। व्रती घर की साफ-सफाई के साथ व्रत के लिए पूजन सामग्री खरीदने में जुट गए हैं। कोई व्रती अपने घर में नहाय-खाय के लिए चावल चुनने में लगी हैं तो कोई छत पर गेहूं सुखाने में लगी हैं। छठ व्रतियों के लिये गंगा घाटों को साफ-सुथरा और सजाने के काम में विभिन्न इलाकों की छठ पूजा समिति और स्वयं सेवक भी लगे हुए है। इसके साथ ही गंगा नदी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गो पर तोरण द्वारा बनाये जा रहे है और पूरे मार्ग को रंगीन बल्बों से सजाया जा रहा है। महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण किये उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और उसके बाद एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आये तब तक पानी पीते हैं। इसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।लोक आस्था के इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करते हैं। व्रतधारी डूबते हुए सूर्य को फल और कंदमूल



से अर्घ्य अर्पित करते हैं। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन फिर से नदियों और तालाबों में व्रतधारी उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देते हैं। भगवान भाष्कर को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त होता है और वे अन्न ग्रहण करते हैं। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित की आवश्यकता नहीं होती है और न ही मंत्रोचारण की कोई जरूरत है।

## सूर्य को अर्घ्य और छठी मईया का महत्व

यूपी-बिहार में मनाया जाने वाला छठ पूजा एक महत्वपूर्ण त्योहार है। छठ में सूर्य देवता और छठी मईया की आराधना की जाती है। यह पूजा चार दिनों तक चलती है और इसमें श्रद्धालु सूर्य को अर्घ्य देते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार सूर्य देवता जीवन और ऊर्जा के स्रोत माने जाते हैं। उनकी आराधना से मनुष्य को स्वास्थ्य, समृद्धि और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि सूर्य देवता ने अपने तेज से संसार को प्रकाश दिया और अंधकार को मिटाया। इसलिए, सूर्य को अर्घ्य देकर श्रद्धालु अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति की कामना करते हैं। छठी मईया को गौरी, उषा या छठ देवी भी कहा जाता है और वह सूर्य देवता की बहन मानी जाती हैं। उनका विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण समुदायों में बहुत सम्मान है। छठ पूजा के दौरान, श्रद्धालु विशेष रूप से छठी मईया की आराधना करते हैं, जिनसे उन्हें संतान सुख और परिवार में सुख-शांति की प्राप्ति की उम्मीद होती है।पौराणिक कथाओं के अनुसार, जो लोग सच्चे मन से छठी मईया की पूजा करते हैं, उनको परिवार में कभी भी दुख और दरिद्रता का सामना नहीं करना पड़ता। छठी मईया के प्रति श्रद्धा और भक्ति से मनुष्य के जीवन में सुख और समृद्धि का आगमन होता है।

# छठ घाटों पर सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोताही न हो : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर घाटों का किया निरीक्षण



**मुख्य निर्देश**

- छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें
- प्रशासन छठ घाटों पर सारी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह रहें मुस्तैद
- ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाये रखें

### मुख्यमंत्री ने महापर्व छठ की दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोक आस्था का यह महापर्व आत्मानुशासन का पर्व है, जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर भगवान भास्कर से राज्य की प्रगति, सुख, समृद्धि, शांति और सौहार्द्र के लिये प्रार्थना की है तथा राज्यवासियों से अपील की है कि वे इस महापर्व को मिल-जुलकर आपसी प्रेम, पारस्परिक सद्भाव और शांति के साथ मनायें।

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर जेपी सेतु घाट, दीघा गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, छठ व्रतियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि कल से छठ महापर्व की शुरूआत हो रही है। प्रशासन छठ घाटों पर सारी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोई कोताही न हो। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिये आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाये रखें।

**सीएम ने गंगा उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन**

छठ घाट के निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु घाट, दीघा गंगा घाट पर आयोजित गंगा उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, पटना की मेयर सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा एवं पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेश परासर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के अल्मोड़ा में चालक के नियंत्रण खोने से हुआ भयावह हादसा

# 200 मीटर खाई में गिरी बस, 36 यात्रियों की मौत



**43 सीटर बस पर 42 यात्री थे सवार, घायलों को कराया गया एयरलिफ्ट**

प्रात : किरण

अल्मोड़ा/एजेंसी। पहाड़ की वादियों को देखते हुए उत्तरखंड के अल्मोड़ा में बस से 42 यात्री जा रहे थे। लेकिन अभी सफर को 30 मिनट ही हुए थे कि अचानक ही बस में एक झटका लगा। ड्राइवर का वाहन से संतुलन बिगड़ा और बस 200 मीटर खाई में जा गिरी। इस हादसे में 36 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल 3 यात्रियों को एयरलिफ्ट कराया गया। अल्मोड़ा में किनाथ जगह है। यहां से बस यात्रियों को लेकर रामनगर जा रही थी। किनाथ से रामनगर की दूरी लगभग 54 किमी है। लेकिन पहाड़ी रास्ता होने की वजह से बस चालक यात्रा को लगभग दो घंटे में पूरी करते हैं। किनाथ से 42 यात्रियों को बैठाकर बस माचुर्ला पहुंची। इसी बीच, अंदर बैठे बस यात्रियों को एक झटका लगा और बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

**राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी :**

हादसे की जानकारी राहगीरों ने तत्काल पुलिस को दी। स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी। बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों का रेस्क्यू किया। हालांकि, अब भी बस खाई में ही पड़ी है। एक अधिकारी ने बताया कि बस को खाई से बाहर निकाला जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस ने खाई में कई गुलाटियां मारीं। हादसे के बाद बस पलट गई थी। बस के टायर ऊपर हो गए थे। बस छत के बल पर टिकी हुई थी। जहां ये हादसा हुआ, वहीं पास से एक छोटी नदी भी गुजरती है। अभी नदी में पानी घुटने भर ही था। राहगीर नदी से होते हुए घटनास्थल पर पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस यात्रियों से भरी थी। लेकिन हादसे के बाद उसमें से कुछ ही लोगों की आवाज आ रही थी। कुछ लोग कराह रहे थे। बचाव दल ने बस से यात्रियों को बाहर निकाला, जिनमें से 22 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, वहीं 14 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

गढ़वाल मोटर ओनर एसोसिएशन किनाथ-रामनगर रूट पर लोकल यात्रियों के लिए कुछ बसों को संचालित करता है, जिनमें से एक बस यह भी थी। इस बीच, सुबह आठ बजे बस हादसे की शिकार हो गई। यब बस 43 सीटर थी।

### राष्ट्रपति व पीएम ने हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि यह खबर हृदय विदारक है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल्मोड़ा में सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार पीएम मोदी ने अल्मोड़ा में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है, उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, मैं उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करता हूं। हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त कार्रवाई करते हुए पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम धामी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।

# उच्चतम न्यायालय बिहार में पुल ढहने की घटनाओं से संबंधित याचिका को सूचीबद्ध करने पर करेगा विचार

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने की सहमति व्यक्त की, जिसमें बिहार में हाल के महीनों में कई पुलों के ढह जाने के बाद उनकी सुरक्षा और उनके स्थायित्व को लेकर चिंता जतायी गयी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस साल 29 जुलाई को जनहित याचिका पर बिहार सरकार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं अन्य संबंधित निकायों से जवाब मांगा था। सोमवार को याचिकाकर्ता के वकील ब्रजेश सिंह ने सुनवाई के लिए इस अर्जी का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं इस पर गौर करूंगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने जानना चाहा कि क्या इस संबंध में उनके कार्यालय को एक ई-मेल भेजा गया है। इस जनहित याचिका में संरचनात्मक ऑडिट करने तथा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जो अपने निष्कर्षों के आधार पर उन पुलों की पहचान करेगी जिन्हें या तो मजबूत किया जा सकता है या ध्वस्त किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार एवं एनएचएआई के अलावा सड़क निर्माण विभाग के अवर मुख्य सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और ग्रामीण कार्य विभाग के अवर मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किया है। इस साल मई, जून और जुलाई के दौरान बिहार के सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पुल ढहने की दस घटनाएं सामने आईं। कई लोगों का दावा है कि भारी बारिश के कारण ये घटनाएं हुईं। जनहित याचिका में मानसून के दौरान बिहार में आमतौर पर भारी वर्षा होने और बाढ़ आने के मद्देनजर पुलों की सुरक्षा एवं उनके स्थायित्व को लेकर चिंता प्रकट की गयी है। याचिका में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार पुलों की वास्तविक समय पर निगरानी की मांग भी की गयी है।

## पीएम मोदी 13 नवंबर को करेंगे दरभंगा एम्स का शिलान्यास

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को दरभंगा में शोभन बाईपास के पास एम्स का शिलान्यास करेंगे। उक्त जानकारी सूबे के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने दी है। श्री पांडेय ने कहा कि संपूर्ण बिहारवासी समेत दरभंगा व मिथिलांचल की जनता पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आभारी है, जिनके प्रयासों से दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है। आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दरभंगा में शोभन बाईपास के पास एम्स का कायारंभ करेंगे। जिसमें भारत सरकार एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्रिगण सहित सांसद विधायकगण उपस्थित रहेंगे। दरभंगा में लगभग 189 एकड़ की जमीन पर एम्स का निर्माण होना है। जो 189 एकड़ जमीन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग को दी जा चुकी है। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले माह बिहार दौरे पर आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी एम्स निर्माण की जमीन का अवलोकन करके गए थें। दरभंगा में एम्स का निर्माण लगभग 1700 करोड़ की राशि से होने वाली है। जिसके लिए पीएम मोदी व मुख्यमंत्री के प्रति हम सभी बिहारवासी आभारी हैं। केंद्र व राज्य सरकार की कोशिश रही है कि बिहार में उच्च गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सेवाएं मुहैया हो।

**संबोधन** झारखंड में बोलें पीएम, भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की बनानी है सरकार

# रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार : मोदी

प्रात : किरण



गढ़वा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है। मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। झारखंड के हर गरीब के पास पक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है। संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए समर्पित

मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही है

### झारखंड का बड़े दुश्मन हैं झामुमो-कांग्रेस-राजद

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस की ये अनाप-शनाप घोषणाएं राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है-परिवारवाद। झामुमो-कांग्रेस-राजद, ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। मोदी ने कहा कि झारखंड में हमने 16 लाख गरीबों के घर बनाए। ये घर एससी-एसटी और ओबीसी को मिले, जिनके पास पक्का घर नहीं था।


बिहार सरकार

वाणिज्य-कर विभाग

**करदाता शिकायत निवारण अभियान**

**वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारी करेंगे करदाताओं की शिकायतों का निपटारा**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय स्तर पर | प्रत्येक माह का प्रथम मंगलवार<br>पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01:00 बजे तक<br>स्थान :- कर भवन, बीर चन्द पटेल पथ, बिहार, पटना। |
| प्रमंडल स्तर पर | प्रत्येक माह का द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार<br>पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01:00 बजे तक<br>स्थान :- राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) का कार्यालय |
| अंचल स्तर पर | प्रत्येक माह का द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार<br>पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01:00 बजे तक<br>स्थान :- स्थानीय अंचल कार्यालय, वाणिज्य-कर विभाग |

करदाता इन शिविरों में उपस्थित होकर

अथवा

ई-मेल के द्वारा भी अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

Mail Id - ctdbihargrievances@gmail.com

राज्य-कर आयुक्त-सह-सचिव, बिहार, पटना

PR No.- 011982 (Commercial Tax)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त भगवान की पूजा

फतुहा। शहर में देवीचक स्थित मल्टी प्वाइंट साइंस क्लब परिसर में कायस्थों ने धूमधाम से चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना की। इस दरम्यान कायस्थों ने कलम दवात की भी पूजा की तथा लेखनी के देव चित्रगुप्त से सुखद जीवन की कामना की। इसके अलावे फतुहा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में भी रहने वाले कायस्थों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। इस मौके पर बबन प्रसाद सिन्हा, विनय कुमार वर्मा, मयंक कुमार, शशांक कुमार, किशन कुमार, महेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, सूर्यदेव कुमार, शिवशंकर कुमार समेत कायस्थ समाज के कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सांसद शांभवी चौधरी से मिलकर फतुहा के विकास पर किया चर्चा

फतुहा। सोमवार को लोजपा (रा.) के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने समस्तीपुर के सांसद शांभवी चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात किया। रंजीत यादव ने ट्रेनों का ठहराव, सड़क, फतुहा को अनुमंडल बनाने, रेफरल अस्पताल बनाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलने के लिए प्ले ग्राउंड, पार्क सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर फतुहा के विकास के लिए सांसद शांभवी चौधरी से मदद के लिए आग्रह किया। वहीं रंजीत यादव ने बताया कि सांसद शांभवी चौधरी ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### सभी घाटों पर तैनात रहेंगे सिविल डिफेंस के वार्डन

पटना सिटी (प्राकि)। छठ पूजा को लेकर नहाय-खाय, खरना, पहला अर्घ्य एवं पारण चार दिवसीय पर्व को लेकर सिविल डिफेंस के वार्डन सभी घाटों पर तैनात रहेंगे। लॉ कालेज घाट, बालू घाट, घघा घाट, रौशन घाट, चौधरी टोला घाट, गायघाट एवं भद्र घाट से लेकर दीदारगंज घाट पर चार दिनों तक सिविल डिफेंस के वार्डन तैनात रहेंगे। सभी घाटों पर भीड़ को नियंत्रित करने, विच टॉवर एवं घाटों पर बने नियंत्रण कक्ष पर वार्डन तैनात रहेंगे। वार्डन गणेश कुमार, प्रकाश कुमार, राम कुमार, प्रवीण प्रीतम, मनोहर सिंह, तबस्सुम परवीन, विजय कुमार सिंह, मो नेयाज, अंशु देवी, डॉ राजीव गंगौल एवं जय प्रकाश त्रिवेदी सभी घाटों पर उपस्थित रहेंगे।

### नहाय-खाय में इस्तेमाल होने वाला अगस्त फूल हजार रु किलो

पटना सिटी (प्राकि)। छठ पर्व पर इस्तेमाल किया जाने वाला अगस्त फूल इस बार सर चढ़कर बोल रहा है। इसके विक्रेताओं का कहना है कि दशहरा में हुई बारिश और तेज हवा के कारण फूल अधिकांशतः गिर चुका था। इसलिए इस बार इसकी कमी है। गुलजारबाग, चौकशिकारपुर नालापर, खाजेकलां, मोर्चा रोड, बोरी दास की भट्ठी से लेकर कुम्हरार और त्रिपोलिया के सब्जी मंडियों में अगस्त का फूल 800 से हजार रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है। हालांकि जिनके घर में छठ व्रत हो रहा है, ऐसे लोग रस्म अदायगी के लिए 50 से सौ ग्राम या कुछ अधिक ही ले पा रहे हैं। दरअसल इसके फूल से पतौड़ा बनाया जाता है।

# पहचान, समीक्षा और कार्रवाई से मैटरनल डेथ पर लगेगी लगाम

## मैटरनल डेथ में सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 48 प्वाइंट की और जरूरत

- मैटरनल डेथ की रिपोर्टिंग में पटना शीर्ष तीन जिलों में शामिल
- सूबे में प्रति लाख जीवित जन्म में 118 मैटरनल डेथ के मामले
- मैटरनल डेथ के सर्विलांस के लिए कारणों का पता लगाना जरूरी



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में मैटरनल डेथ में सुधार और सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जोर लगाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग मैटरनल डेथ की पहचान कर उसकी समीक्षा करेगी। समीक्षा में कारणों का पता लगा कर उस पर कार्रवाई की जायेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति में मातृ स्वास्थ्य की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (एसपीओ) डॉ सरिता द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में ये तथ्य उभर कर आये हैं। इस रिपोर्ट में मैटरनल डेथ की गंभीरता को भी प्रदर्शित किया गया है। रिपोर्ट में एसपीओ डॉ सरिता ने बताया है कि मैटरनल डेथ के कारणों का पता लगाने के लिए मैटरनल डेथ सर्विलांस बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें मैटरनल डेथ के वास्तविक आंकड़ों के साथ डेथ के कारणों का पता चलता है। इससे उस स्तर पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। मालूम हो कि जब किसी महिला का गर्भावस्था व प्रसव के उपरांत 42 दिनों के अंदर बिना किसी आकस्मिक कारण के गर्भावस्था या उसके प्रबंधन या उससे बढ़ी वजहों से निधन हो जाता है तो उसे मैटरनल डेथ माना जाता है।

**राज्य में प्रति लाख 118 मैटरनल डेथ के मामले**

मैटरनल डेथ के मामले में बिहार राष्ट्रीय औसत से 48 प्वाइंट पीछे है। एसआरएस 2018-20 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में प्रति लाख जीवित जन्म में 118 मैटरनल डेथ के मामले हैं। जबकि सतत विकास के लक्ष्य के मुताबिक, यह आंकड़ा 70 होना चाहिए। राज्य को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिवर्ष 7 प्वाइंट की गिरावट की जरूरत है। डॉ. सरिता ने रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में सितंबर तक राज्य में कुल 495 मैटरनल डेथ के मामले दर्ज हुए हैं। इसमें से 137 मैटरनल डेथ राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हुए है। मैटरनल डेथ की रिपोर्टिंग में बांका, सुपौल और पटना इस वर्ष अभी तक सबसे अव्वल हैं।

**तीन स्तरों पर मैटरनल डेथ की होगी पहचान**

मैटरनल डेथ की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तीन स्तरों का चयन किया है। इसमें पहला समुदाय, दूसरा एंबुलेंस और तीसरे स्तर के रूप में हॉस्पिटल या फैसिलिटी शामिल है। समुदाय के स्तर पर आशा, जनप्रतिनिधि, सीएचओ या लिंक हेल्थ वर्कर मैटरनल डेथ की जानकारी व कारण बताएँगे। वहीं एम्बुलेंस के स्तर पर एम्बुलेंस टेक्नीशियन या उसमें मौजूद कर्मी और फैसिलिटी या हॉस्पिटल के स्तर पर वहां के मेडिकल ऑफिसर को यह जिम्मेवारी दी गयी है। इस वर्ष 27 प्रतिशत मैटरनल डेथ के मामलों में गंभीर उच्च रक्तचाप/दौरे और उच्च रक्तचाप, प्रसव पूर्व विकार के मामले चिन्हित किये गये हैं।

**जिलों को देनी होगी दैनिक रिपोर्टिंग**

इस रिपोर्ट के अनुसार, मैटरनल डेथ की स्थिति पर काबू पाने के लिए नियमित आधार पर राज्य स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक शुरू की जा रही है। इसके अलावा 104 कॉल सेंटर के सहयोग से व आशा के माध्यम से सभी जिलों में मैटरनल डेथ की दैनिक रिपोर्टिंग को सघन किया जा रहा है। सुमन कार्यक्रम के तहत मैटरनल डेथ की प्रथम जानकारी देने वाले को 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि पहले से ही दी जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय वर्कशॉप व ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी किए जा रहे हैं।

# नवशक्ति निकेतन के क्रीड़ा सचिव एहसान अली सुपुर्द-ए-खाक



- अनेक संस्थाओं से जोड़कर खेल, कला व साहित्य को करते थे प्रोत्साहित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सामाजिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्था नवशक्ति निकेतन के क्रीड़ा सचिव सहकोषाध्यक्ष तथा एमएए हाई स्कूल के अवकाश प्राप्त अध्यापक एहसान अली अशरफ का रविवार को असामयिक निधन हो गया।

संस्था के अध्यक्ष रामाशंकर प्रसाद, महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव, क्रिकेट टीम के कप्तान मुन्ना, पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, नई दिशा परिवार के सचिव राजेश राय, चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष गणेश कुमार सिन्हा, क्रिकेट कोच प्रेम बल्लभ सहाय, राजद नेता मोहम्मद जावेद, कांग्रेसी नेता शरिफ अहमद रंगरेज, पूर्व वार्ड पार्षद बलराम चौधरी सहित अनेक लोगों ने एहसान अली अशरफ के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनके निधन से सामाजिक, सांस्कृतिक खेल जगत में आयी रिक्तता की भरपाई संभव नही दिखती।वह एक नेक इंसान , मिलनसार, मृदुभाषी और लोगों के मददगार थे। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, देवेन्द्र बहादुर माथुर, शायर प्रेम किरण, डॉ आरती कुमारी, डॉ किशोर सिन्हा, प्रभात कुमार धवन, कैलाश बिहारी सिंह, महेंद्र अरोड़ा, ज्ञानवर्धन मिश्र, आसिफ अजीमाबादी, चोंच गयाबी, डॉ निसार अहमद, प्रो शहनाज फातमी सहित अनेक लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। स्व अशरफ जीवनभर कौमी एकता के लिए काम करते रहे। वे शाद अजीमाबदी स्टडी सर्किल के संरक्षक भी थे।

# मंगल तालाब के पूर्वी व पश्चिम छोर का एक-एक सीढ़ी छठ को तैयार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के द्वारा गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर छठ व्रत और श्रद्धालुओं के उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंगल तालाब पर भी छठ के लिए तैयारी की गई है। पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने तालाब का निरीक्षण करने के बाद बताया था कि जलयान की मदद से तालाब के पानी की सफाई कर कचरा और घास-फूस आदि को निकाल दिया गया है। इसके बाद तालाब के पूर्व और पश्चिम की ओर एक-एक सीढ़ी को छठ पर्व के लिए तैयार किया गया है। इसके निमित्त सीढ़ी के उत्तर-दक्षिण में जितनी लंबाई है, उस दूरी में सफाई करने के साथी पानी की गहराई में बेरिकेडिंग कराया गया है। लाइट की व्यवस्था की गई है। यह सब काम लगभग हो चुका है। हालांकि सीढ़ी की ओर लोगों को आने और जाने के लिए संकरा रास्ता है। पूरब की ओर से बिहार हितैषी पुस्तकालय से होते हुए सामने वाले रास्ते के पास घाट नहीं बनाया गया है। हालांकि तब बताया गया था कि पूरब में दो और पश्चिम में एक सीढ़ी जितनी लंबाई में है, उस पर छठ पर्व के बाबत व्रती और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए इंतजाम किया जाएगा। मगर दोनों ओर एक-एक सीढ़ी को उपयोग के लायक बनाया गया है। हालांकि इसके पूर्व भी मंगल तालाब पर छठ का आयोजन किया जाता रहा है। श्रद्धालु यहां अर्घ्य देने पहुंचे भी हैं। व्रती भी पानी में खड़ी हुई हैं और सूर्य उपासना भी की हैं। इसके पूर्व पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा और महासचिव संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में गायत्री परिवार की ओर से तालाब के पानी में गंगाजल, गाय का दूध गुलाब जल, केवड़ा, इत्र, तुलसी दल आदि मंत्रों के बीच डाल कर पानी का शुद्धिकरण भी किया गया था। मगर व्रती और श्रद्धालु तैयारी जिस तरह की की गई थी, उस संख्या में नहीं पहुंच पाईं।इस बार देखना होगा की व्रती यदि पहुंचती हैं, तो निश्चित तौर पर उनके साथ परिवार के सदस्य और पड़ोसी भी साथ में होंगे।

# दीरापर अवैध पार्किंग जारी, सनहा व जुमार्ना के बाद भी स्थिति पूर्ववत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब दीरापर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत और एनआरआई बिल्डिंग के पास बेरोकटोक चार पहिया वाहनों का पार्किंग जारी है। दीपावली के दिन 31 अक्टूबर को हरिमंदिर गली में खिलौने की दुकान में आग लगने के बाद फायर के गाड़ी को पहुंचने में इन अवैध रूप से पार्क वाहनों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा था। इससे अग्निशमन को पहुंच कर अपनी कार्रवाई शुरू करने में देर भी हुई थी। इस बात के संज्ञान में आने के बाद डीएसपी डॉ गौरव कुमार के निर्देश पर अवैध पार्किंग किए वाहन के चालक और स्वामी पर चौक थाना में सनहा दर्ज किया गया। यही नहीं, अवैध रूप से खड़े वाहनों पर जुमार्ना भी किया गया। इसके बाद भी हम नहीं सुधरेंगे की स्थिति जारी है। दरअसल यहां देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर विदेश से आने वाली संगतो को घूमने, उन्हें एयरपोर्ट व स्टेशन पहुंचाने के लिए चार पहिया वाहन यहां खड़ा रहता है। हालांकि कायदे से ऐसे वाहनों पर कामर्शियल यानी पीला रंग का नंबर प्लेट लगा होना चाहिए, मगर इस नियम की भी धज्जी उड़ाई जा रही है। डीएसपी की कार्रवाई के बाद भी दीरापर एनआरआई बिल्डिंग के पास चार पहिया वाहनों का रोड के दोनों ओर पार्किंग बेरोकटोक जारी है। सोमवार मध्याह्न में भी करीब दर्जन भर चार पहिया गाड़ी खड़ा देखा गया। हालांकि चौक थाना के बाइक से गश्त करने वाले एक जवान ने कहा कि उन्होंने खुद डीएसपी सर को इन अवैध चार पहिया वाहनों के पार्क होने की तस्वीर सोमवार को उनके व्हाट्सअप पर कार्रवाई के बाबत भेजा है।

# संतरा व सेब की कीमत में अचानक उछाल, नारियल के रेट में भी एक-दो रुपए की वृद्धि

पटना सिटी/आनंद केसरी



छठ पूजा को लेकर इस बार फलों की आमद बेहतर है, मगर महंगाई का असर सीधा देखा जा रहा है। केला से लेकर से संतरा में अचानक कीमत में उछाल आया है। बिहार का गगरा नींबू यानी बिहार का उत्पादन इस बार कम है। हाजीपुर का केला का आमद भी मुसल्लहपुर बाजार समिति में नहीं के बराबर है। इस बार लोगों को दक्षिण भारत और पार्वती से आया केला से ही छठ पर्व मनाना होगा। केला मंडी के वरुण कुमार बताते हैं कि इस बार हुई बारिश और आंधी के कारण केले की फसल को वैशाली जिला में नुकसान हुआ है। अधिकांश जो पैदावार था, वह लोग उसी तरफ से बेच दिए या बेच रहे हैं। मुसल्लहपुर बाजार समिति में हाजीपुर का केला नहीं है। यहां तमिलनाडु का केला आया है। इस बार तमिलनाडु का केला 350 से 500 रुपया प्रति घौद सोमवार तक बेचा गया है, मगर संभावना है कि कल शाम से इसमें तेजी आ जाएगी। कारण कि कुछ ट्रक रास्ते में है और जाम में फंसा होने के कारण उसके बाजार समिति में यदि प्रवेश में मुश्किल हुआ, तो कीमत में उछाल संभव है। वहीं पार्वती का केला 250 से 400 रुपया प्रति घौद तक बिक रहा है। बेहतर घौद 350 से 450 तक में उपलब्ध है। सेब के कारोबारिया भुट्टो खान का कहना है कि इस बार सेब का आवक भी बेहतर है। सेब में डेयलिशियस और अमेरिकन 1100 से 1500 रुपया प्रति बक्सा की दर से बिक रहा है। अमेरिकन आठ किलो का बक्सा 500 से 650 रुपया में बिक रहा है। संतरा की बात करें, तो यह थोक में 33 से 40 रुपया प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध है। इस बार बिहार का गगरा नींबू की फसल कमजोर है। हालांकि दूसरे शहरों से आया गगरा नींबू भी उपलब्ध है। गगरा नींबू 40 पीस का बोरा 500 से 700 प्रति बोरा है। छठ को लेकर नारियल की कीमत में भी एक से दो रुपए की वृद्धि देखी जा रही है। नारियल थोक में 26 से 27 रुपए प्रति पीस है। यह बोरा में 40 पीस का पैकेट है। अनार 10 किलो का पैकेट 800 से 1300 रुपया, नाशपाती (22 किलो) का पैकेट 1000 से 1400 बेचा जा रहा है।

# हाजीपुर-पटना को जोड़ने वाला महात्मा गांधी सेतु पर भीषण जाम

## पुरानी बाइपास, एनएच-30 व पटना-मसौढ़ी रोड भी बेहाल



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विभिन्न प्रदेशों और विदेशों से पटना उतरने के बाद उत्तरी बिहार और मध्य बिहार को जाने वाले लोग परेशान हो जा रहे हैं। जितनी परेशानी उन्हें लंबी दूरी का सफर तय कर परेशान नहीं होना पड़ा, उससे कहीं अधिक महात्मा गांधी सेतु, पुरानी बाइपास और पटना-मसौढ़ी रोड को पार करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। दरअसल चार दिवसीय छठ पर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। नतीजतन हर किसी को अपने घर जाने की जल्दी है। एक तरफ ट्रक, टैंकर लॉरी, कामर्शियल वाहन, तो दूसरी ओर बस वाले भी अधिक चक्कर लगाने की होड़ में तेजी से भागने की जुगत में हैं। रही-सही कसर ऑटो और कार वाले निकाल दे रहे हैं। कारण कि यह सभी आगे निकलने की होड़ में ओवरटेक कर ले रहे हैं। इस कारण से जाम और लंबा होता जा रहा है। स्थिति यह है कि जो लोग हाजीपुर की तरफ से आकर राजेंद्रनगर टर्मिनल या पटना जंक्शन से ट्रेन पकड़ना चाह रहे हैं, उनकी ट्रेन छूट जा रही है। वहीं पटना की ओर से जाकर हाजीपुर या सोनपुर से ट्रेन पकड़ने वाले भी जाम में फंस कर पसीने-पसीने हो रहे हैं। दो पहिया वाहन चालक किसी तरीके से गाड़ी को फुटपाथ पर चढ़ा कर आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि गंतव्य तक पहुंचा जा सके। महात्मा गांधी सेतु के जाम रहने का सीधा असर एनएच-30 पर पड़ रहा है। इसके दोनों ओर पूरब और पश्चिम में जाम की स्थिति बन जा रही है। यही स्थिति पटना-मसौढ़ी रोड की भी है। उस ओर से बिहार के विभिन्न हिस्सों के लिए खुलने वाली बसें पैसेंजर लेने के बाद आगे बढ़ाने के लिए परेशान होते हैं। मगर गाड़ियां बमुश्किल रेंग पा रही हैं। हालांकि ट्रैफिक को स्मूथ करने के लिए यातायात के पुलिस पदाधिकारी और जवानों को भी लगाया गया है, मगर यह सब अपने को असहज महसूस कर रहे हैं।

# बंद घर का तालाकाट कर लाखों रुपए ले उड़े चोर

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत खगड़ी रोड का रहने वाला एक व्यक्ति व्यापार के काम से देहरादून गये हुए थे तभी अज्ञात चोर ने ताला काटकर आलमिरा में रखे करीब 10 लाख के सोने चांदी के जेवरात, डेढ़ लाख रुपए नगद व एक स्कूटी की चोरी कर डाली। इसके अलावा मकान के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले किरायेदार का भी बंद घर का ताला काटकर 10 हजार नगद व एक लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। मामला दानापुर थाना अंतर्गत खगड़ी रोड, डिफेंस कॉलोनी मोड़ की है। इस संबंध में व्यापारी संजीव कुमार सिंह व किरायेदार प्रकाश कुमार मंडल ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं चोर की तस्वीर पास के सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित संजीव सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ देहरादून में व्यापार के सिलसिले में गये हुए थे। वे सभी छठ पूजा करने के लिए घर लौट रहे थे। सोमवार की सुबह घर में काम करने वाली दाई ने उन्हे सूचित किया कि घर का ताला टूटा हुआ है। वह आनन फानन में पहुंचे तो देखा कि घर के भीतर कमरे में रखा आलमिरा खुला पड़ा है और सारा सामान कमरे में बिखरा पड़ा है। उन्होने बताया कि आलमिरा में सोने चांदी के करीब 10 लाख के जेवर व डेढ़ लाख रुपए रखे थे, जो नदारत थे। इसके अलावा घर में मौजूद उनका स्कूटी भी गायब है। वहीं संजीव के ऊपरी तल पर रहने वाले किरायेदार प्रकाश कुमार मंडल ने बताया कि वह अपने रूम में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ छठ पर्व मनाने अपने गांव तुलसीपुर, भागलपुर गये थे। यहां से फोन आने पर वह पहुंचे तो पाया कि चोर उनके आलमिरा से 10 हजार रुपए नगद व करीब एक लाख के जेवर की चोरी कर ली है। वहीं पीड़ितों द्वारा पास के घर में मौजूद सीसीटीवी फूटेज देखा तो विगत देर रात एक संदिग्ध व्यक्ती को घर के अंदर जाते दिखा। इस संबंध में स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फूटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ती की पहचान करने व मामले की छानबीन में जुट गई है।

# भागलपुर में 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पर जागरूकता कार्यक्रम

## विधान पार्षद एन के यादव ने किया फिल्म समारोह सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन



- 55 वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित किया जायेगा

प्रात :किरण संवाददाता

भागलपुर/पटना। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) भागलपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भागलपुर के कला केंद्र परिसर में 55वां भारतीय परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद डॉ एन के यादव, चर्चित नाटककार राजेश कुमार, कलाकेंद्र के निदेशक प्रो उदय, सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार, मनोज सिंह और भागलपुर की पूर्व डिप्टी मेयर प्रीति शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर फिल्म पवन, ऑक्सीजन, डॉक्टर बेटियां का टीजर और फगुआ दिखायी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान पार्षद एन के यादव ने कहा कि भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में आयोजित किया जा रहा है। भागलपुर में इसके प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता कार्यकम करना स्वागत योग्य है। फिल्मों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तनों को आम जनता तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के भारत सरकार को धन्यवाद दिया मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी व कथाकार राजेश कुमार ने कहा कि देश भर के छोटे छोटे शहरों में फिल्म समारोह आयोजित कर फिल्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज स्थानीय स्तर पर भी फिल्में बन रहीं हैं और इस दिशा में और पहल होनी चाहिये। पूर्व उपमहापौर प्रीति शेखर ने कहा कि फिल्में हमारे मन मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। फिल्म के माध्यम से कलाकार अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सीबीसी -पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की चर्चा की और बताया कि 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय युवाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित भारतीय फिल्म खंड 2024 के नाम से एक नया खंड स्थापित किया है। वहीं आलय नाट्य समूह के प्रमुख मनोज कुमार ने फिल्म की विधा पर प्रकाश डाला। कला केंद्र व परिधि के निदेशक उदय कुमार ने कहा कि आज मीडिया के रूप में फिल्म स्थापित है । फिल्म के माध्यम से बात रखने से विषय की सम्प्रेषणीयता बढ़ जाती है तथा व्यापक प्रभाव पड़ता है । इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के उपनिदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख संजय कुमार द्वारा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ कलाकार और रंगकर्मी शशि शंकर द्वारा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आलय नाट्य समूह की ओर से शशि, चैतन्य तथा आलोक उपस्थित रहे तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से शमीम अजहर तथा प्रभात कुमार भी उपस्थित थे।

# व्रती व श्रद्धालुओं की सुविधा की व्यवस्था में जुटा है प्रशासन : रविशंकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना सिटी के प्रमुख घाटों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद भद्र घाट से अनेक घाटों के भ्रमण करते हुए कंगन घाट पहुंचे। यहां पहुंचने पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप काश ने उनका स्वागत किया। कहा कि सिख पर्यटकों के दृष्टिकोण से भी यह घाट महत्वपूर्ण है। कंगन घाट पर स्थायी रूप से पेयजल, शौचालय, यूरिनल, लाइटिंग व सज्जा की व्यवस्था जरूरी है। सांसद ने उप विकास आयुक्त समीर सौरभ का इस ओर ध्यान दिलाया। उनके साथ डीडीसी, सिटी एसडीओ सत्यम सहाय, पटना नगर निगम के कार्यपालक अधिकारी आशुतोष कुमार, सेक्टर 15 के प्रभारी राकेश कुमार, जेई नीलकमल गुप्ता, सहायक अभियंता सुमन कुमार पंडित, ध्वनि विस्तारक यंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को दिशा निर्देश दिया।

# भव्य जुलूस के साथ श्री चित्रगुप्त की प्रतिमाओं का हुआ सामुहिक विसर्जन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना में स्थापित श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमाएं सहाय सदन में पहुंची। सभी प्रतिमाओं को सामूहिक विसर्जन यात्रा के लिए आरती उतार कर पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने रवाना किया। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के अलावा आयोजन समिति के प्रो निर्मल श्रीवास्तव, सुजीत वर्मा, अरुण कर्ण सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। सभी प्रतिमाएं अन्नपूर्णा भवन से सहाय सदन और यहां से शहर के विभिन्न मार्गो से होते पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर मे एकत्रित हुईं। यहां महाआरती के बाद एक-एक कर सभी प्रतिमाओं को मंदिर परिसर मे स्थित विसर्जन सरोवर में विधिपूर्वक विसर्जित किया गया। आयोजन के पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने बताया कि उन्होंने श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के अध्यक्ष का दायित्व लेने के बाद मंदिर को देश का भव्य धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने और कलमजीवियों के नवजागरण आंदोलन को सशक्त करने की योजना के तहत पटना में गठित सौ से अधिक पूजा समितियों की श्री चित्रगुप्त प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन को सबकी सहमति से करना शुरू किया। इसकी भव्यता बढ़ी है। ज्ञातव्य है कि 15 वर्ष पूर्व तक सारी प्रतिमाएं अलग-अलग ही विसर्जित होती थीं। फिर स्व रविनंदन सहाय के नेतृत्व में लिए गए निर्णय के बाद गांधी मैदान मे सारी प्रतिमाएं एकत्रित होती थीं, जिन्हें पास स्थित कलेक्टरी घाट में विसर्जन किया जाता था। सभी प्रतिमाओं की आरती नगर विकास एवं विधि मंत्री नितिन नवीन, महापौर सीता साहू आदि के किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। विसर्जन कार्यक्रम में मंत्री नितिन नवीन व मेयर सीता साहू उपस्थित रहे। श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद के साथ ही नवीन कुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, नवल किशोर सिन्हा, अवधेश सिन्हा, सुशील सिन्हा आदि ने विसर्जन प्रबंधन में सहयोग किया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर : पारदर्शिता और उपभोक्ता संतुष्टि के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर

## उपभोक्ताओं के बीच भ्रांतियों को दूर करना प्राथमिकता : पाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य में स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पंकज कुमार पाल ने राज्य में कार्यरत मीटरिंग एजेंसियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। निदेशक ने सभी एजेंसियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

**उपभोक्ता संतुष्टि को प्राथमिकता :**

सीएमडी श्री पाल ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ता संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। स्मार्ट मीटरिंग से संबंधित उपभोक्ताओं के मन में किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को इसके लाभ और तकनीकी पहलुओं के बारे में जागरूक करना चाहिए। हमारी कोशिश है कि उपभोक्ता पूरी तरह से संतुष्ट होकर ही अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगवाएं।

सभी सरकारी भवनों में 30 नवंबर तक स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन पूरा हो




सीएमडी ने निर्देश दिया कि सभी मीटरिंग एजेंसियां स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को इसके कार्यप्रणाली एवं लाभों की जानकारी दें। इसके साथ ही, सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन का कार्य 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। सभी स्मार्ट मीटरों में पुश बटन लगाना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

**अनुबंधित कार्यों की समयबद्धता पर बल :**

मीटिंग में सीएमडी ने एनसीसी एवं हाई प्रिंट नामक दो मीटरिंग एजेंसियों को समय पर कार्य पूरा न करने के कारण सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा, काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एजेंसियों को अपने अनुबंध के अनुसार डीटी मीटर, फीडर मीटर एवं सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट मीटर लगाना सुनिश्चित करना होगा।

**आईसी एक्टिविटी और जागरूकता कार्यक्रम :**

सीएमडी श्री पाल ने निर्देश दिया कि इन्फॉर्मेशन, एजुकेशन और कम्युनिकेशन एक्टिविटी के तहत पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग, माइकिंग, एलईडी स्क्रीन, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता परिसरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदों की जानकारी देने के लिए पंपलेट भी लगाए जाएं। साथ ही, उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए हर सेक्शन में दो कर्मियों के नाम और संपर्क नंबर साझा किए जाएं।

### उपभोक्ताओं की सहायता एवं शिकायत निवारण के लिए व्यवस्था

सीएमडी श्री पाल ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की सहायता के लिए कॉमन सर्विस सेंटर, पंचायत सरकार भवन और पोस्ट ऑफिस में एजेंसियों के कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इन कर्मियों का दायित्व होगा कि वे उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जानकारी देने के साथ स्मार्ट मीटर रिचार्ज में मदद एवं उनकी शिकायतों का समाधान भी करें : समीक्षा बैठक के दौरान सभी मीटरिंग एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे एनर्जी अकाउंटिंग और कंज्यूमर इंडेक्सिंग का कार्य करें तथा अपने क्षेत्र में डीटी मीटर इंस्टॉलेशन का कार्य शीघ्रता से पूरा करें। सीएमडी ने कहा, स्मार्ट मीटरिंग के प्रभावी क्रियान्वयन से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी और बिजली बिलिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

## झारखंड में फिर बनेगी महागठबंधन की सरकार : अखिलेश

पटना। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चार दिवसीय झारखंड दौरे पर गए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दावा किया कि दो तिहाई सीटों पर महागठबंधन मजबूत स्थिति में है और दुबारा हमारा गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। रांची सहित जमशेदपुर और अन्य क्षेत्रों में प्रत्याशियों के पक्ष में लगातार चुनावी कैंपेन कर रहे बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में जो माहौल बना है उसमें झारखंड चुनाव अहम साबित होगा और पूरे देश में इंडिया गठबंधन के लिए यह चुनाव मायने रखेगा। भाजपा के नीतियों के खिलाफ यहां का जनादेश रहने वाला है और झारखंड के मूलनिवासियों पर भाजपा द्वारा बाहरी थोपे जाने के खिलाफ आम झारखंडवासी एकजुट होकर मतदान में हमारा साथ देंगे। झारखंड के विकास के लिए महागठबंधन की सरकार ने लगातार काम किया है जबकि भाजपा ने बाहरी लोगों के हाथों में राज्य की कमान सौंप कर इस प्रदेश के संसाधनों का दोहन किया और इसे दोराहे पर छोड़ दिया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह चार दिवसीय चुनावी दौरे पर झारखंड के कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी और गठबंधन के सहयोगी दलों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

# गांव के चौपाल से शहर तक स्वच्छता मुख्य उद्देश्य : नितिन

### नगर विकास एवं आवास मंत्री ने बिहार का स्वच्छता सॉन्ग किया रिलीज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने जगदेव पथ स्थित बामेती सभागार में स्वच्छता सॉन्ग लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने पटना नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच पीपीई कीट का भी वितरण किया। इस दौरान उनके साथ महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चारवंशी, पटना नगर निगम आयुक्त अनिमेष पराशर भी मौजूद रहे। वहीं, इस संबंध में मंत्री ने कहा कि हमलोगों ने एक स्वच्छता सॉन्ग रिलीज किया है। इस गाने के सहारे हम लोग स्वच्छता की दीप को और रौशन करना चाहते है। हमारा उद्देश्य है कि लोगों के स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता घर कर जाए। गांव के चौपाल से लेकर और शहर की गलियों तक हर जगह स्वच्छता रहे। वहीं, उन्होंने कहा कि छठ पर्व जैसा पावन और स्वच्छ माहौल पूरे



साल रहे इस बात की जिम्मेदारी हमे ही लेनी होगी। हमारे कैंपेन का थीम भी मेरा शहर मेरी जवाबदेही ही है, इसलिए अभियान में जन भागीदारी बेहद जरूरी है।

**सफाई कर्मियों के बीच पीपीई किट का वितरण :**

सफाई कर्मियों को पीपीई किट देने के बाद मंत्री ने कहा कि आप सभी सफाईकर्मी हमारे गर्व है और अपने गर्व को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इसलिए आज हम सभी एकत्रित होकर आपके बीच पीपीई किट का वितरण करने पहुंचे है। ये सिर्फ पीपीई किट नहीं, बल्कि एक सुरक्षा गार्ड है। आप शहर की स्वच्छता की चिंता कीजिये, हम आपकी सुरक्षा की चिंता करते रहेंगे। बिना आपके हमारा छठ पर्व भी अधुरा है। आपके सहयोग से ही पटना चका चक बन पाता है और सभी छठ व्रती सुविधा से घाटों पर छठ पूजा कर पाती है।

# श्रद्धालुओं की अनवरत सेवा करना आसान नहीं : दिलीप

### भाजपा ने कांवरियों की सेवा करने वाले श्रद्धालुओं का किया सम्मान




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आज पटना के रविंद्र भवन में बिहार भाजपा द्वारा कांवरिया सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सुल्तानगंज-देवघर मार्ग पर सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की अनवरत सेवा करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों का सम्मान करते हुए उनके पांव पखारे गए। सम्मान समारोह का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर 10 राज्यों के 159 संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुल्तानगंज-देवघर मार्ग पर एक महीने, डेढ़ महीने तक श्रद्धालुओं की निरंतर सेवा करना आसान नहीं है; यह बहुत साहस का काम है, और यही सच्चे शिवभक्त हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा कि सुल्तानगंज और देवघर के रास्ते के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज स्टेशन का नाम बदलकर अजगैबीनाथ करने का प्रस्ताव है और आशा जताई कि इससे सेवा करने वालों का हौसला बढ़ेगा।

समारोह में बोल बम सेवा शिविर महासंघ के अध्यक्ष शहनुमान प्रसाद, महासंघ के विश्वनाथ भगत, त्रिभुवन कुमार, अनुपम अग्रवाल, सतेंद्र पांडे, तथा बोल बम सेवा समिति के 11 राज्यों से आए सैकड़ों लोग और भाजपा के कई प्रदेश पदाधिकारी, नेता, और कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच संचालन सजल झा ने किया।

**कांवरिया पथ से बड़ा समाजवाद कहीं नहीं दिखेगा : सम्राट**

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह मेला राज्य या राष्ट्रीय स्तर का ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाजवाद कहीं और नहीं दिखता, जहाँ गरीब से लेकर अमीर तक एक ही पोशाक, एक ही नारा और एक ही मकसद झ बाबा का दर्शन झ लेकर आते हैं।

उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर तक की सड़क कभी खराब नहीं होती और उन्होंने प्रधानमंत्री से इसे फोर लेन बनाने की अपील की। उन्होंने नए ट्रैक बनाने का भी आश्वासन दिया।

**शक्ति ही भक्ति का आधार है : विजय**

समारोह को संबोधित करते हुए, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सेवा करने वालों को धन्यवाद देते हुए कहा कि महादेव की भक्ति और शक्ति जिनके अंदर होती है, वे महान होते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सत्य है और हमारी संस्कृति हमें ईश्वर के करीब ले जाती है; सेवा ही शक्ति को प्रदर्शित करती है और शक्ति ही भक्ति का आधार है।

## कानून एवं व्यवस्था के सवाल पर तेजस्वी के आरोप झूठे : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना/दिल्ली। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आपराधिक घटनाओं से जुड़े उनके ताजा ट्वीट पर उन्हें नसीहत दी है कि कुछ भी अनाप सनाप बोलने के पहले एनसीआरबी के 2024 की रिपोर्ट का अध्ययन कर लेना चाहिए जिसमें उच्च अपराध दर के प्रथम दस राज्यों की सूची में बिहार शामिल नहीं है। स्पष्ट है कि आबादी की दृष्टि से दूसरे बड़े राज्य बिहार में उक्त सूची के राज्यों से बिहार के कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर है। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य में पुलिस बल में पर्याप्त नियुक्तियों, आधारभूत संरचना का विस्तार, अनुसंधान की बेहतर गुणवत्ता, आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग एवं स्वयं राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा नियमित मॉनिटरिंग से यह संभव हो रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि क्राइम रेट आपराधिक घटनाओं के निर्धारण के लिए एनसीआरबी का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के बदले हुए सुर की वजह सीधे तौर पर बार बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भविष्य में कभी भी राजद के साथ नहीं जाने की घोषणा से उपजी हताशा है। क्योंकि राजद लगातार कमजोर हो रहा है। लोकसभा चुनाव में फिसड्डी प्रदर्शन की वजह से 2025 विधान सभा चुनाव में पूर्ण सफाये का उन्हें अहसास हो गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य में कानून का शासन बड़े औद्योगिक समूहों को निवेश के लिए प्रेरित कर रहा है। लगातार कारखाने लग रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। इससे लालटेनी संस्कृति के पोषक तत्वों की नींद उड़ रही है।

## तेजस्वी को शिक्षकों की बहाली का पुरा श्रेय लेने का अधिकार : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने राज्य के वरिष्ठ मंत्री द्वारा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर घूसपैठ करके शिक्षक बहाली का श्रेय लेने का आरोप लगाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हकीकत तो यही है कि बिहार में शिक्षकों की बहाली का पुरा श्रेय लेने का एक मात्र अधिकार तेजस्वी यादव को है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में शिक्षक बहाली के नाम पर वर्षो वर्ष तक केवल तमाशा होता रहा। इस बीच कितने टैलेंटेड नौजवानों की उम्र सीमा समाप्त हो गई। शिक्षक बहाली के नाम पर बार-बार नियमावली बदलती रही , आवेदन करने से लेकर परीक्षा लेने तक तिथियां बदलती रही। इतना हीं नहीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी बहाली रोक दी गई। इतना हीं नहीं जब सब कुछ हो गया तो कोई न कोई मामला उलझाकर न्यायालय के माध्यम से बहाली को फंसा दिया गया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जिस प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक की बहाली पर तेजस्वी यादव द्वारा श्रेय लिए जाने पर मंत्री बिफर रहे थे। दरअसल यह तो बिहार में एनडीए सरकार के गठन के समय से हीं लटका हुआ था। 2005 में एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार में कभी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक की बहाली कभी हुई हीं नहीं थी। स्थिति यह हो गई कि अधिकांश विद्यालयों में केवल नियोजित शिक्षक हीं रह गए थे। श्री गगन ने कहा कि बिहार में राजद के साथ महागठबंधन की सरकार बन गई और पूर्व के नियमावली को निरस्त कर नयी नियमावली बनाई गई। जिसके आधार पर 31 मार्च 2024 तक नव चयनित प्रधानाध्यपकों एवं प्रधान शिक्षकों को विधालयों में योगदान देना था। पर भाजपा के साथ जाने के बाद फिर मामले को फंसा दिया गया। और अंतोगत्वा 28 और 29 जून को परीक्षा आयोजित किया गया और चार महीने बाद 1 नवंबर को परीणाम घोषित किया गया। यदि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का दबाव नहीं रहता और वे इसे मुद्दा नहीं बनाते तो अभी भी किसी न किसी बहाने इसे लटका कर हीं रखा जाता। कहा कि तेजस्वी यादव नौकरी का पर्याय बन चुके हैं।

# एनडीए के सामने नहीं टिक पाएगा विपक्ष : उमेश

### बोलें-सरकार के कामों को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाएं



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाह ने सोमवार को बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी मनोरम देवी के पक्ष में जन-संवाद कार्यक्रम कर स्थानीय मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को चुनाव चिन्ह-तीर छाप पर वोट करने की अपील किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मंशा सिर्फ झूठ और अफवाह फैलाकर जनमत हासिल करने की है लेकिन बेलागंज की जनता अब उनके मंसूबों को पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि राजद ने दशकों तक बेलागंज का दोहन और यहाँ की जनता का शोषण किया है। यही वजह है कि विकास की दौड़ में बेलागंज आज काफी पीछे छूट चुका है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार अब विकास और सुशासन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। डबल इंजन की एनडीए सरकार समृद्ध बिहार के सपनों को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए की चट्टानी एकता के सामने विपक्ष कहीं टिक नहीं पाएगा। मोदी-नीतीश की जोड़ी देश व प्रदेश में विकास की प्रतीक है। वहीं, राजद और कांग्रेस की पहचान सिर्फ भ्रष्टाचार से होती है। उन्होंने कहा कि राजद अपनी उपलब्धियों को गिनवाने के बजाए हमारे नेता के कामों पर अपना सियासत चमकाने में जुटा है लेकिन उनका सफेद झूठ अब जनता के सामने बेनकाब हो चुका है, बेलागंज में राजद का दाल नहीं गलेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि आगामी 23 नवंबर को बेलागंज में विनाशकारी ताकत का पतन और विकासवादी ताकत का उदय होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें एक साथ मिलकर एनडीए सरकार के कामों को घर-घर और जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेना है।

## झारखंड में एनडीए की बनने जा रही सरकार : श्रवण

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जमेशदपुर में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एनडीए की मजबूत सरकार बनने जा रही है। मंत्री ने कहा कि जमशेदपुर के डिमना चौक चंद्रवतीनगर, गोपालनगर, सोनारी, सोनारी खुटाडीह सोनारी जीरो, बारीडीह सहित विभिन्न स्थानों पर जमशेदपुर की महान जनता एनडीए प्रत्याशी सरयुग राय को अपना मत देने को काफी उत्साहित है। वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार भारत सरकार के द्वारा झारखंड को मिल रहे केंद्रांस राशि को खर्च तक नहीं कर पा रही है। हर क्षेत्र में सरकार विफल साबित हुई है। गरीबों शोषितों वंचितों का विगत 5 वर्षों में काफी शोषण हुआ है। जनसंपर्क अभियान के क्रम में जनता ने बिहार सरकार के द्वारा चलाई जा रही हर घर नल योजना जल योजना झारखंड में लागू करने की अपील कर रही है। जमशेदपुर पश्चिम की जनता सरयुग राय को भारी बहुमत से जीताने को संकल्प लें चुकी है।

सभी ने कहा कि सरयुग राय हमारे सुख-दुख में हमेशा शरीक होते हैं। वे जमशेदपुर के हित के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं। हम लोग जमशेदपुर के बेटे को उनकी मजदूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा भ्रष्ट दमनकारी शोषणकारी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले सबका साथ और सबका विकास वाले एनडीए सरकार को अपना मत देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस अवसर पर जनसंपर्क अभियान में शैलेन्द्र महतो जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिनयन कुमार जदयू नालन्दा के मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय देव पुष्पराज सिंह अनुप सिंह पटेल उपेन्द्र प्रसाद शिवपुकार सिंह गोपाल कुशवाहा शिवकुमार कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्रतियों के लिए उपलब्ध करा रहा अपनाचक्की सात्विक छठ स्पेशल आटा



पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को सर्वोत्तम पवित्र पर्व माना जाता है। शुद्धता और श्रद्धा के प्रतीक छठ में प्रसाद से लेकर तमाम क्रियाओं में खास सावधानी बरती जाती है। सूर्य की आराधना के इस पर्व में खान-पान, संयम साधना का अनूठा मिश्रण होता है। इसके लिए जरूरी है कि जो भी घर में खाद्य सामग्री बने उसमें शुद्धता हो। पुरानी परंपराओं के अनुसार लोग पूजा करते हैं। इसके लिए आटा चक्की से गेहूं पिसाना और फिर उसी पिसे हुए आटा से प्रसाद खरना के वक्त बनाया जाता है। इसके साथ ही प्रसाद का ठेकुआ भी इसी आटा से बनाया जाता है। छठ व्रतियों के लिए पौराणिक मान्यताओं के निर्वहन को सुगम बनाने के लिए अपनाचक्की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृहद पैमाने पर छठ स्पेशल आटा (सात्विक आटा) बिहार वासियों को उपलब्ध कराने का अनूठा आयोजन कर रहा है। समर्पित सेवकों द्वारा पूरी निष्ठा, नियम व श्रद्धा भाव से पूर्ण शुद्धता का पालन करते हुए छठ के निमित्त गेंहू की साफ सफाई कर व धो-सुखा कर शुद्ध एवं पारंपरिक चक्कियों में पीस कर छठ सात्विक आटा छठ व्रतियों को उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। विदित हो कि अपनाचक्की विगत पांच वर्षो से अपने नेचुरल व उत्कृष्ट उत्पाद शरबती गेंहू आटा, चना सत्तू , चना दाल बेसन एवं शुद्ध देशी मसाले अभी तक पटना वासियों को उपलब्ध करा रहा है। इन उत्पादों को उपभोग्ताओ से मिले अपार समर्थन के बाद कंपनी हरिनारायण आहार प्राइवेट लिमिटेड अपने ब्रांड अपनाचक्की व अन्य उत्पादों को पूरे बिहारवासियों को उपलब्ध कराने की वृहत योजना रखता है, कंपनी का मूल उद्देश्य अपने सभी उत्पादों को पारंपरिक तरीके से तैयार कर बिना किसी प्रिजर्वेटिव मिलाये उपभोक्ता को उपलब्ध कराना है।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना**
**जल संसाधन विभाग, पटना**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0—27 वर्ष 2024—25**

सिंचाई भवन, हार्डिंग रोड, पटना के अधीन प्रथम तल पर स्थित Conference Hall के मरम्मति कार्य हेतु निबंधित संवेदक / आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

यह कोटेशन दिनांक—13.11.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :—

Name of Work – **Repairing and Makeover of Conference hall at first floor sinchai bhawan, Patna.**

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं मोबाईल संख्या—9308636962 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**इसे विस्तृत रूप में बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।**

**कार्यपालक अभियंता**
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना

PR. No. 11857 (WRD) 2024-25

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# बटोहिया ने राष्ट्रीय-बोध कराया और फिरंगिया ने क्रांति को ज्वाला दी

### साहित्य सम्मेलन ने बाबू रघुवीर नारायण और प्रो मनोरंजन प्रसाद सिन्हा के साथ पण्डित मोहनलाल महतो वियोगी को किया श्रद्धापूर्वक स्मरण महाकवि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत के संपूर्ण आंतरिक सौंदर्य और आध्यात्मिक-ऊर्जा से परिचय कराने वाला, अमर कवि बाबू रघुवीर नारायण का गीत बटोहिया ने संपूर्ण जगत को भारतीय-दिव्यता से परिचय कराया ही, भारत को उसका राष्ट्रीय-बोध भी कराया। वहीं बटोहिया के तर्ज.पर ही लिखा गया प्राचार्य मनोरंजन प्रसाद सिन्हा का अमर गीत फिरंगिया ने राष्ट्रीय-आंदोलन में क्रांति को ज्वाला दी। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता कर्ते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। सम्मेलन सभागार में राष्ट्रीय-चेतना के



इन दोनों अमर-गीतों के शब्द-कार बाबू रघुवीर नारायण और प्राचार्य मनोरंजन प्रसाद सिन्हा के साथ सम्मेलन के अध्यक्ष रहे महकवि पण्डित मोहनलाल महतो वियोगी की जयन्ती मनायी गयी और उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए, काव्यांजलि दी गयी। डा सुलभ ने कहा कि एक भी महान और लोकप्रिय रचना किसी व्यक्ति को साहित्य-संसार में अमर कर सकती है, बटोहिया गीत और बाबू रघुवीर नारायण इसके उज्ज्वल उदाहरण हैं। सुंदर सुभूमि भैया भारत के देसबा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया जैसी प्राण-प्रवाही और मर्म-स्पर्शी लिखने वाले बाबू रघुवीर नारायण भोजपुरी और हिन्दी के एक महान कवि ही नहीं एक वलिदानी देश-भक्त और स्वतंत्रता सेनानी भी थे। डा सुलभ ने कहा कि बटोहिया की तरह फिरंगिया भी स्वतंत्रता सेनानियों की जिह्वा पर रहा। यह गीत भारतीयों पर अंग्रेजों के अत्याचार की मार्मिक कहानी प्रस्तुत करता है, जिसे सुना-सुनाकर क्रांति की ज्वाला भड़काई जाती थी। महाकवि वियोगी को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि वियोगी जी वैदिक-साहित्य के गहरे अध्येता थे। इसीलिए उनके काव्य-साहित्य में प्राच्य-साहित्य का सुंदर आख्यान मिलता है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने बटोहिया-गीत का सस्वर पाठ कर बाबू रघुवीर नारायण को भावांजलि दी। बाबू रघुवीर नारायण के पौत्र प्रताप नारायण ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबुद्ध लोगों के बीच आज भी यह चर्चा का विषय है कि रघुवीर बाबू एक बड़े कवि थे या एक संत। वे एक अत्यंत सरल और निश्छल व्यक्ति थे। वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह तथा सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। इस अवसर पर कवियों और कवयित्रियों ने अपने प्रभावशाली काव्य-पाठ से कवि-सम्मेलन को रसपूर्ण बनाया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग**
बुद्धमार्ग, पटना—800001
***(ee.patna.bcd@gmail.com)***
अल्पकालीन ई0—निविदा आमंत्रण सूचना सं0—15 / प.भ.प्र. / 2024—25( ***single Bid***)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना |
| 2. | निविदा आमंत्रित करने की तिथि | : | दिनांक **29-10-2024** |
| 3. | निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांक –**16-11-2024** से **05-12-2024** के **15.00** बजे तक। |
| 4. | निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांक – **06-12-2024** के **15.00** बजे तक। |
| 5. | प्री—बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | | अधीक्षण अभियंता (पटना), पटना के कार्यालय कक्ष दिनांक – **26-11-2024** के **15.00** बजे। |
| 7. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक –**10-12-2024** को **15.30** बजे |
| 8 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | : | तकनीकी बीड निष्पादन उपरान्त |
| 9 | **निविदा वैधता की तिथि** | : | **120 दिन** |
| 10. | निविदा पत्र बिक्री का स्थान | | केवल वेबसाइट **www.** e-proc 2**.bihar.gov.in** |
| 11 | कार्य का विवरण | | |

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | BID Processing Charge + Service Tax | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Fire fighting in Civil Court, Patna., Patna for the year 2024-25 | 35.276 | 70600.00 | 5000.00 | as per eproc-2 | four month |

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 011753 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट की घटना में दो जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के अजना पंचायत के बाकीपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी हुए। परिजनों के सहयोग से दोनों जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां जख्मी की पहचान गांव के ही पुलकीत राय के 45 वर्षीय पुत्र दिनेश राय व पत्नी 42 वर्षीय भूखली देवी के रूप में की गई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### छठ महापर्व को लेकर दरभंगा शहर ट्रैफिक रूट का हुआ प्लान निर्धारित

दरभंगा(आससे)। माहा आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर दरभंगा शहरी क्षेत्र,लहेरियासराय एवं विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों पर काफी भीड़-भाड़ होने की संभावना रहती है। इस अवसर पर दरभंगा शहर के निवासियों की सुविधा हेतु शहरी क्षेत्र अंतर्गत भीड़-भाड़ एवं जाम की समस्या से निजात हेतु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए रूट एवं ट्रैफिक प्लान निर्धारित किया गया है। विकास कुमार अनुमंडल पदाधिकारी दरभंगा ने कहा कि 06 एवं 07 नवम्बर को रहेगा प्रतिबंधित।चट्टी चौक से लहेरियासराय आने वाले वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे।पण्डासराय रेलवे गुमटी से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पुर्णतः बंद रहेंगे।एकमी घाट से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे।लोहिया चौक से बाकरगंज एवं पण्डासराय की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है।दारू भट्ठी चौक से बाकरगंज की ओर केवल पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है। अन्य वाहन जीएन गंज से कॉमर्शियल चौक की ओर स्वतः मुड़ जाएँगे।नाका नं 6 से जिला स्कूल की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।बेला मोड़ से भण्डार चौक की ओर जाने वाले मार्ग में पूजा से सम्बंधित दो पहिया वाहनो के अतिरिक्त अन्य वाहनों का परिगमण पुर्णतः बाधित रहेगा।भण्डार चौक से ओवर ब्रीज की ओर जाने वाले मार्ग पर कॉर्मशियल वाहन पूर्णतः बाधित रहेंगें।रेलवे स्टेशन से हराही पोखर,विद्या मन्दिर की ओर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।रेलवे स्टेशन से मिजार्पुर चौक होते हुए वाहनों की निकासी की जाएगी।डेनवी रोड से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।कर्बला से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच फायरिंग, मारपीट एक घायल

दरभंगा।श्राद्ध के तेरहवीं की भोज में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक अधेड़ बुरी तरह जख्मी हो गया। इस दौरान फायरिंग होने से भगदड़ मचने और तीन-चार लोगों के चोटिल होने की बात भी सूचना है। घटना रविवार देर रात नगर थाना क्षेत्र के जीतूगाछी रामबाग फुलवारी मोहल्ले में हुई है। जख्मी लहेरियासराय थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार नीम चौक निवासी स्वर्गीय रामनारायण ठाकुर के पुत्र उमाशंकर शर्मा (52) हैं। बताया जाता है कि उमाशंकर शर्मा और लहेरियासराय के बीबीपाकड़ मुहल्ला निवासी ललित शर्मा के बीच पुराना भूमि विवाद है। रविवार रात दोनों पक्ष रामबाग फुलवारी निवासी रघुनाथ ठाकुर के मां की तेरहवीं के भोज में पहुंचे। जहां दोनों पक्षों में तू-तू, मैं-मैं, गाली-गलौच होने लगा। जख्मी के भतीजे विकास कुमार ने बताया कि ललित शर्मा ने फोनकर स्थानीय लोगों को बुलाया। जिसके बाद करीब सात युवकों ने पहुंचकर एक राउंड फायरिंग कर दी। जिससे भोज में भगदड़ मच गया। तीन-चार लोग गिरकर चोटिल हो गए। जबकि आरोपियों ने उमाशंकर शर्मा को जमकर पीटा और सिर फटने से वे लहूलुहान हो गए। बताया जाता है कि घटना की सूचना पर नगर थाने की पुलिस दलबल के साथ पहुंची तो आरोपित फरार हो गए।

# छठ घाटों पर विशेष चौकसी बरते सभी पुलिस पदाधिकारी : डीएसपी विपल्व कुमार

## क्राईम मीटिंग में पुलिस पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर सोमवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के कक्ष में डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्ष के साथ मासिक अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीएसपी विपल्व कुमार ने बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि छठ पूजा के मद्देनजर घाटो पर व काली पूजा मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिमा विसर्जन समेत आगामी पर्व त्योहार को ले विशेष चौकसी बरते। छठ व्रतियों व श्रद्धालुओ आम लोगों की सुरक्षा सुविधा प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।छठ घाटों पर पुलिस बलों की तैनाती करने क्षेत्र में अहले सुबह दिवा संध्या रात्रि विशेष सघन गस्ती और वाहन चेकिंग अभियान चलाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधिव्यस्था बनाये रखने और पर्व त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता की जरूरत है अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। कारण क्राइम कंट्रोल तथा शराब धंधेबाजो पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। लंबित कांडो की समीक्षा कर लम्बित कांडों का निष्पादन जल्द करने केसो के संधारण विभिन्न विभागीय कागजातो अभिलेखो की गहन जांच की और समीक्षा करते हुये अभियान के तहत फरार वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यो का निष्पादन करे। आम जनों की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्यस्था और शांति बनाये रखने को ले चौकीदार को भी गस्त लगाने समेत दिशा निर्देश देने। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के तहत कार्यो का निर्वहन करे। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखे। बैको में चेकिग और आसपास भी गस्त लगाये। बैको में बिना कार्यो के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाँच करे। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखने, अपराध नियंत्रण को लेकर वर्षा के कारण सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत रात्रि गश्ती बढ़ाने एसएसबी व नेपाल पुलिस एपीएफ के बॉर्डर क्षेत्र में संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने अफवाह फैलाने और सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक भड़काऊ पोस्ट करने वाले व विधि व्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर कार्रवाई करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। क्राईम सह समीक्षा बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी सह जयनगर थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार लदनिया थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# 13 नवंबर को दरभंगा आएंगे पीएम मोदी, एम्स का करेंगे शिलान्यास : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।13 नवंबर को मिथिला के नव निर्माण की नींव रखी जायेगी। दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स का शिलान्यास कर आठ करोड़ से अधिक मिथिलावासियों के स्वर्णिम भविष्य और ऐतिहासिक विकास का सौगात देंगे। इस पुनीत कार्य के लिए मिथिलावासियों की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व तथा एनडीए सरकार को साधुवाद है। देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस महीने13 नवंबर को दरभंगा एम्स के शिलान्यास संबंधी घोषणा का दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया है तथा इसे साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए एतिहासिक बताया है। सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के हाथो होनेवाले एम्स शिलान्यास कार्यक्रम को सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए कहा कि पीएम मोदी जी और भाजपा ने सदैव मिथिला के सर्वांगीण विकास और मान सम्मान की भावना को स्थापित किया है जिसका ज्वलंत उदाहरण बिहार का दूसरा एम्स का सपना दरभंगा में साकार होने जा रहा है।दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्वीकृति मिलने से लेकर वित्तीय मंजूरी मिलने के बाद जमीन हस्तांतरण में जब विलंब हुआ तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनके आवास पर पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिसका परिणाम हुआ कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद एक सप्ताह के अंदर जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आकर हस्तांतरित जमीन का भौतिक निरीक्षण किया।सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी को नव भारत का आधुनिक विश्वकर्मा बताते हुए कहा मिथिला आदिकाल से ज्ञान और संस्कार की भूमि रही है और इस कार्यक्रम मे पीएम मोदी के आगमन से मिथिला का सम्मान देश स्तर पर महिमामदित होगी ।

# पहले घर पर फेंका था बम, बाद में रास्ते में रोककर जबरन लूटपाट की घटना की

- बदमाशों को हो गई थी पुलिस को दी गई सूचना की जानकारी, गोली फायर कर किया था हत्या का प्रयास

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिलौत में बदमाशों के द्वारा हथियार लहरा कर दहशत फैलाने के मामले में सिलौत के दशरथ नारायण ठाकुर के पुत्र मनोज कुमार ठाकुर के आवेदन पर मुफ्फसिल थाने में पांच बदमाशों को नामजद व 15-20 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में सिलौत हरपुर निजामत के दशरथ राय के पुत्र सोनू कुमार ऊर्फ फुलवा व राहुल कुमार ऊर्फ कट्टो, चकनूर के विनय राय के पुत्र मनीष कुमार एवं धरमपुर के स्व. मो. वकील के पुत्र मो. जावेद को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं एक नामजद अभियुक्त सिलौत हरपुर निजामत के राजेश कुमार उर्फ झम्मा व अन्य अज्ञात बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इनके विरुद्ध जबरन रोकने, ग्रुप के साथ मिलकर संपत्ति को नष्ट करने की धमकी देते हुए चोट पहुंचाने, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि दीपावली की रात पीड़ित मनोज कुमार ठाकुर के घर पर अज्ञात बदमाशों के द्वारा बम फेंक दिया गया था, हालांकि संयोगवश बम विस्फोट नहीं हो सका था। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी छानबीन की थी। शहर से घर वापस आने के दौरान दो नवंबर की रात करीब 10 बजे सोनू कुमार उर्फ फुलवा, राहुल कुमार उर्फ झम्मा व मनीष कुमार ने उन्हें रास्ते में जबरन रोककर उनके साथ लूटपाट की घटना की थी। जिसकी सूचना उन्होंने लिखित रूप से पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस से की गई शिकायत की सूचना बदमाशों को लग गई थी। इसके बाद तीन नवंबर को सिलौत दुर्गा स्थान के पास पिस्तौल से लैस नामजद सभी आरोपियों व अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से उनके ऊपर गोली भी फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। घटना के दौरान शोर-शराबे को सुनकर जुटे ग्रामीणों ने चार बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि सभी बदमाश एक टीम बनाकर शराब का धंधा करते हैं और खुलेआम हथियार का प्रदर्शन कर गांव में दहशत फैला कर लोगों से रंगदारी वसूलते हैं। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# स्थानीय प्रशासन के प्रयास से सड़क हुआ अतिक्रमण मुक्त



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के बैगन चौक के समीप वर्षों से लग रही अवैध सब्जी मंडी को अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार एवं थाना अध्यक्ष की चेतावनी पर सोमवार को सड़क पर लग रही सब्जी मंडी को हटा देने की बात अंचल पदाधिकारी ने बताई। उन्होंने आगे बताया कि किसानों के सब्जी बिक्री को लेकर मुख्य सड़क के सिंघिया चौक के एक किसान के निजी जमीन पर लगाया गया। बताया गया है कि सब्जी मंडी को लेकर सड़क काफी संकीर्ण हो गई थी। जिससे यात्रियों को सफर करने वाले वाहन गाड़ी से लेकर आम आदमी तक को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इतना ही नहीं दरभंगा मेडिकल कॉलेज दरभंगा एयरपोर्ट जाने वाले बीमारियों सहित यात्रियों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। वहीं दूसरी ओर बैगन चौक के समीप के स्थानीय गांव के युवक सड़क के किनारे लग रहे पुराने हाट को ग्रामीणों के सड़क के किनारे निजी जमीन पर लगाने की तैयारी चल रही।

# योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा चयनित संस्था जन जागरण युवा समिति मधुबनी तथा संगीत एवं ललित कला समिति मधुबनी द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय मधुबनी के तत्वाधान में श्रम संसाधन विभाग के योजनाओ पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोज किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा श्रमिकों का पंजीकरण कराया जा रहा है । पंजीकृत श्रमिकों को दुर्घटना या मृत्यु होने पर राशि प्रदान की जाएगी तथा श्रमिको को पेंशन भी प्रदान की जाएगी। श्रमिको को पंजीकरण के लिए आधार कार्ड फोटो बैंक पासबुक एवं 90 दिन किए गए काम स्वलिखित प्रमाण पत्र निबंधन के समय देना होगा। आज बेनीपट्टी बाजार के निकट एवं ऊंचेट शक्तिपीठ के निकट नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें कलाकार के रूप में रागिनी झा निशांत कुमार रूपांजलि कुमारी मनजीत गुप्ता संजीव कुमार अवध कपड़ी गोपाल कपड़ी संतोष यादव शहित 10 कलाकारो ने अपनी कला के माध्यम से लोगों को जागरूक किया ।वहीं दूसरी ओर आज फूलपरास प्रखंड के निकट एवं फूलपरास बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकार के रूप में स्वाति कुमारी मनोज राम रमेश राम अघनु दास अनिल कुमार राजू कुमार चौधरी मृत्युंजय शाह विकास कुमार निभा झा 10 कलाकार शामिल हुए । कलाकारों ने गीत संगीत एवं नाटक के माध्यम से श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाए जा रहा है योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होने बताया कि विभिन्न स्थानों पर 6 नवंबर24 तक नाटक आयोजित किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा श्रमिको का पंजीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही श्रम संसाधन विभाग के कई योजनाओ की जानकारी नुक्कड़ नाटक गीत संगीत के माध्यम से दी जा रही है । संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम का मॉनिटर भी किया जा रहा है।

# सदर एसडीओ दिलीप कुमार के छापेमारी कार्रवाई से मचा हड़कंप



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी लोक आस्था का महान छठ पर्व के मद्दे नजर खाद्य सुरक्षा में मिलावट की रोकथाम को लेकर समस्तीपुर शहर के मुख्य बाजार के सभी आलू प्याज लहसुन के गोदाम पर एवं अन्य जनरल स्टोर के मुख्य विक्रेताओं के यहां गुड़, सत्तू, बेसन, सरसों तेल, देसी घी इत्यादि पर छापामारी कर सैंपल लिया गया। सदर एसडीओ दिलीप कुमार के नेतृत्व में एवं साथ में खाद्य निरीक्षक तपेश्वरी सिंह के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई है। उन्होने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर मिलावटी खाद्य समाग्री के विरुद्ध ये कार्रवाई की गई है। उन्होने बताया कि लगातार मिलावटी खाद्य समाग्री की मिल रही शिकायतों को लेकर ये अभियान चलाया गया है व आगे भी अभियान चलाया जाएगा। वहीं इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों मे हड़कंप मच गया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में शिविर के माध्यम से मरीजों को किया जाता है मुफ्त स्वास्थ्य सेवा : डॉ.अशोक सिंह

प्रात : किरण संवाददाता




सिंहवाड़ा(दरभंगा)।स्वामी विवेकानंद मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पीटल मब्बी व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर पैगंबरपुर टैलेंट जोन पब्लिक में सोमवार को किया गया। स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में कैंप के माध्यम स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व मरीजों को मुफ्त इलाज करने के उद्देश्य से यह आयोजन सप्ताह में प्रत्येक रविवार को जगह-जगह किया जाता है।शिविर के माध्यम से ब्लड, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे,दवा की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।असाध्य रोगी को कैंप में पंजीकृत होने के बाद सर्जरी की मुफ्त सुविधा प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा आर बी खेतान ने कहा जीवन अनमोल है ।स्वास्थ्य के प्रति सजगता रखना सभी का कर्तव्य है।शिविर में सभी प्रकार के रोगियों की समुचित प्रबंध रहता है।कैंसर अस्पताल के निदेशक डा शमसे आलम, डा. अपराजिता, डा शिवेन्द्र, जीतेन्द्र कुमार ,आशीष शराफ सहित सभी आगत अतिथि का पाग चादर व पुष्प से टैलेंट जोन पब्लिक स्कूल के निदेशक हामिद मुजफ्फर चाँद ने सम्मानित किया।कहा लगभग 250 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, बी पी, शुगर, ई सी जी का मुफ्त जाँच के साथ आवश्यक दवा का लाभ प्रदान किया है।मौके पर कटासा,पैगंबरपुर, कठहलिया,भवानीपुर, सिंहवाड़ा की महिला पुरूष व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त परामर्श चिकित्सक की टीम की ओर से दिया गया।

# डीएम के अध्यक्षता में जिला खेल महोत्सव की सफलता के लिए हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला खेल महोत्सव के आयोजन हेतु एक बैठक जिलाधिकारी सह अध्यक्ष जिला खेल संघ दरभंगा राजीव रौशन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी जिला स्तरीय जिला खेल महोत्सव 2024 की तैयारी तथा उसकी तिथि एवं व्यवस्थित कार्यक्रम की रूपरेखा का विवरण दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने पूर्व से निर्धारित तिथि में बदलाव कर इसे 15 नवंबर से 18 नवंबर तक करने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजन समिति, खेल समिति एवं विभिन्न खेल विधाओं की दृष्टि से उसकी कार्यकारणी बनाने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिया।जिला खेल संघ दरभंगा के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस जिला खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो खो, शतरंज, बैडमिंटन, टेनिस बॉल क्रिकेट एवं कुश्ती में बालक एवं बालिका टीम को सम्मिलित होना है।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से साइकलिंग एसोसिएशन दरभंगा के सचिव रतीश कुमार को 15 नवंबर को प्रातः 7 बजे खेल महोत्सव की जागृति एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए व्यवस्थित साइकिल जन जागृति रैली आयोजित करने का निर्देश दिया। जिला खेल महोत्सव के लिए आयोजन समिति में जिलाधिकारी दरभंगा अध्यक्ष होंगे।जावेद अनवर कार्यकारी अध्यक्ष ,जितेंद्र कुमार सिंह सचिव, प्रदीप कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव ,नवीन सिंह सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ दरभंगा,अखलाकुर रहमान सचिव जिला कबड्डी संघ दरभंगा, देवनंदन झा सदस्य, उमर अली खान सदस्य, रविंद्र कुमार सिंह सचिव हैंडबॉल संघ,आशीष कुमार सचिव टेबल टेनिस संघ ,विजय कुमार झा सचिव बैडमिंटन संघ ,पवन कुमार सिंह सचिव क्रिकेट ,रोशन कुमार सचिव कैरम ,सतीश कुमार सिंह सदस्य, रमाशंकर चौधरी सचिव खो खो, यशपाल कुमार सचिव एथलेटिक्स ,ब्रजेश सिंह राठौर सचिव वॉलीबॉल ,साकेत चौधरी सचिव शतरंज, दिनेश पंडित सचिव फुटबॉल, रतीश सिंह सचिव साइकलिंग, रामवृक्ष यादव सचिव कुश्ती ,डॉक्टर महताब आलम अध्यक्ष एथलेटिक्स,मुकेश कुमार शामिल किए गए।

# प्रधानमंत्री एम्स का शिलान्यास कर मिथिलावासी के बरसों से संजोया सपना पूरा करेंगें : संजय सरावगी

- 6 नवंबर को दरभंगा मधुबनी एवं झंझारपुर भाजपा के प्रमुख नेताओं की होगी बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतकस नगर विधायक संजय सरावगी ने जानकारी दी है कि दरभंगा व मिथिलांचल के लोगों का वर्षों से संजोया सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 नवंबर को दरभंगा पहुंचकर पूरा करने जा रहे हैं। श्री सरावगी ने बताया कि आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री दरभंगा पहुंचकर दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। कई दशकों से दरभंगा एवं मिथिलांचल के लोगों की यह मुराद अब नरेंद्र मोदी के हाथों पुरी होने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिस पल के लिए मिथिलांचल एवं दरभंगा के लोग बेकरार थे। सभी लोगों की इच्छा थी कि प्रधानमंत्री स्वयं दरभंगा पहुंचकर एम्स का शिलान्यास करें और प्रधानमंत्री की ओर से मिथिलांचल वासियों के इस सपना को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया गया है और अब वह दिन दूर नहीं जब दरभंगा वासियों का यह सपना भी पूरा हो जाएगा। नगर विधायक श्री सरावगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर आगामी 6 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय दरभंगा में दरभंगा, मधुबनी एवं झंझारपुर भाजपा के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई गई है। जिसमें प्रधानमंत्री के दरभंगा आगमन की तैयारी पर व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। मालूम हो कि जब से प्रधानमंत्री की ओर से दरभंगा में एम्स निर्माण की अंतिम घोषणा की गई तभी से दरभंगा एवं मिथिलांचल के लोगों की यह लालसा दिनानुद्दीन बढ़ती जा रही थी कि प्रधानमंत्री स्वयं आकर अगर एम्स का शीला न्यास करते तो हम लोगों को अत्यंत खुशी होती, और प्रधानमंत्री ने दरभंगा एवं मिथिलांचल वासियों की इस भावना को ध्यान में रखते हुए स्वयं दरभंगा पहुंचकर एम्स के शिलान्यास करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का जमकर स्वागत होना आरंभ हो चुका है। दरभंगा एवं मिथिलांचल वासी प्रधानमंत्री के स्वागत में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। 13 नवंबर को प्रधानमंत्री का स्वागत ऐतिहासिक होगा। एक-एक आदमी जो दरभंगा एवं मिथिलांचल से प्रेम करता है वह प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े रहेंगे और उनके स्वागत की तैयारी में अभी से जुड़ जाएंगे।

# मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने छठ घाट का लिया जायजा




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी छठ महापर्व को लेकर मधुबनी में तैयारी जोर-जोर से आरंभ हो गया है मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने नगर निगम क्षेत्र के आधा दर्जन तालाबो की घाटो का जायजा लिया जहा पर छठ वर्ती भगवान भास्कर को अर्घ्य देगे ।मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने छठ घाट का जायजा लेने के उपरांत प्रेस को संबोधित करते हुए कई दिशा निर्देश दिया तालाबो की साफ सफाई को लेकर कार्य तेजी करने एवं सभी तालाबो के चारो साइड मनरेगा से सड़क का निर्माण हो जाए जिससे पूजा के उपरांत मार्निग वॉकिग एवं तालाबो का सौदर्यता बना रहेगा साथ साथ छठ घाटों पर उत्तम लाइट की व्यवस्था हो गंगा सागर तालाब पर इंद्र पूजा समिति के द्वारा श्रद्धालुओ के लिए विशेष व्यवस्था की गई है घाटो पर वार केटिंग वॉच टावर एवं भगवान भास्कर के अर्घ्य के लिए दूध की निशुल्क व्यवस्था की गई है ।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू

गिद्धौर। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। सूर्योपासना महापर्व के पहले दिन छठव्रती नहाय खाय के साथ नदी व तालाब के जल में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू करेंगे। श्रद्धालुओं ने पर्व के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। महापर्व छठ को लेकर घर से लेकर घाट तक तैयारियां जोरों पर है। व्रती घर की साफ सफाई के साथ व्रत के लिए पूजन सामग्री खरीदने में जुट गए हैं। महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण किए उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और उसके बाद एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं। इसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। लोक आस्था के इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करते हैं। व्रतधारी डूबते हुए सूर्य को फल और कंदमूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन फिर से नदियों और तालाबों में व्रतधारी उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देते हैं। भगवान भाष्कर को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त होता है और वे अन्न ग्रहण करते हैं। दीपावली के छह दिन बाद सूर्य की उपासना का पर्व आज से शुरू हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल बढ़ी हुई है। छठव्रती पूजन को लेकर बाजार में सामानों की खरीददारी में लग गये।

### छठ घाटों का किया निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगह के छठ घाट का सोमवार को बीडीओ देवेंद्र कुमार, अंचल अधिकारी शशि रंजन कुमार, कल्याणपुर थाना के एसआई सिंपी कुमारी एवं चकमेहसी थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हुए नामापुर, तीरा, सैदपुर सोमनाहा कनोजर, पंचायत के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न जगहों के छठ घाटों पर रोशनी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### विदेशी शराब बरामद

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के खरसंडपूर्वी भगवती स्थान के समीप से एएलटीएफ प्रभारी विनोद यादव ने लगभग 11 लीटर विदेशी शराब गुप्त सूचना पर बरामद किया है। इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि बरामद की गई विदेशी शराब झोले में रखी थी। पुलिस गाड़ी को देखते ही कारोबारी फरार हो गया। गांव का ही दिग्विजय नारायण सिंह का पुत्र सुमित कुमार उर्फ राजा के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है।

# कालाबाजारी . मक्का के लिए किसानों को सरकारी दर पर नहीं मिल रहा पर्याप्त खाद

## 265 का यूरिया 350 तो 1350 का डीएपी 2000 तक बेच रहे हैं दुकानदार



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। रवि सीजन के शुरूआती दौर से ही प्रखंड के किसानों को खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के कारण किसान रवि फसल की बुवाई के लिए ऊंचे दामों में खाद खरीदने के लिए मजबूर है। प्रखंड क्षेत्र रतनपुर, गुगुलडीह, पतसंडा, सेवा, गंगरा, मौरा, कोल्हुआ, केतरू नवादा सहित अन्य पंचायतों में खाद की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि सरकार द्वारा सब्सिडी वाले रेट पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन,खाद की आपूर्ति में कमी और बढ़ती मांग के चलते उन्हें बाजार में अधिक दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। इससे ना केवल उनकी खेती की लागत बढ़ रही है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर भी असर पड़ने की संभावना है। किसानों ने इस मुद्दे पर विभागीय हस्तक्षेप की मांग की है। ताकि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और कालाबाजारी पर नियंत्रण लगाया जा सके। वही किसान दरोगी पासवान,बेनी यादव,रामचंद्र मंडल,प्रकाश मंडल,अर्जुन यादव,अरविन्द सिंह,मनोज यादव,विनोद यादव ने बताया कि सरकार और कृषि विभाग द्वारा सख्त कदम उठाने की जरूरत है। दुकानदारों द्वारा विभाग द्वारा निर्धारित दरों में खाद किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए कृषि विभाग भागीदारी निभाए। क्षेत्र में मक्का की खेती रकबा बीते कुछ वर्षों से काफी बढ़ गई है। गेहूं की अपेक्षा मकई के लिए अधिक खाद की आवश्यकता पड़ती है।समय से खाद नहीं मिलने से फसल की उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2021 से उर्वरकों की किल्लत बढ़ने का सिलसिला जारी है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी ने बताया कि कहीं भी निर्धारित मूल्यों से अधिक दामों में खाद की बिक्री नहीं की जा रही है। अगर ऐसी शिकायत मिल रही है तो किसान कृषि विभाग को लिखित आवेदन दें तो ही हम त्वरित कार्रवाई करेंगे।

# खड़गपुर जा रहे एक परिवार के चार सदस्य सड़क दुर्घटना में हुआ घायल

## चालक की लापरवाही के कारण हुई घटना



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार की दोपहर झाझा बटिया एनएच 333 सीमावर्ती क्षेत्र स्थित मनीकुरा आश्रम के पास वैगनार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खम्भा में टक्कर मार दिया जिससे वाहन पर सवार एक ही परिवार के चार सदस्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना देखने के बाद मौके पर मौजूद समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ ने मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस के सहयोग से वाहन में घायल अवस्था मे फंसे सभी लोगों को बाहर निकालने के बाद एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां डयूटी पर तैनात डॉक्टर नबाब के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल की पहचान घायल की पहचान झारखंड राज्य के धनबाद टुंडी क्षेत्र के रहने वाले विवेक सहाय, उसकी पत्नी सोनाली सहाय, 14 वर्षीय पुत्र श्रेयांश कुमार, 11 वर्षीय पुत्र कुमार शौर्य के रूप में हुई है।लेकिन घायल चारों की स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। समाजसेवी ने बताया कि घायल के परिजनों को किसी तरह संर्पक कर घटना की जानकारी दी गई। घायल श्रेयांश ने बताया कि छठपूजा में शामिल होने के लिए पूरा परिवार अपनी गाड़ी से घर से 9 बजे नानी घर मुंगेर जिले अंतर्गत हवेली खड़गपुर के लिए निकला। जिसमें चालक ने मोड़ पर तेज गति से गाड़ी चलाने लगा और जब पापा ने चालक को बोला तो वह अजीब बर्ताव करने लगा और गाड़ी तेज गति से गिट्टी पर चढ़ाते हुए एक खम्बा में जोरदार टक्कर मार दिया। इधर मौके स्थल पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने जब चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो कुंदन साफ तौर पर गाड़ी चलाने की बात को इनकार करते हुए बस से आने की बात पुलिस को बताया लेकिन श्रेयांश ने कुंदन को चालक बताया जिसके बाद चालक को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना ले आया।

# गोपाष्टमी पूजा को लेकर आयोजित की गई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नगर क्षेत्र स्थित श्री कृष्ण गौशाला की बीते एक साल से अलग ही रौनक आने के बाद और स्थायी कमेटी के गठन हो जाने के बाद इस वर्ष भव्य रूप से होने वाले गोपाष्टमी पूजा को लेकर कार्यसमिति सदस्य, उप समिति सदस्यों की एक बैठक गौशाला परिसर में आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव दयाशंकर बरनवाल और उपाध्यक्ष सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। सचिव, उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार गौशाला में गोपाष्टमी पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। 9 नवंबर को सुबह 10 बजे भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना होगी, 2 बजे एक आमसभा का आयोजन किया जाएगा और संध्या 7 बजे भव्य भक्ति जागरण होगा उसके बाद दूसरे दिन प्रतिमा का विसर्जन जुलूस धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने आगामी 9 नवंबर को होने वाले गोपाष्टमी पूजा को लेकर कई बिंदुओ पर चर्चा करते हुए रूप रेखा तैयार किया। उन्होंन बताया की आम सभा कार्यक्रम में गौशाला को ओर बेहतर बनाने के लिए चर्चा के अलावे अन्य कार्यक्रम भी शामिल रहेगा। बैठक में श्रवण कुमार, गणेश, पिन्टु कुमार, अनिल बरनबाल, टीलु बंका, प्रशान्त सुल्तानिया,संजय बरनबाल, रणधीर माथुरी, सुभाष बरनवाल सहित अन्य लोग भी शामिल थे।

# शिक्षा-दीक्षा हस्ताक्षरित घोषणा युक्त डमी पंजीकरण कार्ड अपलोड करना जरूरी

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले के वैसे छात्र-छात्रा जो अब तक मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके हैं उनके लिए अच्छी खबर है।वे अब विलंब शुल्क के साथ 10 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।बिहार बोर्ड ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। विलंब शुल्क के साथ अब 10 नवंबर तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।इससे पहले फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर थी। जिसे छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बढ़ाकर 10 नवंबर कर दिया गया है। बोर्ड ने परीक्षा फार्म के लिए विलंब शुल्क भी निर्धारित किया गया है। विलंब शुल्क के साथ 10 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भरे जा सकते हैं। यह कम वैसे छात्रों के लिए राहत भरा है जो समय पर आवेदन नहीं कर सके थे। या जिनके फॉर्म में कोई त्रुटि थी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने तिथि बढ़ाकर छात्रों को अपनी परीक्षा तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने और सही तरीके से आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने का अवसर दिया है। बोर्ड के अनुसार जिस छात्र का हस्ताक्षरित घोषणा युक्त डमी पंजीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाएगा, उनका मूल पंजीकरण कार्ड निर्गत नहीं किया जा सकेगा। वैसे छात्र इंटरमीडिएट व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भर सकेंगे। 10 नवंबर तक होगा डमी पंजीकरण कार्ड में त्रुटि का सुधार वही बिहार बोर्ड के अनुसार मैट्रिक व इंटर वार्षिक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र जिनका डमी पंजीकरण समिति के पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जिसमें त्रुटि है उस त्रुटि का सुधार भी किया जाएगा। इसके लिए अपलोड किए गए डमी पंजीकरण कार्ड में त्रुटि को सुधार करते हुए पोर्टल पर 10 नवंबर तक अपलोड किया जा सकता है। डाउनलोड पंजीकरण कार्ड में विद्यार्थी व उनके माता-पिता व अभिभावक का हस्ताक्षर प्राप्त करते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ विस्तारित तिथि दिनांक 10 नवंबर तक अनिवार्य रूप से समिति के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड ने कहा है की समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि कई शिक्षण संस्थानों के द्वारा उनके सभी छात्रों को हस्तांतरित घोषणा युक्त डमी पंजीकरण कार्ड समिति के वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। वहीं कई शैक्षणिक संस्थानों द्वारा समिति द्वारा अपलोड पंजीकरण को डाउनलोड तक नहीं किया गया है। वैसे संस्थान भी डमी पंजीकरण कार्ड को डाउनलोड करते हुए त्रुटि सुधार कर समिति के पोर्टल पर 10 नवंबर तक अपलोड कर सकते हैं। गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को फॉर्म भरने की अनुमति नहीं परीक्षा फॉर्म भरते समय छात्र-छात्रा को अपनी पूरी जानकारी सावधानी पूर्वक भरनी जरूरी है,जिसमें उनका नाम,पिता का नाम,जन्मतिथि,विषय विवरण,लिंग और अन्य व्यक्तिगत जानकारी शामिल है। छात्रों को किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए सभी जानकारियों को ठीक से जांचना आवश्यक है,क्योंकि गलत जानकारी से परीक्षा फॉर्म रद्द किया जा सकता है। बोर्ड ने सख्स दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। केवल मान्यता प्राप्त प्लस टू स्कूलों के प्रधानाचार्य ही अपने छात्रों का परीक्षा आवेदन भर सकेंगे और निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। वहीं जिस विद्यालयों की मान्यता रद्द हो चुकी है,उन्हें परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं है। इस फैसले से केवल वही विद्यालय जिसका वैद्य रूप से मान्यता प्राप्त है,बोर्ड की परीक्षा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने विद्यालयों के योग्य विद्यार्थियों के लिए बिहार बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

# काली पूजा मेले में ठेले वाले की करंट से मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजा मांगा



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई /बरहट -: जमुई जिले के बरहट थानाक्षेत्र के गुगुलडीह में काली पूजा मेले के दौरान एक ठेले वाले की करंट लगने से मौत हो गई। घटना तब हुई जब रणजीत मालाकार नामक युवक मेले में सड़क किनारे ठेले पर पूजा का सामान बेच रहा था। भीड़ अधिक होने पर पुलिस के एक जवान ने उसे ठेला हटाने का आदेश दिया। ठेला हटाने में असमर्थता जताने पर जवान ने गुस्से में डंडा चला दिया, जिससे बिजली का तार टूटकर रणजीत के ऊपर गिर गया, और करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में मचा कोहराम, पांच बच्चों के लिए मुश्किलें : मृतक रणजीत मालाकार अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके परिवार में पत्नी और पांच छोटे बच्चे हैं, जो अब आर्थिक संकट में घिर गए हैं। मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम : घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रणजीत के परिवार के लिए मुआवजे की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हुई और सड़क जाम को हटा लिया गया।

# छठ पर भी धोबिया पोखर के भिंड से नहीं हटा अतिक्रमण

प्रात: किरण संवाददाता

● कहते हैं आस पड़ोस के युवा ग्रामीण

तारापुर (मुंगेर)। धार्मिक दृष्टिकोण से चर्चित उल्टा नाथ महादेव तारापुर के पूर्वी हिस्सों में धोबिया पोखर एवं गांधीनगर स्थित सीढ़ी घाट छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने इसकी पूरी तरह से साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी कर ली है। गौरतलब है कि साफ सफाई के दौरान नगर पंचायत प्रशासन तारापुर ने धोबिया पोखर के दक्षिणी एवं पूर्वी भिंड से अतिक्रमण को नहीं हटा पाया है , जिसके कारण आस पड़ोस के लोगों में कई तरह की चचाएँ हो रही है । गौरतलब है कि शहर के भीतर सबसे बड़ा तालाब के रूप में धोबिया पोखर है, जहां सालों भर आस-पड़ोस घरों के नालों एवं शौचालय का गंदा पानी पोखर में गिरता रहता है, जहां इसकी वैकल्पिक व्यवस्था पिछले कई वर्षों से हवा हवाई बनकर रह गया है। इतना ही नहीं वर्षों पूर्व पंचायत के द्वारा बनाए गए नालों का पानी भी इसी पोखर में आकर गिरता है। पोखर का दक्षिणी एवं पूर्वी भाग का भिंड कुछ लोगों ने आज भी अतिक्रमण कर रखा है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों की शिकायत पर कई बार अनुमंडल प्रशासन ने पूरे लाव लश्कर के साथ धोबिया पोखर पहुंचकर उसके भिंड से सभी तरह का अतिक्रमण को पूरी तरह से साफ कराया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद पोखर के भिंड पर अतिक्रमण का यथास्थिति लोगों ने बहाल कर लिया । इधर ग्रामीणों में संजय पोद्दार इत्यादि लोगों ने बताया कि पिछली बार छठ के मौके पर नगर पंचायत तारापुर ने सिर्फ पोखर के भीतर गहरा पानी से बचने को लेकर जगह-जगह बांस बल्ला लगाया था । वहीं साफ सफाई से लेकर लाइटिंग का काम ग्रामीण युवा के द्वारा आपसी सहयोग से किया गया था। युवाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत तारापुर से छठ पर्व के पूर्व धोबिया पोखर के भिंड से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ रोशनी की उत्तम व्यवस्था बहाल करने की मांग किया है । जिससे पोखर के पश्चिमी भाग पर छठ पूजा के शुभ अवसर पर भगवान भास्कर की मूर्ति स्थापित किया जा सके। इधर कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत तारापुर द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई कराने से लेकर रोशनी की भी बेहतर व्यवस्था बहाल किया जाएगा ।

# 21 अक्टूबर से लापता युवक रोहित कुमार का लाश बरामद, प्रेम प्रसंग में हत्या

● टेटिया बंम्बर के 20 वर्षीय रोहित कुमार का लाश शोभिपुर बहियार से रविवार को बरामद किया गया है : प्राशिक्षुक डीएसपी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस सूत्रों के अनुसार विगत 21 अक्टूबर से अनुमंडल के टेटिया बम्बर प्रखंड थाना क्षेत्र के रोहित कुमार 20 वर्षीय का लाश बांका जिले के शंभूगंज थाना अध्यक्ष कुमारी सिया भारती अवर थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार अमित कुमार संजीव कुमार सहित पुलिस बल घटना स्थल शोभिपुर बहियार पहुंचे और शंभूगंज पुलिस ने मानव अस्थि को बरामद कर लिया है।वहीं दूसरी तरफ तारापुर और टेटिया बम्बर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में कुछ देर उलझे रहे है। जांच पड़ताल करने पर शंभूगंज पुलिस ने टेटिया बम्बर पुलिस को मानव अस्थि सुपुर्द कर दिया गया है।जांच पड़ताल करने पर टेटिया बंम्बर से लापता अरविंद कुमार के 20 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में पहचान की गई है । टेटिया बंम्बर पुलिस शव को अपने कानूनी प्रक्रिया के लिए अपने साथ ले आए। इसके बाद सीमावर्ती क्षेत्र धर्मपुर और नवादा गांव में खलबली मच गई । गांव के हर एक चौक चौराहे पर घटना की चर्चा हो रही थी। थाना अध्यक्ष से पूछने पर बताया कि घटनास्थल मुंगेर जिला है हत्याकांड में किस-किस गांव के लोग शामिल हैं इसकी खोजबीन जारी है ज्ञात हो कि 21अक्टूबर को रोहित कुमार एक महिला से मिलने शंभूगंज के धर्मपुर गांव आया था इसके बाद युवक रहस्य में तरीके से लापता हो गया पीड़ित ने टेटिया बम्बर थाने में गुमशुदी का रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहित की हत्या एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग में हुई है बताया जा रहा है कि रोहित अपने शादी में प्रेमिका को अपने घर बुलाया जहां एक रिश्तेदार बात कर पहचान छुपाया नव विवाहिता की शादी धर्मपुर गांव में 2 वर्ष पूर्व हुई थी इसके बाद रविवार को धान खेत के बहियार में रोहित की अस्थियां पुलिस ने बरामद की इस घटना को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है प्रशिक्षुक डीएसपी सिया भारती ने बताया कि पुलिस ने अस्थि बरामद कर टेटिया बंम्बर पुलिस को सौंप दिया है इधर टेटिया बम्बर के थाना प्रभारी ने बताया कि 21 अक्टूबर से लापता युवक टेटिया बम्बर निवासी रोहित कुमार के मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पिता अरविंद सिंह ने टेटिया बंबर थाना में आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई थी पुलिस दविस के बाद शंभूगंज थाना अंतर्गत धरमपुर गांव की महिला ने कोर्ट में सिलेंडर कर दिया है बाद में टेटिया बम्बर पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की। उनके निशानदेही पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। इधर रोहित कुमार का लाश मिलने के बाद पुलिस लाश की खोजबीन समाप्त कर दिया है। अब नामजद हत्यारे की खोज में पुलिस जूटी गई है।

# छठ पर्व भारतीय संस्कृति में गहरी आस्था और वैज्ञानिकता का संगम

## भारत देश है न्यारा क्योंकि शाम का सूरज भी है प्याराः प्रो.गौरी शंकर

प्रात: किरण संवाददाता

जमुईः-सोमवार को नगर परिषद स्थित कल्याणपुर में मीना भवन के संवाद कक्ष में ह्य छठ पूजा और सूर्य अर्घ्य का महत्वह्न विषय पर एक लघु संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश मंडल ने की। मौके पर उपस्थित केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति में गहरी आस्था और वैज्ञानिकता का संगम है,जो मानव जाति के लिए अत्यंत प्रासंगिक और उपादेय है। यह शुद्धता और सुचिता का त्यौहार है। छठ महाव्रत प्रकृति और मानव संबंध को सम्मानित करता है। इस त्यौहार में शुद्ध रूप से प्रकृति (सूर्य) की पूजा करते हैं। आज के पर्यावरणीय असंतुलन के युग में छठ पर्व प्रकृति के प्रति मानव की जिम्मेदारी का प्रतीक है। यहां पर न केवल भारतीय समाज बल्कि, पूरी मानव जाति को पर्यावरण संरक्षण, सोशल यूनिटी, और आत्म संयम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब लोग तनाव, थकान और अवसाद से जूझ रहे हैं, ऐसे में छठ पूजा, सूर्य नमस्कार करना तथा सौर्य ऊर्जा अत्यधिक उपादेय हो सकता है। इससे मानसिक शांति और आत्म नियंत्रण का विकास होता है। प्रो.पासवान ने कहा कि भारत एक अनूठा और न्यारा देश है, जहां उगते सूर्य और डूबते सूर्य की पूजा की जाती है। कहते हैं कि सूर्यम जगताम चक्षुः यानी सूर्य संसार का नेत्र है। इसके बिना सृष्टि की कल्पना नामुमकिन है। सूर्य ही साक्षात भगवान हैं। इनके पूजन में नियम का उल्लंघन करने वाले को सूर्य देव सजा देते हैं। सूर्य (रवठ) का अर्थ ही होता है सोर्स ऑफ यूनिवर्सल न्यूरिशमेंट अर्थात सार्वभौमिक पोषण का स्रोत। कहा गया है कि-प्रातः सूर्य नमस्कारे योः पठेछणुयादपिह्न यानी जो लोग प्रातः काल में सूर्य नमस्कार करते हैं. उन्हें कभी रोग नहीं घेरता है। स्थानीय सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि छठ सनातन धर्म का एक पावन पर्व है। छठ पूजा अर्थात सूर्य अर्घ्य की महिमा अपरंपार है। भारतीय संस्कृति में सूर्य को भगवान के रूप में नमन और पूजन किया जाता है। सूर्य नमस्कार करने के एक नहीं अनेकों फायदे हैं। छठ व्रत से मनोवांछित कामनाएं पूरी होती है। जिस प्रकार कानून का क्षेत्र नियम और अनुशासन पर आधारित होता है, उसी प्रकार छठ व्रत या सूर्य अनुष्ठान में नियमों का पालन परम आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामचंद्र रवि ने कहा कि छठ व्रत का मानव जीवन में काफी महत्व है। छठ व्रत से सीख मिलती है कि हमें प्रकृति और उसके संसाधनों का सम्मान करना चाहिए। छठ व्रत नियम पालन का पर्व है। जैसे कानून का संबंध समाज में न्याय व्यवस्था बनाए रखने से है, ठीक वैसे ही छठ व्रत में आस्था और नियमों का पालन मानव जीवन में अनुशासन विकसित करने का काम करता है। अध्यक्षीय प्रबोधन में वरिष्ठ शिक्षक सह प्रधानाध्यापक श्री दिनेश मंडल ने कहा कि छठ पूजा शुद्धता का महा त्योहार है। यह केवल भारत में ही नहीं बल्कि, विदेशों में भी मनाया जाता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में छठ पर्व की प्रासंगिकता धार्मिक आस्था तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता, स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के सम्मान का प्रतीक बन चुका है। इस पर्व में प्राकृतिक संसाधनों का विशेष महत्व होता है। चार दिवसीय छठ पर्व कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से प्रारंभ होता है। मौके पर प्रो. संजीव कुमार सिंह, प्रो. सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. निरंजन कुमार दुबे, शिक्षक मंटू पासवान, श्याम सुंदर आदि बुद्धिजीवियों ने एक स्वर में कहा कि छठ पर्व हमें संयम, शुद्धता डिसिप्लिन और समर्पण का संदेश देता है जो आधुनिक जीवन, मानसिक शांति और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक है। छठ व्रत और सूर्य पूजन का समाज में विशेष महत्व है।

# दुर्गा पूजा और काली पूजा शांतिपूर्ण करने हेतु शहर वासियों ने यातायात डीएसपी को दिया धन्यवाद



प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। जब जब मुंगेर में दशहरा और दिवाली पर्व आता है तब-तब पूरे बिहार में मुंगेर को लेकर सरकार एवं प्रशासनिक महकमा के हाथ पांव फूलने लगता है।

लेकिन इस बार मुंगेर के इतिहास में पहली बार शांति पूर्वक ढंग से दशहरा एवं दिवाली त्योहार लोगों ने मनाया एवं विसर्जन भी शांतिपूर्वक ढंग से हुआ जिसके लिए यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने यातायात के सभी एक्टिविटी को लेकर एक्टिव दिखे एवं पहली मूर्ति विसर्जन से लेकर आखिरी मूर्ति विसर्जन तक सोझी घाट पर दिखाई दिए यही वजह की सभी सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक दल एवं आम लोग ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया जिला प्रशासन के रीढ यातायात डीएसपी पुलिस कप्तान सैयद इमरान मसूद के नेतृत्व में अपने कार्यों को बखूबी अंजाम दिया मुंगेर में वाहन की संख्या बहुत ज्यादा है

उस पर खास गाइडलाइंस बनाया गया और यह भी सोचा गया रोज कमाने खाने वाले को दिक्कत ना हो फुटकर विक्रेता से लेकर चाट चौमिन पानी पुरी ई-रिक्शा चालकों ने भी जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि यह हमारा कर्तव्य है और इस कर्तव्य को मैं ईमानदारी पूर्वक निभा रहा हूं धन्यवाद के पात्र शहर के लोग हैं उन्होंने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे शहर की गरिमा को नुकसान पहुंचे सभी को प्रभात रंजन ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

# मुंगेर सहित बिहार के 25 जिलों में जनजाति छात्रावास का निर्माण होगा

खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय सूत्रों के अनुसार जनजाति के बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ने और सुविधा देने को लेकर यह पहल की गई है इस आलोक में राज्य के शिक्षा परियोजना निदेशक योगेंद्र सिंह ने बिहार के मुंगेर मुजफ्फरपुर चंपारण किशनगंज कटिहार भागलपुर बांका लखीसराय कैमूर रोहतास जमुई पूर्वी चंपारण सुपौल अररिया मधेपुरा सिवान वैशाली औरंगाबाद भोजपुर बक्सर गया गोपालगंज नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया है कि 50 से 100 बच्चों का पहला चरण में छात्रावास बनाना है एक सप्ताह के अंदर इस पर रिपोर्ट उपलब्ध करानी है जिला अंतर्गत सभी गांव में जाकर जनजाति परिवार और उनके बच्चों की पहचान करनी है इस संबंध में आगे रिपोर्ट में कहा गया है कि संबंधित गांव की कुल परिवार की संख्या जनसंख्या पुरुष और महिला की संख्या बच्चों की संख्या क्षेत्रफल पुरुष और महिला साक्षरता जनजाति का प्रतिशत समेत अन्य चीज देनी है जनजाति बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ने और उन्हें सुविधा देने को लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों को ही छात्रावास बनाने के लिए चिन्हित करेंगे सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग ने छात्रावास के संचालन के लिए विद्यालय चिन्हित करने का आदेश भी सभी जिलों को के जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है शिक्षा मंत्रालय ने इस पर रिपोर्ट मांगी है इसके बाद बिहार शिक्षा परियोजना के ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है या छात्रावास जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में बना है इनमें छात्र-छात्राओं के लिए सभी तरह की सुविधा उपलब्ध होगी या छात्रावास समाज कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई है सूची के आलोक में जन्म जाति बहुल क्षेत्र में उनकी आबादी आवास परिवार आदि का सत्यापन किया जाना है शिक्षा विभाग ने छात्रावास के संचालन के लिए विद्यालय चिन्हित करने का आदेश सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है इसके बाद बिहार शिक्षा परियोजना ने मुंगेर समय सभी जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिये है।

# राजस्थान विधानसभा उपचुनावः क्या चुनावी परीक्षा में पास होगी भाजपा?

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों झुंझुनू, खींवसर, दौसा, रामगढ़, देवली उनियारा, चैरासी, सलूंबर में विधानसभा के उपचुनाव होने जा रहे हैं। इनमें सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा व रामगढ़ से कांग्रेस विधायक जुबेर खान के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। जबकि 5 सीट पर वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव वाली सात सीटों में से भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। बाकी 6 सीटों में से एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद बन गए उसके चलते सीट खाली हो गई। आदिवासी बहुल चैरासी विधानसभा सीट के विधायक व भारतीय आदिवासी पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार रोत के बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद बनने के कारण चैरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। झुंझुनू सीट पर कांग्रेस के विधायक बृजेंद्र सिंह ओला के झुंझुनू से सांसद बनने के कारण, देवली-उनियारा से कांग्रेस के विधायक हरीश चंद मीणा के टोंक-सवाई माधोपुर सीट से सांसद बनने के कारण, दौसा से कांग्रेस के विधायक मुरारीलाल मीणा ने दौसा संसदीय सीट से सांसद बनने के कारण विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए उक्त सीटों पर उपचुनाव हो रहा हैं। प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में राजस्थान में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की एक बार फिर कड़ी परीक्षा होगी। उपचुनाव में भाजपा कितनी सीट जीत पाती है उसके आधार पर भजनलाल शर्मा सरकार की परफॉर्मेंस आंकी जाएगी। भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनते ही श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए थे। उससे भजनलाल शर्मा सरकार की बहुत किकरी हुई थी। चुनाव हारने के बाद भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उसके बाद लोकसभा चुनाव में भी भजनलाल सरकार अच्छा परफॉर्मेंस नहीं दिखा पाई थी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीट जीतने वाली भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में मात्र 14 सीट ही जीत पाई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 8 सीटों पर तथा उनके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारतीय आदिवासी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी क्रमशः एक-एक सीट नागौर, बांसवाड़ा डूंगरपुर व सीकर जीत गई थी। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तो नहीं हटाया मगर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद से सीपी जोशी को हटाकर उनके स्थान पर राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी थी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मदन राठौड़ को भी पहली बार उपचुनाव में अपनी सांगठनिक क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। इन उपचुनावों में भाजपा के पास खोने को तो मात्र एक सीट है मगर हासिल करने को 7 सीटों का बड़ा लक्ष्य है। यदि भाजपा उपचुनाव में 5 सीट जीत जाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की स्थिति केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष मजबूत हो जाएगी। यदि भाजपा सात में से चार सीट भी नहीं जीत पाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्य शैली सवालों के घेरे में आ जाएगी और उन्हें परीक्षा में तीसरी बार भी फेल माना जाएगा। भजनलाल शर्मा उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आने वाले समय में उनके मुख्यमंत्री पद पर भी संकट गहरा सकता है। वैसे भी भाजपा आलाकमान ने प्रदेश भाजपा के सभी दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर पहली बार विधायक बने प्रदेश में अनजान चेहरे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका दिया था। भाजपा आलाकमान का मानना था कि नया चेहरा आगे करने से पार्टी की स्थिति आने वाले समय में मजबूत होगी और प्रदेश में भाजपा को नया नेतृत्व मिलेगा। मगर अभी तक के चुनावी नतीजे ने तो भाजपा आलाकमान को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्यशैली से असंतुष्ट ही किया है। भाजपा आलाकमान के मन मुताबिक परिणाम नहीं दे पाने के कारण भजनलाल शर्मा की छवि केंद्रीय नेतृत्व की नजरों में हरियाणा व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरह मजबूत नहीं बन पाई है।

# क्या हरियाणा काँग्रेस टूटन के कगार पर खड़ी है?

लोक सभा में आधी सीटों पर विजयी होने के बाद हवा में उड़ रही काँग्रेस पार्टी को मात्र छह माह बाद हुए विधान सभा चुनाव में आशा के विपरीत परिणाम ने सुन्न करके रख दिया है। काँग्रेस दो तिहाई बहुमत से नीचे सपने में भी नहीं सोच रही थी। एक नेता के समर्थक तो मुख्यमंत्री की गद्दी को अपनी गोद में लेकर सोने लगे थे। खुद ह्यवो नेताह्ल भी अपना हर शब्द एक मुख्यमंत्री की तर्ज पर बोलने लगे थे। पर पासा उलट पड़ गया और भाजपा के तत्कालीन एवं घोषित भावी मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य ह्यहमने जीत की सारी व्यवस्थाएं कर ली हैंह्ल ने काँग्रेस की सभी आशाओं एवं परिकल्पनाओं को ठेंगा दिखा कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। अब हालात ये हैं कि अप्रत्याशित हार से चित हुई काँग्रेस लगभग एक महीना बीत जाने के बावजूद विधानसभा में विपक्ष के नेता का नाम तक तय नहीं कर पा रही है। लोग मजाक के तौर पर कहने लगे हैं कि यदि खुदा-ना-खस्ता उसे बहुमत मिल जाता, तो क्या वे मुख्यमंत्री का नाम तय कर लेते? समस्या यह नहीं है कि उसके पास वांछित विधायक संख्या नहीं है, अपितु समस्या यह है कि यह फैसला लेना कमजोर हाई कमान के गले की फांस बनी हुई है। हाई कमान के बार- बार के गलत निर्णयों ने हाई कमान के पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार कर उसकी निर्णय लेने एवं नियंत्रित करने की शक्ति को लकवा ग्रस्त कर दिया है और उसे प्रदेश के केवल एक ही व्यक्ति की कठपुतली बना कर छोड़ दिया है। आखिर कौन है वो व्यक्ति, जिसके आभा मंडल के आगे हाई कमान का प्रकाश धूमिल पड़ जाता है? ऐसा कौन सा कारण है कि हाई कमान अनिर्णय की स्थिति से बाहर नहीं निकल पा रही है? क्यों इतना शक्तिशाली हो गया है, यह व्यक्ति ?इन सब सवालों का जवाब ढूँढने के लिए राजनीतिक विश्लेषक 2005 के विधान सभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत से आह्लादित काँग्रेस हाई कमान का भूपिंदर हुड्डा को मुख्यमंत्री की गद्दी सौंपने को शुरूआती कदम मानते हैं। इस चुनाव में, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल के नेतृत्व में लड़ा गया था, काँग्रेस को 90 में से 67 सीट हासिल हुई थी। भजन लाल के बढ़ते कद से चिंतित हाई कमान ने भजन लाल के पर काटने हेतु एक ऐसे व्यक्ति, भूपिंदर हुड्डा, को गद्दी सौंप दी जिसे हाई कमान अपने इशारों के अनुरूप निर्देशित कर सके। प्रारंभ से ही काँग्रेस को सभी जातियों एवं वर्गों का समर्थन मिलता रहा था। हालांकि वहाँ प्रभुत्व ब्राह्मण समुदाय का ही रहता रहा था, परंतु दलित एवं पिछड़ा वर्ग काँग्रेस को ही अपना शुभचिंतक मानता रहा था। चौधरी देवीलाल के रूप में उभरे किसान नेता को जाटों ने अपना एक छत्र नेता स्वीकार कर लिया था, जिसका फायदा भजन लाल ने जाट- गैर जाट की राजनीति की शुरूआत कर अपना प्रभाव क्षेत्र विस्तृत कर लिया था। जाट काँग्रेस से दूर होने लगे थे, उन्हें पुनः जोड़ने तथा भजन लाल के बढ़ते दायरे को संकुचित करने हेतु ही हाई कमान ने हुड्डा, एक वैकल्पिक जाट नेता, को हथियार के रूप में प्रयोग किया था। काँग्रेस हाई कमान को यह आभास नहीं था कि जिस हथियार को वे भजन लाल को काटने के लिए धार दे रहे हैं एक दिन हाई कमान को ही अपनी धार से कमजोर कर झुकने को मजबूर कर देगा। और अगले ही विधान सभा चुनाव में इस कदम के परिणाम आने लगे। भले ही भजन लाल को काँग्रेस पार्टी ने उपेक्षित कर उसे पार्टी से बाहर होने को मजबूर कर दिया, परंतु उनके समर्थकों को हाई कमान का यह निर्णय आक्रोशित कर गया और 2009 के चुनाव, जो हुड्डा के नेतृत्व में लड़े गए थे, ने काँग्रेस को 90 में से केवल 40 सीट देकर इस कदम के परिणाम का आभास करा दिया। हालांकि भजन लाल की अपनी अलग बनाई पार्टी, हरियाणा जनहित काँग्रेस (हजकाँ), ने 7 सीट जीतकर काँग्रेस को बहुमत से नीचे रख दिया, परंतु चंद सत्ता लोलुप विधायकों ने, जो हरियाणा में आम तौर पर तैयार बैठे रहते हैं, हरियाणा जनहित काँग्रेस (हजकाँ) को ठेंगा दिखाकर काँग्रेस को समर्थन दे दिया और हुड्डा को पुनः सत्तासीन कर दिया।

# हैरिस हों या ट्रंप- भारत- अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

**प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं।**





## आर.के. सिन्हा

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद**

अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया। आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। ह्लसिलिकॉन वैलीह्व में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आई थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत- अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

# राज्य के विकास की नब्ज पर साय सरकार की मजबूत पकड़

**माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है। मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है**





## पवन गुप्ता

**लेखक संयुक्त संचालक जनसंपर्क**

छत्तीसगढ़ के नीति निर्धारकों को दो कारकों पर विशेष ध्यान रखना पड़ता है एक तो यहां की आदिवासी बहुल आबादी और दूसरी यहां की कृषि प्रधान अर्थव्यस्था। राज्य की नीतियां तय करते समय इन दोनों की अनदेखी नहीं की जा सकती, दोनों को ही बराबर महत्व देना पड़ता है। हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित देश में माओवादी आतंक के खात्मे के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। केन्द्र के इस फैसले ने राज्य को समृद्धि के रास्ते में आगे जाने के संकल्प को और मजबूती दी है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ की बागडोर संभालते ही राज्य के विकास की दिशा को तय करने वाले दो प्रमुख कारकों आदिवासी समुदाय और किसान दोनों पर शुरू से ही ध्यान दिया है। राज्य में लोगों को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन के वायदे को लेकर आयी साय सरकार आई.टी. और ए.आई आधारित प्रणाली को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनाना शुरू कर दिया है। राज्य में कृषक उन्नति योजना खेती-किसानी के लिए एक नया संबल बनी है। इसके चलते कृषि समृद्ध और किसान खुशहाल हुए हैं। राज्य में खेती-किसानी को नई ऊर्जा मिली है। राज्य में उन्नत खेती को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार के किसान हितैषी फसलों का असर अब खेती-किसानी में साफ दिखाई देने लगा है। उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग खेती-किसानी में बढ़ा है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है, जिसके एवज में 32 हजार करोड़ रूपए भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान की मूल्य की अंतर राशि के रूप में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह किसानों को कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी करने जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक सभी तैयारियां की जा रही है। इस साल राज्य में बेहतर बारिश एवं अनुकूल मौसम के चलते धान के विपुल उत्पादन की उम्मीद है। इसको देखते हुए राज्य में समर्थन मूल्य पर 160 लाख मीटरिक टन धान उपार्जन अनुमानित है। राज्य में किसानों से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी। राज्य के किसानों को खेती-किसानी के लिए वर्तमान खरीफ सीजन में 6500 करोड़ रूपए के अल्पकालीन ऋण बिना ब्याज के दिए जा चुके हैं। अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां के किसान अब ई-नाम पोर्टल (कृषि बाजार) के माध्यम से अपने उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता, राज्य के किसानों से उनकी उपज खरीद सकेंगे, इससे उत्पादक किसानों को लाभ होगा। किसानों को उन्हें पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। राज्य के बस्तर और अन्य हिस्सों में माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए सख्ती से कदम उठाए गए हैं। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। माओवादी आतंक भी अब कुछ ही क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। यहां नियद नेल्लानार जैसी नवाचारी योजना से लोगों का सरकार के प्रति फिर से विश्वास लौट रहा है। माओवादी आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प के आस-पास के दायरे में लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में युवाओं को तकनीकी व्यवासायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही हैं। इस पहल से आदिवासी समुदाय की युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वनवासियों की आय बढ़ाने के लिए वनोपज के संग्रहण और प्रसंस्करण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो रही है। इन लघु वनोपजों का वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण भी किया जा रहा है। वनवासियों को तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक भी बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक इसकी नौ किस्त जारी की जा चुकी है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी गई है। राज्य में मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# निवेश-निजी खपत से बढ़ेगी आर्थिकी

## डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में एक नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ह्यएशिया प्रशांत के लिए क्षेत्रीय आर्थिक अनुमान 2024ह्ल में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। गौरतलब है कि दिवाली के बाद एक नवंबर से शुरू हुए नए संवत 2081 में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती संबंधी शुभ संकेत उभरकर सामने आ रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है। देश कृषि, उद्योग-कारोबार, बैंकिंग क्षेत्र और गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र प्रणाली के स्तर पर काफी मजबूत बना हुआ है। विकास और मुद्रास्फीति का संतुलन बेहतर है। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि भू-राजनीतिक संकट, भू-आर्थिक बिखराव और किसी तरह की चरम मौसमी घटनाएं, जो बाहरी मांग को प्रभावित कर सकती हैं और ये भारत की वृद्धि के लिए एक तरह की बड़ी जोखिम होंगी, लेकिन भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों से उनके मुकाबले में सक्षम होगा। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई में नरमी आएगी और वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि इस समय ग्लोबल फंड का भारतीय बांड में किया जा रहा निवेश उभरते बाजारों में ऊंचाई पर रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष 2023 में भारतीय बांड में जो विदेश निवेश 70627 करोड़ रुपए का था, वह इस वर्ष 2024 में करीब 88 प्रतिशत बढकर अक्टूबर तक 1.33 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित रूप से नए संवत 2081 में भारत की विकास दर उभरते हुए देशों की तुलना में ऊंचाई पर होगी। नए संवत 2081 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे हमारे स्थानीय और घरेलू बाजार मजबूत हुए हैं। इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते हुए सितारे के रूप में रेखांकित हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भारत के घरेलू बाजार की अहम भूमिका है। इस वर्ष दीपावली और इससे जुड़े त्योहारों पर देशभर के घरेलू और स्थानीय बाजारों में भारी मांग देखी गई है। चीनी उत्पादों की जगह घरेलू उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है। दिवाली त्योहार के बाजारों में 4.25 लाख करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह नए संवत 2081 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन, खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। नए संवत में देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से मिल रही शक्ति बढ़ेगी। देश को इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ाने और चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम लागू करने के और अधिक अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इस समय जब दुनिया में वैश्विक संघर्षों से उथल-पुथल मची हुई है, तब भारत नए संवत 2081 में दुनिया के लिए उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई दे रहा है। जहां भारत गरीबी जैसी चुनौतियों को कम करते हुए हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा, वहीं दुनिया की मदद करते हुए दुनिया में आशा का संचार भी करेगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वैश्विक संघर्ष की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है।

## संक्षिप्त खबरें

### सारण पुलिस ने 55 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक डॉ .कुमार आशिष्णद्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 55 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-17, शराब सेवन-17, हत्या के प्रयास में-06, वारंट में-04, चोरी में-07, पुलिस पर हमला में-01 एवं अपहरण में-03 अभियुक्त शामिल हैं।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 84 वाहनों से 1,42,000 रु0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-1554 ली0, विदेशी शराब-69.12 ली0, स्प्रीट-1.50 ली०, मोटरसाईकिल-01, चार पहिया वाहन-01, ट्रैक्टर-01, गैस चुल्हा-01, गैस सिलेंडर-01, तसला-01, सेब-7 पेटी, मोबाइल-01 एवं अपहृता-02 बरामद किया गया।

### क्लब से जुड़ी सदस्यों ने छठ व्रतियों में बांटी पूजन सामग्री

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। इनर व्हील क्लब छपरा द्वारा 15 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इसमें महापर्व छठ करने के लिए साड़ी, श्रृंगार का सामान, सूप, गेहूं, गुड़, नारियल व प्रत्येक व्रती को 101 रुपए दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष वीणा शरण ने कहा की छठ लोक आस्था का महान पर्व है। इसमें कई व्रती ऐसे होते हैं, जिनको आर्थिक अभाव के कारण पर्व करने में परेशानी होती है। ऐसे व्रतियों के लिए क्लब ने पूजन सामग्री वितरित किया है। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की आशा शरण, शैल जैन, मंजू सिंह, अपर्णा मिश्रा, कांति शर्मा, एडिटर राखी सिंह आदि मौजूद रही।

### चुलाई शराब बरामद, धंधेबाज फरार

चनपटिया( ए.के.सिंह ) ।आस्था के महापर्व को लेकर सिरसिया पुलिस काफी सजग व मुस्तैद है ।इसी दौरान तुरहापट्टी पतली नहर के समीप से 6लीटर चुलाई दारू बरामद किया है। थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस वाहन को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाकर धंधेबाज भाग निकला है ।उसकी शिनाख्त कर ली गई है। तथा एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

### अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट की घटना में एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस

बगहा। गंडक बराज के समीप लैंड कस्टम कार्यालय के सामने हुए अज्ञात लोगों के द्वारा कार सवार के साथ मारपीट के मामले में वाल्मीकिनगर थाने में केस दर्ज कराया गया है। बतादें की बगहा पुलिस जिले के मंगलपुर गांव निवासी मणि भूषण मिश्रा उर्फ आशु मिश्रा ने थाने में आवेदन देकर चार नामजद और लगभग 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट करने,सोने की चेन छीन लेने, 20 हजार रुपए पॉकेट से निकाल लेने, और मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि रविवार की सुबह गंडक बराज के समीप कस्टम कार्यालय के पास नेपाल की तरफ से आते समय पूर्व से घात लगाकर बैठे बनवारी,सतन,रंजन और जीतन सभी के पिता नामालूम के अलावा लगभग एक दर्जन अपराधियों ने उन्हें रोक कर उनके साथ मारपीट की, जिसमें उनका हाथ टूट गया। उनके गले से एक लाख रुपए मूल्य का सोने का चैन और पॉकेट से मोबाइल के अलावे 20 हजार नगद छीन लिया गया। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 105/24 दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सफारी गाड़ी से अंग्रेजी शराब बरामद ,पुलिस ने गाड़ी जब्त की

बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज के समीप रविवार की सुबह नेपाल की तरफ से आ रही एक सफारी कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 22 बी ई 0968 है में चालक आशू मिश्रा उर्फ मणि भूषण मिश्रा के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आशू मिश्रा को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया था। वही गाड़ी की तलाशी में सीट के नीचे से एक बोतल नेपाली अंग्रेजी शराब बरामद किया

# एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड, सुगौली का गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का हुआ शुभारम्भ



प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड, इकाई-सुगौली का गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ डोंगा पूजा, इन्डेन्ट पूजा कर किया गया। गन्ना पेराई सत्र का शुभारम्भ डीएम सौरभ जोरवाल द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच किया गया। इस अवसर पर इकाई के उप महाप्रबंधक, गन्ना शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी यंत्रों, तौल सेतुओं, गन्ना लाये हुए किसान, गाड़ीवान एवं बैलों की पूजा की। मौके पर सुगौली प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नुतन किरन, अंचलाधिकारी कुन्दन कुमार सहित स्थानीय एवं जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहें। एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड के मुख्य वित्त अधिकारी प्रकाश कुमार, महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित, उप महाप्रबंधक, अभियंत्रण योगेन्द्र बहादुर सिंह, उप महाप्रबंधक, उत्पादन रमेश शुक्ला, गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार एवं हरीशचन्द श्रीवास्तव सहित सुगौली इकाई के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। गन्ना उत्पादक किसानों में अनिल दूबे, नागेन्द्र सिंह, विजय कुमार नायक, राम गोपाल खण्डेलवाल, धरमेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र यादव एवं मो. असहाब आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहें। महाप्रबंधक श्री दीक्षित ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 के दौरान 50 लाख क्वींटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जिसे लगभग 150 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। करखने का परिचालन नवम्बर माह में प्रारम्भ होने से किसानों में हर्ष का माहौल है, क्योकि उनको अपना खूँटी गन्ना काटकर मिल में आपूर्ति करने से समय पर खेत खाली होगा जिसमें आलु, दलहन, तिलहन आदि फसलों की खेती करने का मौका मिलेगा। महाप्रबंधक श्री दीक्षित ने बताया कि सही तौल और समय पर भुगतान देने की परम्परा विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी अनवरत जारी रहेगी। साथ ही किसानों से अपील की गई कि अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना की खेती की जाए क्योकि सुगौली क्षेत्र में कभी बाढ़ तो कभी सुखाड़ के कारण किसानों की अन्य फसलें बर्बाद हो जाती है। मौसम के प्रतिकूल तेवर को गन्ना की फसल सह लेती है इसलिए किसानों को अन्य फसलों की खेती करने की जोखिम से बचना चाहिए।

# थोक उर्वरक विक्रेता एवं विभिन्न कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ जिला कृषि अधिकारी ने की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




मोतिहारी। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता एवं विभिन्न कंपनी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ जिला सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा रबी मौसम में उर्वरक की बिक्री एवं सुगमतापूर्वक निर्धारित मूल्य पर किसानों तक उर्वरक पहुंचाने के संबंध में चर्चा की गई।

सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि उर्वरक बिक्री में उर्वरक के साथ कोई भी अन्य प्रोडक्ट टैग्ड करके नहीं दिया जाय। अगर किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा यह शिकायत किया जाता है कि उन्हें जबरदस्ती उर्वरक के साथ अन्य प्रोडक्ट टैग्ड किया जा रहा है तो वैसे थोक उर्वरक विक्रेता को चिन्हित करते हुए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जायेगा। सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निदेशित किया गया कि सभी विक्रेता सरकार के निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करें। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंकध एवं किसान सलाहकार को निदेशित किया गया कि सभी कर्मी अपने आवंटित प्रतिष्ठान१ पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरक की बिक्री एवं सतत निगरानी रखना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभी थोक उर्वरक विक्रेता, सभी कंपनी के क्षेत्रीय पदाधिकारी, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र शिव शंभु कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस छापेमारी तेज, दो धराए, दर्जनों देसी शराब नष्ट किया गया



प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना पुलिस ने दो अलग अलग छापेमारी में कार्यवाई करते हुए दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।वहीं दर्जनों देसी शराब और घटनास्थल से मिले कच्ची शराब को छापेमारी कार्यवाई के दौरान नष्ट कर दिया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि दो अलग अलग समय मे अलग अलग छापेमारी गठित गश्ती दलों के द्वारा शराब बनाने और बेचने के विरुद्ध एएसआई धर्मेंद्र कुमार और एसआई नीतू कुमारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिसमें दो व्यक्तियों को शराब बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है और दर्जनों लीटर देसी शराब और कच्ची शराब को बरामद कर नष्ट किया गया है। घटनास्थल से फरार अभियुक्त और धराए शराब कारोबारियों के विरुद्ध बिहार मधनिषेध के तहत अग्रतर कार्यवाई की जा रही है। बतादें की बिहार में शराब के निर्माण और बेचने समेत इसके भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध है। लेकिन पूजा पर्व के दौरान शराब कारोबारियों के द्वारा शराब बेचने और पीने से बाज नहीं आ रहे हैं।ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा इनके विरुद्ध सख्त कार्यवाई तेज कर दी है।

# मानपुर में जदयू का भव्य मिलन समारोह सह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम

## राजद समर्थक हजारों की संख्या में जदयू का सदस्यता ग्रहण किया

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।सारण जिला के नगरा प्रखंड क्षेत्र के मानपुर गांव में सोमवार को भव्य मिलन समारोह सह जदयू सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हजारों के संखिया में जदयू का सदस्यता ग्रहण किया मुख्य रूप से अफौर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधियों मिथलेश कुमार राय,सामाजिक कार्यकर्ता नफीस खान ,मुन्तजिर खान,रिजवान खान ,साजिद आलम सोनू,अबरार आलम खान ,नूर आलम ,लियाकत अली,साजिद हुसैन खान ,महम्मद मासूम रजा ,संजय कुमार ,सहित हजारों लोगों ने पार्टी में शामिल होकर जदयू के प्रति अपनी निष्ठा जताई.।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने की जबकि मंच संचालन मांझी प्रखंड अध्यक्ष अख्तर अली द्वारा किया गया।

.इस महत्वपूर्ण आयोजन में जदयू के कई शीर्ष नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे.। प्रदेश महासचिव सह सारण प्रमंडल संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों से अवगत कराया पार्टी का लक्ष्य प्रदेश में समग्र विकास करना है जनता को साथ लेकर ही यह संभव है ।

प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि जदयू की सरकार ने अल्पसंखयक समाज के साथ साथ हर तबके को आगे बढ़ाने का काम किया है।

पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों के हित में ढेर सारे योजनाएं संचालित किए है। प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि आज पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों से कहेंगे की पार्टी के सिद्धांतो और नीतियों पर अमल करे ।

जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि जदयू की सरकार हमेशा से समाज के सभी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है ।

विधानसभा प्रभारी इंद्रदेव पटेल ने कहा कि भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग जदयू का सदस्यता ग्रहण किए है इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी ।मौके पर आनंद किशोर सिंह, सतेंद्र सिंह,सुधाकर भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा,हामिद खान, नजमुल होदा,मोहम्मद फिरोज,अरशद परवेज मुन्नी, ई0 प्रभास शंकर,कुसुम देवी,लियाकत अली,जावेद अब्बास पप्पू,संभू मांझी,वीरेंद्र गिरि,इम्तेयाज परवेज,मनोज सिंह,शकीला बानो,साबिर खान,मकबूल हुसैन, मो0रियाजउद्दीन आदि उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन अल्पसंखयक मोर्चा के जिला अध्यक्ष वसीम अकरम ने किया।

### आग लगने से मची अफरातफरी, आधा दर्जन घर जलकर राख

बगहा ।अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गईं । देखते हीं देखते आग की भयावह लपटों में करीब आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए हैं जिससे ग्रामीणों कों लाखों का नुकसान पहुंचा है । दरअसल उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित भीतहा थाना क्षेत्र के मच्छहां बिनटोली इलाके में खाना बनाकर छोड़ा गया था इसी दौरान मिट्टी के चूल्हे में आग सुलग गईं और हल्की हवा के बीच आग नें विकराल रूप धारण कर लिया, लिहाजा रिहायशी इलाके में आग लगने से भगदड़ मच गईं हालांकि ग्रामीणों नें आपसी सहयोग से आग बुझानें की कोशिश की तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम नें मोर्चा संभाला और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। बता दें की गंडक दियारावर्ती भीतहा के मच्छहा बिनटोली गाँव में खाना बनानें के दौरान लगीं भीषण आग में सतन राम, मकसूद अंसारी आदि के घर जलें है।

## जब शासन और प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान तो पूजा समिति ने सहयोग से बना डाला बड़ा मंडप

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। पूरे शहर में सबसे बड़ा धार्मिक परिक्षेत्र है नागा बाबा मठ, जहां शहर का सबसे बड़ा दुर्गा पूजा से लेकर, कई वार्डो के लोगों के अंतिम संस्कार के पिंड दान आदि क्रियाएं संपन्न की जाती है। जिसे नगर परिषद और स्थानीय नेताओं ने कभी भी ध्यान नहीं दिया। इसे कई बार पार्क बनाए जाने की झूठी दलीलें भी दी गई, परन्तु सब नतीजा विफल रहा। लेकिन, अब इसका जिम्मा नागा रोड दुर्गा पूजा समिति ने लिया और कुछ धार्मिक प्रवृति के लोगों से सहयोग राशि के माध्यम से सबसे पहले एक बड़ा स्टेज बनाया गया, और अब उसके बाद एक बड़ा सा छत रूपी मंडप बनाया जा रहा है। जिसकी विधिवत पूजा करते हुए सोमवार को उसके छत की ढलान कर दी गई है, अब इससे पूजा होने के साथ आम लोगों को भी काफी फायदा होने वाला है। इसमें चाहिए कि लोग आगे आकर इसके फिनिशिंग में भी मदद करे।

# सड़क पर पसरा नाली का पानी, पर्व में बढ़ी परेशानी

प्रात: किरण, संवाददाता

करपी। शहर तेलपा बाजार में सड़क पर गिर रहा नाली का पानी महापर्व में परेशानी डाल सकती है ।बाजार जहां से निकलने वाली सभी सड़क शहर तेलपा खड़ासीन रोड हो या शहर तेलपा मेहंदिया सड़क एवं शहर तेलपा बाजार से करपी जाने वाली सड़क तीनों पर नाली से गिर रहे पानी का जमाव है। वैसे तो प्रतिदिन आम आदमी इस परेशानी का सामना कर रहा है। कोई भी ऐसा आदमी नहीं जिसके ऊपर नाली के पानी का छिट नहीं पड़ता हो । कई बार छोटी मोटी गाड़िया सड़क पर बने गढ़े में फंस कर गिर जाती है। वर्षो से हो रही इस परेशानी पर किसी प्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया ।सनातन धर्म का सबसे पवित्र महापर्व छठ पूजा जिसे सारे लोग पवित्रता के साथ धूमधाम से मनाते हैं ।इस पूजा में सर्वप्रथम पवित्रता का ख्याल सभी जगह पर किया जाता है। लेकिन स्थानीय प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों ने किसी ने सड़क पर गिर रहे नाली के पानी पर कभी भी कुछ सोचने का प्रयास नहीं किया। महापर्व पर राज्य सरकार के द्वारा साफ सफाई का विशेष आदेश जारी किया जाता है लेकिन उसके बावजूद इसकी दुर्दशा बरकरार रहती है। पर्व के समय कम से कम सड़क पर गिर रहे नाली के पानी को किसी तरह से विकल्प देकर उसे ठीक करने का प्रयास किया जाता लेकिन प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि तक प्रतिदिन शहर तेलपा बाजार की सड़कों से गुजरते हैं लेकिन आम जनता की समस्या का कोई निदान खोजने का उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया है ।कम खर्चे में भी सड़क पर गिर रहे पानी को बंद किया जा सकता है लेकिन प्रशासन इतना संवेदन शून्य हो गई है कि उसे इस छठ महापर्व से क्या लेना देना है। सिर्फखानापूर्ति के ख्यालों से प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा छठ घाटों का निरीक्षण किया जाता है लेकिन छठ घाट तक जाने वाले व्रत धारी कैसे शुद्धता बनाए हुए घाट तक पहुंचेंगे उस पर उनका ध्यान नहीं जाता है ।छठ महापर्व की शुरूआत आज नहाय खाय से शुरू हो रही है लेकिन अभी तक किसी भी पदाधिकारी ने सड़क पर गिर रहे कचरा को साफ करने की जिम्मेदारी नहीं ली है और जिम्मेदारी नहीं लेना यह प्रशासन की नियति बन गई है। सिर्फ सड़क पर पुलिस गाड़ियों के गश्ती लगने से ही समस्याओं का समाधान हो।

## ब्लडीहा के घर का खिड़की उखाड़ कर चोरी



कोपा - कोपा नगर पंचायत के बलडिहा गांव में बीती रात एक आर्केस्ट्रा संचालक के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया ।कमरे का खिड़की उखाड़ कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया ।घर आर्केस्ट्रा संचालक दीपक यादव का बताया गया है ।उसने कोपा थाने में लिखित शिकायत दी है। चोरों ने घर की खिड़की तोड़ कर घर मे रखे दो बड़ा गैस सिलेंडर की टंकी,दो एम्प्लीफायर मशीन,12 चैनल का एक मिक्गर मशीन,एक सोने के टाप्स की चोरी कर ली गई है ।सोमबार की सुबह 9 जब दरवाजा खोला गया तो खिड़की का उखाड़ा हुआ था ।चोरी की सूचना पर कोपा थाने के 112 गस्ती टीम को दिया ।गस्ती टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक संपन्न

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निदेश दिया गया। पैक्स निर्वाचन से संबंधित तैयारी को समयबद्ध ढंग से निष्पादित करने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

जिला में 29 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करना शेष है, इस कार्य को उच्च प्राथमिकता देते हुए सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 2, 3, 23 एवं 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व में अधिकांश लोग अपने गाँव/घर आते हैं। इसको देखते हुये 9 एवं 10 नवंबर को भी विशेष अभियान दिवस चलाने का निदेश दिया गया।

इस दिन सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे तथा जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उनका नाम सूची में शामिल करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु विशेष पहल सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

## श्री चित्रगुप्त समिति द्वारा आयोजित आम समा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जुटे गणमान्य लोग एवं बच्चे

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। श्री चित्रगुप्त समिति द्वारा रविवार को देर संध्या समय आयोजित आम सभा,सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पारितोषिक वितरण समारोह में जहां एक तरफ समाज के प्रबुद्ध चित्रांश व्यक्तियों ने कायस्थ समाज के एकजुटता,शिक्षा,बेरोजगारी को लेकर चिंता प्रकट की वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के चयनित प्रतिभागियों ने अलग अलग अपनी अपनी प्रतिभाओं को बिखेरा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री चित्रगुप्त वंदना ,भजन,लोक नृत्य,भोजपुरी गीत,गजल आदि की प्रस्तुति में बच्चे बच्चियों ने अपने जलवा को बिखेरा ।इस रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत शिल्पी कुमारी,श्रेया कुमारी,स्नेहा परासर,रूपम कुमारी,एवं शिवानी कुमारी द्वारा प्रस्तुत श्री चित्रगुप्त वंदना से हुई। तदोपरांत ब्रज किशोर किंडर गार्टन के आर्यन ने भजन प्रस्तुत कर इसकी गति बढ़ा दी जिसका बोल था.. .ऐसी लागी लगन...। इसी स्कूल की वैष्णवी,सेजल प्रिया ने गणेश वंदना प्रस्तुत की जबकि अभिराज तिवारी ने

ह्ल राम जी से पूछे जनकपुर के नारी.. के बोल पर भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीत लिया।

वहीं एच आर इंपीरियल स्कूल की रियम प्रीत कौर ने लोक नृत्य कर दर्शकों का मन मोहा तथा उन सभी को तालिया बजने पर विवश किया। इसी स्कूल की सुप्रिया,खुशी,ने ह्लघुमड़ घुमड़ ..ह्वके बोल पर राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी ।जबकि एच.आर.पब्लिक स्कूल की रूहानी मनीषा ने गजल प्रस्तुत की जिसका बोल था.

.ह्लतुम इतना जो मुकरा रहे हो,

क्या गम है उसको छिपा रहे होह्व

वहीं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की चांदनी सिंह,सुहानी कुमारी,कृति प्रज्ञा,खुशी शर्मा ने लोक नृत्य कर कार्यक्रम में पुनः एक और गति प्रदान कर दी ।जबकि ब्रज किशोर किंडर गार्टन की छोटी बच्ची ने ह्लतुमको देखा तो ख्याल आया..ह्वके बोल पर गजल सुनाकर खूब तालियां बटोरी।

इसके बाद जान गंगा पब्लिक स्कूल की बच्चियां आर्या कुमारी, प्रिया कुमारी,श्रेया कुमारी,एच आर इंपीरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा आर्या श्रीवास्तव,संस्कृति द मॉडल स्कूल की श्रृष्टि, प्रिया ने जहां लोक नृत्य पेश किया वही ब्रज किशोर किंडर गार्टन की छात्रा प्रतिज्ञा कुमारी ने ह्लमधुबन मे जो कन्हैया..ह्वके बोल पर रेकॉर्डिंग नृत्य प्रस्तुत कर जबरदस्त वाहवाही बटोर कर चर्चा के केंद्र बिंदु में रही ।इस पूरे कार्यक्रम में उद्घोषक मनीष कुमार सिन्हा ने संचालन करते हुए एक सूत्र में सभी को बांधे रखा।

तत्पश्चात सभी विधाओं के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें पूर्व प्राचार्य डॉ.एम.के.शरण,वरीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. बी. के. श्रीवास्तव, डॉ.अमिता श्रीवास्तव ,महासचिव विमल कुमार वर्मा ने पठन पाठन सामग्री, मोमेंटो,एवं प्रमाण पत्र देकर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया ।समिति के उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद श्रीवास्तव,संयुक्त महासचिव राकेश नारायण सिन्हा,सचिव मनीष रंजन,मनोज कुमार,संगठन सचिव अभिषेक रंजन,कोषाध्यक्ष हरि किशोर श्रीवास्तव पारस नाथ श्रीवास्तव,रवि कुमार रविश,,सुनील वर्मा,,सुभाष चंद्र भास्कर शुभम कुमार,राज सिन्हा,डॉ अजीत कुमार सिन्हा सहित अनेकों चित्रांशी की उपस्थिति में आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ.एम. के शरण ने चित्रांश समाज में बढ़ रही बेरोजगारी को दूर करने के लिए समिति को एक व्यापक कदम उठाने की सलाह दी ।साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोई न कोई सकारात्मक पहल होनी चाहिए ।डिजिटल युग में ई लाइब्रेरी के माध्यम से शिक्षा दिलाया जा सकता है ।इसके लिए सभी चित्रांश से जुड़े समितियों को आगे आना चाहिए वहीं वरीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के कई उद्बोधन का उद्धृत करते हुए सभी चित्रांश समितियों की एकजुटता पर बल दिया तथा कहा कि यही एक ऐसा समाज है जो सामाजिक,सांस्कृतिक,शैक्षणिक रचनात्मक कार्यों को निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करता है ।अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा ने समिति के ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जबकि महासचिव विमल कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।इस मौके पर मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता,पूर्व मेयर राखी गुप्ता, उपमेयर रागिनी देवी ,धर्मनाथ पिंटू समाजसेविका चांदनी प्रकाश,ई. अभिजीत श्रीवास्तव,अजय कुमार सहाय,शशि रंजन,बिट्टू,सुबोध कुमार श्रीवास्तव,मोहन कुमार वर्मा,अरुण कुमार,प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे अंत में,अजीत सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

# अब घर की दहलीज तक टीबी के संदिग्ध मरीजों की जांच की सुविधा उपलब्ध



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। अब आपके घर की दहलीज तक टीबी की जांच की सुविधा उपलब्ध हो गयी है। यानि आपके घर के पास हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अब टीबी के संदिग्ध मरीजों का सैंपल कलेक्शन किया जायेगा। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। टीबी मरीजों की जांच में तेजी लाने के लिए सरकार की तरफ से एक नई पहल की गयी है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ से कहा गया है कि अगर उनके यहां कोई संभावित टीबी का मरीज आता है तो उसका नाम व पता नोट करने के साथ ही सैंपल कलेक्शन करके उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजे। यहां पर उसके बलगम की जांच कराई जाएगी। आवश्यकता होने पर सीबीनाट या ट्रूनेट जांच भी कराई जाएगी। जांच में अगर मरीज पाजिटिव पाया जाता है तो उसका पंजीकरण कर नियमित इलाज कराया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं, जहां पर हर प्रकार के मरीज आते हैं। सेंटर पर आने वाले मरीजों में टीबी रोगियों की पहचान हो सकेगी। वर्ष 2025 तक देश से टीबी को समाप्त करने की मुहिम में इससे मदद मिलेगी ।पहले टीबी के मरीजों को दवा के लिए दूर जिला अस्पताल या पीएचसी और सीएचसी पर जाना पड़ता था, लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग ने इस समस्या को दूर करते हुए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हीं टीबी के मरीजों का दवा उपलब्ध करा दिया है, ताकि मरीजों को दवा के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़े आसानी से घर की दहलीज तक हीं टीबी की दवा मिल सके। सरकार की ओर से 2025 तक क्षय रोग को पूरी तरह से खत्म करने का टारगेट रखा गया है।

इस अभियान में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की भूमिका तय की गई है ।संभावित क्षय रोगियों के बलगम की जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन के ठोकर से दो की हुई मृत्यु

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ/ सूर्यपुरा (रोहतास) राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120 डुमरांव बक्सर रोड पर कैलानी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान। प्राप्त जानकारी के अनुसार काराकाट निवासी विनोद कुमार उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नी उम्र 45 वर्ष के संग मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि इसी बीच अज्ञात वाहन संभवतः ट्रक से कुचले जाने के कारण एक की मृत्यु तो घटनास्थल पर ही हो गई जबकि दूसरे की मृत्यु रेफरल अस्पताल धनगाई में इलाज के क्रम में हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सूरजपुरा प्रिया कुमारी ने बतलाया कि शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सासाराम भेजा गया है। पुलिस इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### विभिन्न कांडों में अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

दावथ (रोहतास) दावथ थाने की पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र से वारंटियों सहित अपराधियों की की गिरफ्तारी। थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि गैर जमानती वारंटी अभियुक्त धनंजय तिवारी उर्फ लकड़िया बाबा पिता गोपाल तिवारी तथा कृष्णा राम पिता घुरबिगन राम दोनों ग्राम हठधिया थाना दावथ को गिरफ्तार किया गया है, तो वही दो स्थायी वारंटी विकेन्द्र सिंह पिता नागेश्वर सिंह तथा नागेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय पेल्टू सिंह दोनों ग्राम गंगटी थाना दावथ को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दावथ थाना कांड संख्या 348/24 दिनांक 02.11.24 धारा 30ए बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के प्राप्त अभियुक्त श्याम बिहारी भोज पिता स्व रामायण भोज ग्राम मलियाबाग थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है '

### रामगढ़ में जन सुराज का जोरदार अभियानः जनता से जुड़ाव और विकास का दृढ़ संकल्प

गया। आगामी उपचुनाव के मद्देनजर जन सुराज पार्टी चारों विधानसभा क्षेत्रों में पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज के कार्यकर्ता लगातार स्थानीय जनता को संगठन का संस्थापक सदस्य बना रहे हैं। साथ ही जनता को जन सुराज के उद्देश्यों और चुनाव चिन्ह की जानकारी भी दी जा रही है। हर उम्र और वर्ग के लोग जन सुराज का हिस्सा बन रहे हैं, जिससे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि जनता बदलाव की ओर कदम बढ़ा रही है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज प्रत्याशी सुशील सिंह कुशवाहा भी सक्रिय रूप से क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। कुशवाहा ने जनता को आश्वस्त किया है कि यदि आगामी उपचुनाव में जन सुराज को जनता का समर्थन मिलता है, तो वे अपने कार्यकाल में रामगढ़ के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### आग्नेयास्त्र/कारतूस भौतिक सत्यापन कार्य 11 से 19 नवम्बर तक

अरवल। आगामी पैक्स चुनाव 2024 के मद्देनजर आग्नेयास्त्र / कारतूस का भौतिक सत्यापन का कार्य दिनांक 11 नवम्बर से लेकर 19 निर्धारित की गई है। भौतिक सत्यापन संबंधित थानों/ ओपी में की जायेगी। इस दौरान जिले के वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारी लोग जिनके द्वारा शस्त्र का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त तिथि को पूर्वाह्न 10:00 बजे से लेकर अपराह्न 5:00 बजे तकशस्त्र एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन करावें।

# जिला गंगा समिति भोजपुर द्वारा गंगा उत्सव 2024 का किया गया आयोजन

## कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया दीप प्रज्वलित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा :जिला गंगा समिति भोजपुर के द्वारा गंगा उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप उप विकास आयुक्त भोजपुर, नोडल अधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर,जिला समन्वयक लोहिया स्वक्छ मिशन ,भोजपुर ,जिला परियोजना अधिकारी,जिला समन्वयक आईटीसी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्य के कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस उत्सव का आयोजन की जिला गंगा समिति भोजपुर के ओर से महिला महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महुली गंगा घाट पर कबड्डी प्रतियोगिता,गंगा आरती और दीप उत्सव का आयोजन किया गया।। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा कि गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य नदी को स्वच्छ बनाए रखने एवं इसके उत्थान, संरक्षण और अविरलता के प्रति आमजन जागरूक है। जिला गंगा समिति भोजपुर के तत्वाधान में हो रहे उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अति मोहक और आकर्षक थी इसमें कलाकार अपनी प्रस्तुति से गंगा और जिले की एक झलक देखने को मिला ,विशेष आयोजन के लिए जिला गंगा समिति के सदस्यों में आभार व्यक्त करती हु । जिला गंगा समिति भोजपुर की नोडल अधिकारी ने कहा कि 2017 से हर साल गंगा उत्सव का आयोजन गंगा नदी को ह्यराष्ट्रीय नदीह्व घोषित किए जाने की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जाता है। समूचे देश में मनाए जा रहे इस गंगा उत्सव पर्व अवसर पर सांस्कृतिक और कई प्रतियोगिता का आयोजन किया है। गतिविधियां के आयोजित इनमें स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगिताएं विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की प्रस्तुति जैसे बड़े कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि ।गंगा उत्सव दिवस पर गंगा आरती और दीप उत्सव जो गंगा महोत्सव का मुख्य आकर्षण केंद्र रहा। इस पर्व के दौरान गंगा नदी के पावन जल में श्रद्धालुओं योजनाओं द्वारा सैकड़ों दीये विसर्जित किए जो एक अविस्मरणीय दृश्य रहा । साथ ही संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन में गंगा नृत्य नाटिका और नमामि गंगे के गांव प्रस्तुति मन मुग्ध करने वाली रही।

इसके अलावा गंगा महोत्सव की मुख्य विशेषताओं में गंगा जागरूकता साइकिल रैली , समान्य ज्ञान , चित्रांकन रंगोली प्रतियोगिता, आदि के आयोजन किया गया ।

# गोडारी में चोरों का आतंक जारी, ज्वेलरी शॉप से उड़ाए लाखों के सोना-चांदी

■ पुलिस डॉग स्क्वॉड लेकर घटनास्थल पर पहुंची

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : नगर पंचायत के गोडारी में चोरों का आंतक जारी है। चोरों ने ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हुए लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर चुरा लिए और फरार हो गए।जानकारी के मुताबिक, काराकाट थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित एनएच 120 मुख्य पथ गोडारी बस पड़ाव के पास जेवरात दुकान में करीब दो से ढाई लाख की कीमत के सोना-चांदी की चोरी कर ली गई।

दुकान के मालिक गोडारी निवासी स्व. कामता सोनार के पुत्र गुडू सोनी ने बताया कि रविवार को पांच बजे के करीब दुकान बंद कर घर चले गये। सोमवार सुबह में जब दुकान खोलने गया तो देखा कि समान इधर उधर बिखरा हुआ और दुकान का पिछला हिस्सा से ऊपर से सेंध हुआ है।दुकान में रखे समान कि खोजबीन किया तो कस्टमर्स का रखा सामान, चांदी का जेवरात सहित कई समान गायब है । दुकानदार गुडू सोनी काफी हैरान परेशान दिखे वहाँ के आस पास के लोग पवन व रवि शर्मा ने बताया की ऐसे गोडारी बाजार पर निरंतर चोरी होती आ रही है इसमें जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन कुछ भी नही कर रही। जानकारी दे दिया जाए कि अभी कुछ दिन पहले ही मनोज आईटीआई में चोरी, उससे पहले लल्लू डॉयफूड से सीसीटीवी में कैद दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना, राम हरि साह के किराने दुकान, सरोज गुप्ता की सृंगार दुकान जिसकी सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हुई थी , बिनोद गुप्ता की मिठाई दुकान में तो लगातार तीन से चार बार, मुन्ना मोबाइल, पंकज का मोबाइल दुकान पर बिलखतेचोरी जिसके बाद दुकानदार को रोते देखा गया व काफी हो हंगामा भी हुए और कई दुकानदारों का दुकान में रात्रि व दिनदहाड़े चोरी हुये है।ऐसे में प्रशासन पर सवाल तो उठती है। पीड़ित ने काराकाट थाना में मोबाइल दुकान में चोरी की अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस चोरी की घटना के बाद स्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। साथ ही डॉग स्क्वॉड चोरी घटना स्थल मिट्टी को सूंघते हुए एक घंटे मस्कत के बाद चोर का पता न चल सका ।

# बिहार राजपूर्वी सैनिक संघ का महावारी मीटिंग लेफ्टिनेंट कर्नल राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में किया गया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । बिहार राजपूर्वी सैनिक संघ का महावारी मीटिंग लेफ्टिनेंट कर्नल राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण भवन के ऊपर आराम जी घर में किया गया।

सबसे पहले 2 मिनट की मौन धारण कर शहीदों की श्रद्धांजलि अर्पित की गई । अध्यक्ष महोदय ने छत पर्व को सब की शुभकामना दी

ऐसे 5 नवंबर को मीटिंग होना था लेकिन नहान खान के चलते वीरांगनाएं नहीं आती इसलिए आज 4 तारीख को मीटिंग की गई शहीदों के श्रद्धांजलि देने के बाद पूर्व सैनिक को और वीरांगनाओ से अपना पॉइंट बताने के लिए बताया गया सभी ने अपना अपना मत रखा बाद में अध्यक्ष महोदय ने बताया कि एउल्हर में दवा इसी महीने के 15 के बाद आएगा आप लोग दवा ले सकते हैं यदि दवा लेने हैं तो दवा आप लोग बाहर खरीद कर क्लेम कर सकते हैं कोई प्रॉब्लम नहीं है ।

इसी महीने में छठ के बाद जनरल अफासर कमांडिंग दानापुर और डायरेक्टर एउल्हर आएंगे। अध्यक्ष महोदय ने । आज एक ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय को सोफा जिसमें वरर मेमोरियल के देख रेख के बारे में एवं एक गार्ड देने के बारे में लिखा गया और । जिलाधिकारी महोदय से जाकर भी मिला उन्होंने आश्वासन दिया है कि विधानसभा चुनाव के बाद में आपके पूरा इंस्टीट्यूशन को देखूंगा अभी और गार्ड भी वहां पर दे देंगे अनुसरण समिति के बारे में उन्होंने बताया कि जल्द ही । अनु सरवन समिति की गठन कर दिया जाएगा और हम प्रत्येकमह। में मीटिंग करेंगे किसी भी फौजी का कोई समस्या होता है तो मेरे पास हर शुक्रवार को ११०० आ सकता है

मीटिंग का संचालन सुविधा रामदयालु सिंह ने किया आज धन्यवाद ज्ञापन । सूबेदार मेजर मेजर कन्हैया सिंह ने दिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर में मना लोक आस्था का महापर्व छठ

प्रातः किरण संवाददाता



आरा ।सरस्वती शिशु मंदिर बागर में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा अवकाश के पूर्व विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा झांकी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सम्मानित सचिव शिवकुमार राय जी, पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण बलराम जी,सरपंच प्रतिनिधि अमरेश जी, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार जी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के द्वारा शुरूआत हुई। सभी कक्षा के भैया बहनों के द्वारा छठ पूजा की झांकी एवं सुंदर झलकियां एवं गीत प्रस्तुत करते हुए अपने कला का प्रदर्शन किया।सचिव महोदय ने कहा कि बिहार का महान पवित्र छठ पूजा हिंदू मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सूर्य उपासना का अनुपम लोक पर्व है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने कहा कि वैदिक काल से चला आ रहा छठ पर्व देश नहीं विदेशों में भी मनाए जाने लगा है। ऋग्वेद में वर्णित सूर्य पूजन एवं उषा पूजन भगवान सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित होता है। नहाए खाए से शुरू होने वाला यह चार दिनों तक चलने वाला अनुपम पर्व है। इस पवित्र पर्व में शुद्धता का काफी ख्याल रखा जाता है ।पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण बलराम जी ने सभी भैया बहने एवं विद्यालय परिवार को लोक आस्था का महान पर्व छठ की शुभकामनाएं व्यक्त की। विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी भैया बहनों का भरपूर सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया ।सरपंच प्रतिनिधि अमरेश जी ने कहा कि अपने भारतीय संस्कृति सभ्यता को समाहित यह पर्व खासकर बिहार के लोगों की आस्था का केंद्र बिंदु है जिसमें उगते और डूबते सूर्य को अर्ध्य देते हैं। छठ वर्ती के रूप में बहन सोनम,कृषु, ज्योति, सुनीता, रिशु, प्रीति, प्रिया, मनीषा, सुधा, रोशनी, रागिनी, रिया रानी, स्नेहा, सारिका, निकिता, विद्या भारती, अनामिका, सोनम, खुशी, जागृति, रिया भारती आदि ने अपने मधुर स्वर में छठ गीत एवं झांकी को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में सभी भैया बहने एवं आचार्य परिवार के साथ अभिभावक गण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# प्लस टू उच्च विद्यालय कुरुर के शिक्षक प्रमोद पाण्डेय ने हेडमास्टर की परीक्षा में 374 वां रैंक किया प्राप्त

प्रात: किरण, संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए हेडमास्टर की प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट आयोग ने एक नवंबर को जारी किया । जिस परीक्षा में प्लस टू उच्च विद्यालय कुरुर के शिक्षक प्रमोद पाण्डेय एवं मनोरंजन कुमार ने भी अपनी सफलता का परचम लहराया । प्रमोद पाण्डेय ने राज्य स्तर पर 374 वां रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया । बताते चलें कि प्रमोद पाण्डेय अभी वर्तमान में इतिहास विषय के प्लस टू शिक्षक है । मनोरंजन कुमार सामाजिक विज्ञान विषय में माध्यमिक शिक्षक पद पर पदस्थापित है । दोनों शिक्षकों की सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्णा कुमार एवं वरीय शिक्षक वकील प्रसाद के साथ सभी शिक्षकों ने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# कन्या मध्य विद्यालय मोथा के बच्चों ने प्रस्तुत किए छठ पूजा की झांकी



प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय मोथा में बच्चों ने छठ पूजा पर आधारित कार्यक्रम में बहुत ही आकर्षक झांकी प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने छठ पूजा की पारंपरिक गतिविधियों में भाग लिया ।कार्यक्रम में छठ पूजा की महत्ता और इसके पीछे की कहानियों को साझा किया गया ।विद्यार्थियों ने छठ पूजा के गीत गाए और पूजा की विधि को पूरा किया ।इस अवसर पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक नौशाद खां ने कहा कि छठ पूजा हमारी संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है । यह हमें अपने पूर्वजों की याद दिलाता है और हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है ।इस संदर्भ में उक्त विद्यालय के शिक्षक रविकांत तिवारी ने कहा कि छठ पूजा का कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपरा के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है ।यह हमारे विद्यार्थियों को एकता और सद्भावना के साथ जोड़ता है । प्रधानाध्यापक खां ने बताया कि इस झांकी में हमारे विद्यालय के बच्चों में राहुल कुमार, लक्की कुमार,विकास कुमार,ज्योति कुमारी,सीमा कुमारी,रूबी कुमारी , प्रियांशु कुमारी,खुश्बू कुमारी सहित अन्य बच्चों ने बढ़चढकर भाग लिया ।साथ ही इस झांकी में शिक्षक रविकांत तिवारी ,संजय सिंह,शिक्षिका रानी कुमारी,शारदा कुमारी सहित अन्य कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही ।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत बच्चों ने की प्रस्तुति



दावथ (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालयों में चल रहे प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के तहत बच्चों ने विज्ञान एवं गणित पर आधारित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लिया ।इस संबंध में प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार निरज ने बतलाया कि विज्ञान और गणित पर आधारित गतिविधियों में बच्चे हिस्सा लेकर अपनी प्रस्तुति देते हैं। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं गणित में बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए कराई जाती है। मध्य विद्यालय उसरी में गणित पर आधारित अपनी प्रस्तुति को दिखाते हुए ज्योति कुमारी , पिंकी कुमारी दोनों कक्षा 7 एवं प्रीति कुमारी कक्षा 6 की छात्रा ने अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। मालूम हो कि यह तीनों छात्राएं आपस में सगी बहनें हैं ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार नीरज, जितेंद्र प्रसाद एवं मोहम्मद अशफाक आलम मौजूद रहे ।इस तरह की प्रस्तुति पर इन लोगों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

# निरंजन पुर व ओसावं गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया

काराकाट (रोहतास) कच्छवा थाना क्षेत्र के निरंजन पुर व ओसावं गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी कराया है। निरंजन पुर की घटना में प्रथम पक्ष शिवशंकर सिंह ने तीन लोगों को नामजद करते हुए थाने में प्राथमिकी कराई है वहीं उसी गांव के दूसरे पक्ष के ललन सिंह ने सात लोगों को नामजद किया है। वहीं ओसावं गांव में हुई दो पक्षों में मारपीट में प्रथम पक्ष के विशाल कुमार ने आठ लोगों पर प्राथमिकी कराते हुए कहा है कि उनके दुकान पर आकर मारपीट किया गया है और 27000 राशी लूट ली गई है। दूसरे पक्ष के चन्दन कुमार ने दस लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार के अनुसार दोनों मारपीट की घटना को ले आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# सड़क दुर्घटना मे पति पत्नी की हुई मौत

प्रातः किरण संवाददाता



दावथ(रोहतास) : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज मलियाबाग एन एच 120 मुख्य पथ पर कल्याणी गाँव के समीप अज्ञात वाहन की धक्के से बाईक सवार पति पत्नी बुरी तरह से जख्मी हो गये ।जिसमे पत्नी की मौत घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पति की मौत इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल मे हो गई ।थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि काराकाट थाना अंतर्गत बाए डिहरी गाँव निवासी 48 वर्षीय विनोद सिंह अपनी पत्नी चिंता देवी को बाईक पर सवार कर मलियाबाग की तरफ जा रहे थे ।इसी बीच कल्याणी गाँव के समीप बने डायवर्सन के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गिरकर बुरी तरह से जख्मी हो गये ।घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही एस आई वसंत कुमार घटना स्थल पर पहुंच जख्मी हालत मे पड़े पति विनोद सिंह को इलाज के लिए अनुमण्डलीय अस्पताल पहुंचाया जहाँ इलाज के दौरान विनोद सिंह की मौत हो गई। घटना स्थल पर मृत पत्नी चिंता देवी व पति का पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया ।अब घटना कैसे हुई इसका पता नही चल पाया है फिलहाल पुलिस मृतक के बाईक को कब्जे मे ले ली है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर अब तक आवेदन अप्राप्त है ।आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई किये जाने की बात बताई।

# 26 को होगा जिला समाहर्ता के समक्ष किसानों एवं मजदूरों का विशाल चेतावनी रैली

प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर ।26 नवंबर 2024 को बक्सर जिला समाहर्ता के समक्ष किसानों एवं मजदूरों का विशाल चेतावनी रैली द्वारा सरकार को अल्टीमेटम। किसान नेता अशोक तिवारी के हत्यारे एवं साजिशकर्ता को अविलंब गिरफ्तार करो,उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपया मुआवजा दो।

चौसा थर्मल से प्रभावित किसानों को जमीन का वाजीब मुआवजा तथा बक्सर जिला समाहर्ता द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार एस टी पी एल से प्रभावित किसानों, मजदूरों एवं बेरोजगार नौजवानों को लाभान्वित किया जाए। 20 मार्च 2024 को बनारपुर,कोचाढी और मोहनपुरवा गांव पर हुए पुलिसिया तांडव,लूटपाट,तोड़फोड़ एवं मारपीट के लिए दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों पर अविलम्ब कठोर कार्रवाई करो।

उ-2+50 प्रतिशत के आधार पर समर्थन मूल्य तय कर सभी फसलों को खरीदने का कानून बनाओ। एक साजिश के तहत कॉर्पोरेट के लिए किसानों से जमीन छीनने हेतु की जा रही सर्वे पर अविलंब रोक लगाओ। किसानों की आत्महत्या रोकने हेतु सभी किसानों को कर्ज मुक्त करो। बिजल का निजीकरण एवं स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक तथा स्मार्ट मीटर खरीदने में हुए घोटाले की अविलंब जांच करो।सभी फसलों एवं पशुपालन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों द्वारा पुनःबीमा योजना चालू करो।60 साल की उम्र से सभी पुरुष में एवं महिला किसानों एवं मजदूरों को 10000 रु मासिक पेंशन दो।

अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाओ तथा अधिग्रहित भूमि का वर्तमान बाजार दर से चार गुणा मुआवजा दो। सर्व प्रथम किसान नेता अशोक तिवारी की नृशंष हत्या पर लोगों ने रोष व्यक्त किया। उनकी मृत्यु पर शोक प्रस्ताव पेश किया गया तथा 2 मिनट खरा रहकर मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा देश व्यापी किसानों एवं मजदूरों का विशाल चेतावनी रैली को सफल बनाने और सरकार को अल्टीमेटम देने के लिए बनारपुर पंचायत भवन पर मुन्ना तिवारी की अध्यक्षता में आज एक विशाल किसान समागम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम किसान नेता अशोक तिवारी की नृशंष हत्या पर रोष व्यक्त किया,उनके मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए 2 मिनट खड़ा होकर मौन धारण उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

किसान समागम को संबोधित करते हुए किसान नेता दिनेश कुमार ने किसानों को ललकारते हुए कहा की किसानों का विशाल कारवां एक बार फिर गुनहगारों को 26 नवंबर को बक्सर जिला समाहर्ता के समक्ष एक विशाल चेतावनी रैली के द्वारा अपनी मांगों का अल्टीमेटम देगा। उन्होंने कहा कि अशोक तिवारी की हत्या पर अनुमंडलाधिकारी एवं एस डी पी ओ बक्सर की गलत ब्यानी से साफ स्पष्ट है कि इस हत्या की साजिश में वे भी शामिल हैं।

# काराकाट नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने छठ पूजा घाट का किया उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट नगर पंचायत वार्ड संख्या 12 में बिहार सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग पटना योजना के सौजन्य से तेनुवा टोला वाया ट्रांसफार्मर से होते हुए ललन सिंह के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य किया गया । जिसकी प्राक्कलित राशि 1,480,240 है ।तो वहीं उसी वार्ड में तेनूवा टोला पर छठ पूजा घाट का निर्माण कार्य किया गया । जिसकी प्राक्कलित राशि 9,70,100 है । जिसका उद्घाटन काराकाट नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ,उप मुख्य पार्षद रविश रंजन ,ईओ सीमाब मतीन ,वार्ड संख्या 12 के वार्ड पार्षद अजय सिंह ,वार्ड संख्या 2 के वार्ड पार्षद संतोष तिवारी व मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया । उसके उपरांत मुख्य पार्षद ने नारियल फोड़ एवं फीता काटकर उद्घाटन किया । मुख्य पार्षद ने कहा कि लोक आस्था व सूयोर्पासना का चार दिवसीय महापर्व छठ मनाने से लोगों को धन व धान्य की प्राप्ति होती है ।मौके पर जनप्रतिनिधि,अधिकारी समेत समस्त ग्रामीण लोग मौजूद थे ।

# जिलाधिकारी,भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति का किया गया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिलाधिकारी,भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गई।

इस बैठक में विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं इसके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जो मुख्यतः विद्युत विभाग,समाज कल्याण विभाग,पंचायती राज विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,जीविका,स्वास्थ्य विभाग,योजनाविभाग,डीआरसीसी,कल्याण विभाग,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आदि से संबंधित थे।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, स्कूलों में असैनिक कार्य,आगनवाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को हढव एवं हरढ के निर्माण में तेजी लाने को कहा ।समाज कल्याण विभाग के समीक्षा के क्रम में वऊक्कू कार्ड के निर्माण की स्थिति संतोषजनक नहीं रहने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी दिव्यांग पेंशनर को विशेष कैंप लगाकर अविलंब वऊक्कू कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने पंचायती राज पदाधिकारी से पंचायत सरकार भवन का निर्माण, अनुरक्षक एवं बिजली बिल का भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली ।साथ ही अविलंव पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,नगर आयुक्त,सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्कोर समिति की किया गया समीक्षात्मक बैठक



आरा । जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्कोर समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में अवर निबंधक के द्वारा बताया गया कि आरा सदर अभिलेखागार में अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए बुक स्कैनर अधिष्ठापित किया गया है ।साथ ही जिलाधिकारी ने निबंधन कार्यालय,जगदीशपुर में जन सुविधा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। इस बैठक में जिला सब-रजिस्टार , सब-रजिस्टार जगदीशपुर/पीरो , सहायक आयुक्त,मद्य निषेध , जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी पदाधिकारी, ,मुख्य शाखा प्रबंधक , कतीरा

# प्रधानमंत्री ने गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से झारखंड में की चुनावी सभा





प्रातः किरण संवाददाता

गया ।झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड के दौरे पर हैं. प्रधानमंत्री की आज की पहली सभा झारखंड के गढ़वा में होगी. ।गढ़वा जाने के लिए पीएम मोदी का विमान दिल्ली से गया एयरपोर्ट पहुंचा है यहां 10:45 पर प्रधानमंत्री के विमान की लैंडिंग हुई है और यहां से प्रधानमंत्री विशेष हेलीकाप्टर के द्वारा गढ़वा के लिए रवाना हुए हैं।

गया एयरपोर्ट से गढ़वा के लिए रवाना हुए पीएम मोदी रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री का गया एयरपोर्ट पर जिले के उच्य अधिकारियों समेत नेताओं ने स्वागत किया है ।प्रधानमंत्री के गया एयरपोर्ट पर आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े व्यवस्था किए गए थे। जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन और वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने प्रधानमंत्री के आगमन से पहले बाहरी सुरक्षा का निरीक्षण किया है ।गया पुलिस द्वारा एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में भी पुलिस की नियुक्ति की गई थी। विमान के आने से पहले एयरपोर्ट की बाउंड्री से सटे होकर गुजरने वाले गया डोभी और गया चेरकी रोड पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक को भी रोका गया है।

झारखंड विधानसभा चुनावः झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं. मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है ।इस बार भी मुख्य लड़ाई हेमंत सोरेन की झामुमो और बीजेपी में होगी. एक तरह से कहा जाए तो इंडिया अलायंस और एनडीए आमने-सामने है.।

वहीं नीतीश कुमार की जेडीयू भी सियासी खेल बिगाड़ने के लिए चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। चुनाव से पहले दिग्गजों ने अपनी ताकत झोंक दी है। सोमवार आज गढ़वा और चाईबासा में पीएम मोदी की चुनावी सभाएं की हैं।

# छठ महापर्व को लेकर थानाध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया छठ घाट का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) लोग आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर सोमवार को मानिकपुर के विभिन्न गांव में अंचल अधिकारी रितिका कृष्ण व मानिकपुर थाना अध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने छठ महापर्व को लेकर सजाया जा रहे हैं छठ घाट का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में छठ घाट की साफ सफाई से लेकर छठ घाटों पर वेरिफिकेशन करने की बात कही उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान कई छठ घाट पर पानी अत्यधिक है जिसके वजह से छठ घाटों पर वेरीकेटिंग करने का काम किया जाएगा ताकि व्रतधारियों को किसी भी प्रकार के परेशानी न झेलना पड़े साथी उन्होंने छठ घाट के साफ-सफाई को लेकर भी स्थानीय लोगों से अपील की है उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को लेकर विभिन्न छठ घाट जहां अत्यधिक पानी है वहां टीआरएफ की टीम भी मौजूद रहेगी ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घटे साथ ही सभी छठ घाटों पर सीसीटीवी कैमरे से लैस करने की बात कही बता दे की लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हो जाएगा इस दौरान छठ महापर्व पर छठ घाट पर काफी संख्या में व्रत धारी की करने की उम्मीद है जिसके बाद मानिकपुर थाना क्षेत्र के नासिरना, लोदीपुर, छतोई समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अंचलधिकारी कुर्था थानाध्यक्ष के अलावे कई पुलिसकर्मी व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने जनता को आश्वस्त किया एनडीए प्रत्याशी जनता के मुददो को सदन में उठाएंगे

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।बेलागंज विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एणडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी के पक्ष में बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने एक जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया है। इस अभियान के तहत उन्होंने बेलागंज प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जिसमें बेलड़ी , बलुआ, कोरमाथु,कोरियमा मैन , अमर सिंह बिगहा पांडा बिगहा कोयरी बिगहा , पांडा बीघा, पाली और अग्नि गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने अपने दौरे के दौरान गांवों के लोगों से सीधे संवाद किया है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की है। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एणडीए सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मनोरमा देवी उनकी आवाज बनकर विधानसभा में उनकी समस्याओं को उठाएंगी।

जनसंपर्क के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने ग्रामीणों से यह भी आग्रह किया कि वे सही उम्मीदवार का चयन करें, जो उनकी समस्याओं को समझे और समाधान निकालने में सक्षम हो। उन्होंने लोगों को यह बताया कि श्रीमती मनोरमा देवी की उम्मीदवारी क्षेत्र के विकास के लिए एक सुनहरा अवसर है ।मंत्री के दौरे का प्रभाव स्थानीय जनता पर स्पष्ट दिखाई दिया, जहां ग्रामीणों ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और समर्थन व्यक्त किया है। इस अभियान के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी कहा कि विकास केवल सरकार की योजनाओं से नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से संभव है ।इस तरह का जनसंपर्क अभियान चुनावी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल उम्मीदवारों की लोकप्रियता बढ़ाता है, बल्कि लोगों की समस्याओं को समझने और समाधान करने का अवसर भी प्रदान करता है। डॉ प्रेम कुमार जी जहां-जहां जाते थे स्थानीय लोग उत्साह के चलते जुलूस का शक्ल बन जाता था ।आज के जनसंपर्क अभियान में बेलागंज पूर्वी के अध्यक्ष धनंजय शर्मा ,भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश कुमार अधिवक्ता, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, बिहार प्रदेश लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक प्रेम सागर अखिल भारतीय वर्षीय चंद्रवंशी क्षेत्रीय महासभा के अध्यक्ष दयानंद चंद्रवंशी, एससी/एसटी के जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी सहित स्थानीय लोग जनसंपर्क में शामिल हुए हैं।

# मंत्री डॉ प्रेम कुमार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री क किया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।झारखंड चुनाव प्रचार के क्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का गया जी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार एवं एनडीए के नेताओं ने भव्य स्वागत किया है। प्रधानमंत्री जी से मुलाकात के क्रम में डॉ कुमार ने गया जी विष्णुपद कॉरिडोर के सौगात पर प्रधानमंत्री को गया वासियों एवं मगध वासियों सहित बिहार वासियों की ओर से बधाई दी है। इसके साथ ही गया जी में विष्णुपद मंदिर आने के लिए न्योता भी दिया है ।वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि गया जी के लिए बहुत बड़ा काम होने जा रहा है ।ज्ञातव्य हो कि आजादी के बाद 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनते ही पहला तोहफा गया जी को ह्रदय योजना में शामिल किया गया था।40 करोड़ के लागत से अक्षयवट,सीताकुंड,ब्रह्मसरोवर,वैतरणी,पितामहेश्वर,बोधगयाआदि जगहों का विकास कार्य किया गया है ।जहां हिन्दू धर्मावलियों एवं बोध धर्मावलियों के लोगों का आस्था काफी जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही मंत्री ने कहा कि जिस तरह से अयोध्या में राम मंदिर,उज्जैन महाकाल कॉरिडोर,काशी विश्वनाथ कॉरिडोर है ठीक उसी प्रकार से गया में विष्णुपद कॉरिडोर बनने से इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगी ।बीते दिनों पितृ पक्ष मेला में लगभग 22 लाख लोगों का गया जी में आगमन हुआ था ।गया जी में हर माह हिन्दू धर्मावलि एवं बौद्ध धर्मावली के लोग देश विदेश से आते रहते है ।विष्णुपद कॉरिडोर बनने से पर्यटकों में इजाफा के साथ साथ रोजगार भी सृजन होगा।

साथ ही साथ प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत विकसित किए जाने वाली औद्योगिक स्मार्ट सिटी मेक इन इंडिया को नई उड़ान देंगे। वित वर्ष 2024-25 के बजट में 100 शहर या उसके आसपास प्लग एंड प्ले पार्क बनाया जाने की घोषणा की गई थी ।जिसमें गया भी शामिल है। मेक इन इंडिया के तहत गया में औद्योगिक कॉरिडोर एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट, बिल्डिंग मैटेरियल्स, इंजीनियरिंग एंड फैब्रिकेशन, चमड़े की वस्तुएं, मेडिकल उपकरण, रेडीमेड गारमेंट्स, फर्नीचर में 1670 एकड़ में 1339 करोड़ के लागत से निवेश होने जा रहा है ।जिससे 109185 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

## मानिकपुर पुलिस ने महुआ शराब समेत उपकरण किया जब्त

कुर्था (अरवल) अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर अबैध शराब कारोबारी एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे थे छापेमारी अभियान के तहत मानिकपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में छापेमारी अभियान चलाया वही कई जगह से शराब व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए। इस संबंध में मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने बताया कि अरवल एसपी के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया जहां 4 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ कई लीटर जावा महुआ नष्ट किए गए साथ ही उक्त घर से शराब बनाने वाले कई उपकरण भी बरामद कर मानिकपुर थाने की पुलिस थाने लाई है हालांकि मौके से शराब कारोबारी फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस के बयान पर मानिकपुर थाने में शराब आरोपियों पर मामला दर्ज किया।

## इमामगंज प्रखंड में कब्रिस्तान वा मस्जिद के मामले का ऑल इंडिया मोमीन अंसारी समाज के साहेब उद्दीन अंसारी ने किया समाधान



प्रातः किरण संवाददात

गया। इमामगंज प्रखंड के रोशनगंज गांव समेत कब्रिस्तान और मस्जिद का मामला था जहां मोहम्मद साहेब उद्दीन अंसारी साहब ने जाकर समस्या का समाधान किया और जितने लोग वहां थे सभी से मिले जुले वही अंसारी साहब जो ऑल इंडिया मोमीन अंसारी समाज का बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय महा सचिव है इनके साथ इनके सहयोगी डॉ प्रकाश चंद्र गोयल उर्फ अंबुज जो ऑल इंडिया यादव महासभा के प्रदेश महा सचिव भी उपस्थित रहे और मोहम्मद जाहिद अंसारी जो ऑल इंडिया मोमीन अंसारी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष वो भी उपस्थित रहे। साहेबद्दीन अंसारी ने बताया मुझे ऐसे काम करने में काफी खुशी महसूस होती है और मैं चाहता हूं की लोगों के हर समस्याओं हल करने मुझे जिस तरीके से हो सके मैं उसे क्लियर करवा देता हूं ।वही गांव के लोगों ने साहेबउद्दीन अंसारी को दुआओं से नवाजा और कहा मालिक आपको तरक्की आता करें।

जैसे आप लोगों का हल करते आ रहे है आगे भी करें।

# हरियाणा में भी गौरव के साथ फहरेगा शब्दवीणा का परचम : महावीर बजाज

प्रातः किरण संवाददात




गया। राष्ट्रीय साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था ह्यशब्दवीणाह्ल की हरियाणा प्रदेश समिति का गठन दिनांक 1 नबंबर को हरियाणा दिवस के सुअवसर पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। शब्दवीणा की संस्थापक-राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि शब्दवीणा का हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष के रूप नेतृत्व कर रहे हैं वरिष्ठ कवि झज्जर, हरियाणा निवासी अशोक कुमार जाखड़ ह्यनिस्वार्थीह्ल, जो सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में मनसा वाचा कर्मणा हिन्द और हिन्दी की सेवा को समर्पित हैं। शब्दवीणा की प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में गुरुग्राम जिले की कवयित्री सुशीला यादव को, प्रदेश सचिव के रूप में फरीदाबाद जिले की कवयित्री सरोज कुमार एवं प्रदेश संगठन मंत्री के रूप में भिवानी जिले के डॉ. महेन्द्र सिंह ह्यसागरह्ल को शब्दवीणा की कमान सौंपी गयी है। समिति में प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद पर गुरुग्राम जिले की कवयित्री मंजू तँवर ह्यमंजुलह्ल, प्रदेश साहित्य मंत्री के पद पर फरीदाबाद की कवयित्री सोनल शुक्ल एवं प्रदेश प्रचार मंत्री के पद पर चरखी जिले की कवयित्री पुष्पलता आर्या का मनोनयन किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार जाखड़ निस्वार्थी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला यादव के अतिरिक्त शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश समिति के सभी पदाधिकारियों ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में शब्दवीणा के माध्यम से हिन्दी भाषा तथा साहित्य के प्रचार, प्रसार एवं विस्तार हेतु अपनी ओर से यथासंभव योगदान देने का दायित्व उठाया है ।शब्दवीणा के राष्ट्रीय संरक्षक बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के अध्यक्ष महावीर बजाज ने शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति के गठन पर संस्था के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को मंगलकामनाएँ दी हैं। बजाज ने शब्दवीणा परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि संस्था के कुशल एवं अनुभवी नेतृत्वकताओं के सामूहिक प्रयास से हरियाणा प्रदेश में भी गौरव का माहौल है।

## बेलागंज की जनता इस बार करेंगी परिवर्तन मनोरमा देवी की जीत पक्की : रामकृपाल यादव



प्रातः किरण संवाददात

गया:बेलागंज वधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उपचुनाव में बड़ी नवादा, नंदपुरी कॉलोनी, गोबीनतपुर, हरीपुर सहीत दर्जनों गांवों में आज एनडीए प्रत्याशी एवं जदयू उम्मीदवार मनोरमा देवी के पक्ष में आज पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रामकृपाल यादव जी घर घर जाकर और लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से भारी बहुमत से जीताने की अपील किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वाली सरकार बिहार में और गया में विकास की गंगा बहाया और सरकार से सभी वर्गों में हर तरफ की विकास किसान एवं मजदूर, गरीबों की घर तक विकास का लाभ लोग उठा रहे है आगे भी नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार की सरकार गरीबों एवं पीड़ितों के बीच में काम करते रहेंगे ।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बेलागंज विधानसभा की महान जनता ने एक खास आदमी को पैंतीस साल तक सेवा करने का मौका दिया परंतु बेलागंज का सुरत एवं तस्वीर बदला चाहिए था लेकिन जब मैं क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तो लोगों ने बताया कि बेलागंज की जनता विकास से कोसों दूर है कहीं कुछ नहीं दिख रहा है जब एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी जीतेंगी तो नौ महीने बनाम पैंतीस साल पर भारी होगा और बिहार में डबल इंजन की सरकार है बेलागंज के विकास के लिए सरकार खजाना खोलेगी और इस का विकास मैडम बनेंगी और इस बार यहां की जनता परिवर्तन करने का मन बना लिया है परिवर्तन हो कर रहेंगी ।चुनावी अभियान में साथ साथ प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव, उतरी मंडल अध्यक्ष , प्रेम कुमार यादव, राकेश कुमार, सहीत सौकड़ो कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का विसर्जन एक साथ किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के तत्वाधान में सोमवार को दर्जनों ऊंट-घोड़े व गाजे बाजे के साथ कलम के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की सामूहिक प्रतिमा विसर्जन सह भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा की शुरूआत आजाद पार्क से शुरू हुई, जो जीबी रोड, कोयरीबारी, नवागढ़ी रोड आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए रुक्मिणी तालाब पहुंचकर सम्पन्न हुई है ।इस शोभायात्रा का नेतृत्व अभाकाम के अध्यक्ष सह पूर्व डिप्टी मेयर डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव कर रहे थे। वहीं शोभायात्रा में चित्रांश समाज से जुड़े हजारों की संख्या में पुरुष महिला बच्चे शामिल रहे और भक्ति गाने पर झूमते दिखे हैं। शोभा यात्रा में एक साथ अलग-अलग जगहों की भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा विसर्जन के लिए शामिल रही। वहीं दर्जनों बैंड पार्टियां व झांकिया शामिल थे।

पंजाब से आए सिख संगत ने हैरतअंगेज तलवार जैसे कई कारनामे भी किए हैं। उन्हें देखने के लिए लोगों की भी भीड़ लगी रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि पाप पुण्य की लेखा-जोखा रखने वाले लेखनीधारी भगवान चित्रगुप्त की सामुहिक विसर्जन व भव्य शोभायात्रा निकाला गया है।

## किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने महाराणा प्रताप के मुर्ती पर किया माल्यार्पण



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।गया जिला में किसान मोर्चा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह का आगमन हुआ है ।जहां नइली पंचायत के कुछ कोसडिहरा गांव मे वीर महाराणा प्रताप के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया है इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर जिला अध्यक्ष राहुल रंजन यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश के नेता संजय सिंह, डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं किसान मोर्चा के जिला कमेटी के कई और पदाधिकारी शामिल हुए देवी लाल यादव, मालाकार , अनिल सिंह , सुरेंद्र , एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

## जमीन विवाद में युवक को मारा चाकू अस्पताल में कराया गया भर्ती



शेरघाटी ।शहर के लिपगंज चट्टी मोहल्ला में जमीन जमीन विवाद को लेकर हमें दो पक्षों में मारपीट के दौरान एक युवक को मारा चाकू गंभीर रूप से हुआ। घायल को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जिसका इलाज चल रहा है, इधर जानकारी देते हुए घायल मोहम्मद मो साबिर ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी के साथ बीते दिन पुर्व भी झगड़ा हुई थी, जिसमे मारपीट किया गया था, जबकि सोमवार को घात लगाए पड़ोसी ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें बुरी तरह से घायल हो गया, उक्त घटना में मोहम्मद साबिर को चाकू लगी है घायलों में मोहम्मद तौकीर मोहम्मद,मो.जाबिर समेत अन्य लोग घायल हैं। जिसकी इलाज शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा। इधर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# युवा पीढ़ी को श्री राम के चरित्र अपने जीवन में उतारने की जरूरत : पं वेदानंद व्यास



प्रातः किरण संवाददाता

पातेपुर । प्राचीन शक्तिपीठ मांडवीधाम परिसर में श्री राम कथा की सातवीं निशा पर कथावाचक पंडित विद्यानंद व्यास जी ने भगवान राम, लक्ष्मण के जनकपुर यात्रा व पुष्प वाटिका प्रसंग का अत्यंत रोचक वर्णन किया। कहा कि ईश्वर प्रेम के वशीभूत हैं ।जो भी उन्हें प्रेम पूर्वक पुकारता है,वहां वे दौड़े चले जाते हैं।

जनकपुर भ्रमण के लिए निकले भगवान श्री राम का रास्ते में बालकों ने जी भर के दर्शन किया और मिथिला की नारियों ने मयार्दा पूर्वक भवनों की खिड़कियों से राम को निहारा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम अपने चरित्र से यह प्रेरणा देते हैं कि अच्छे आचरण वाले लोग दूसरों के घरों में ताका झांकी नहीं करते। भगवान राम और लक्ष्मण परब्रह्म है यह सोचकर सखियों ने राम और लक्ष्मण के ऊपर पुष्प वर्षा कर आदर पूर्वक परस्पर एक-दूसरे से उनकी चर्चा भी की फिर भी भगवान राम ने छतों पर खड़े होकर निहार रही मिथिला की नारियों की ओर उन्होंने नहीं देखा। बोले कितना अच्छा होता आज के युवा श्री राम कथा के इस प्रसंग से अपनी जीवन में भी चरित्रवान बनने का संकल्प लेते तो हमारे देश में बहु बेटियों पर हो रहे अत्याचार , दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर नियंत्रण लग जाता। भगवान श्री राम जनकपुर भ्रमण के बाद दूसरे दिन गुरुदेव की आज्ञा लेकर भगवान की पूजा के निमित्त पुष्पों का चयन करने के लिए जनकपुर की पुष्प वाटिका में पधारे और वाटिका में प्रवेश से पहले मालियों से अनुमति मांगी। पुष्प वाटिका में गौरी पूजन और राम के दर्शन के प्रसंग को अनेक उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया। वाटिका में मां सीता ने सखियों समेत पहले गौरी का पूजन किया और गौरी की कृपा से श्री राम और लक्ष्मण को देखा। पंडित विद्यानंद व्यास ने कहा कि जब प्रभु श्री राम का सीता के साथ विवाह की घोषणा होती है तो महाराज दशरथ चार दिन बाद ही जनकपुर आ जाते हैं, परंतु विवाह की तिथि छह महीने बाद की मिलती है इस पर राजा दशरथ वापस अयोध्या लौटने का विचार करते हैं। राजा जनक अपने भाइयों के साथ महाराज दशरथ को जनवासा में ही रुकने का आग्रह करते हैं इस तरीके बारात छह महीने तक मिथिला नगरी में रही । आज की युवा पीढ़ी को राम के चरित्र और दर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। राम कथा के भजन कीर्तन में मांडवीधाम पूजा समिति के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह, बैद्यनाथ झा, दिनेश कुमार सिंह , रामप्रवेश राय समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं महिलाएं उपस्थित रही। मौके पर कथा वाचक विद्यानंद व्यास को मांडवीधाम पूजा समिति की ओर से मां मांडवी प्रतीक चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया ।उक्त आशय की जानकारी मांडवीधाम फाउंडेशन के हरि ओम उत्तम ने दिया।

## महिला के झोला में ब्लेड मारकर चोरी किया जेवरात

शेरघाटी ।शहर के ओवर ब्रिज के नीचे भभाड़ा के पास एक विकलांग युवक ने महिला के झोला में ब्लेड मारकर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिया। जिसमें पीड़ित नया बाजार निवासी गुड़िया देवी ने बताया कि मेरे प्लास्टिक में सोने के कान बाली गले का चैन चांदी का पायल एवं बिछिया था। रास्ते से पार करते हुए झोला में ब्लेड मार कर उसे चोरी कर लिया, जब इसको पकड़ने के लिए गया तो वहां से भाग निकला काफी खोज बिन करने के बाद यह पकड़ा तब तक इसने मेरे सामान को बेच चुका था। इधर उक्त घटना के बाद पीड़ित महिला ने विकलांग को पकड़कर थाने में सोप है। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# छठव्रतियों को न हो कोई परेशानी, इसका रखें ध्यान :डीएम

## डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददात

बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बेतिया शौर्य सुमन, पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने सोमवार को नरकटियागंज एवं बगहा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छठ पूजा आयोजन समिति के सदस्यों, माननीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा छठ घाट की तैयारी से संबंधित फीडबैक लिया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में कहा कि छठ महापर्व के दौराम घाटों पर छठव्रतियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें। अर्घ्य देने के समय भीड़भाड़ वाले घाट पर किसी भी प्रकार की अफवाह पर भगदड़ नहीं मचे, कोई भी श्रद्धालु या उनके परिजन पानी में डूबे नहीं इसका खास ख्याल रखना है। खासकर कौतूहलवश छोटे-छोटे बच्चे नदी में छठ व्रती के साथ चले जाते हैं, इसके प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक करें। इसके साथ ही सभी छठ घाटों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से करें। उन्होंने पूजा समिति के प्रबंधकों से कहा कि अपने-अपने वोलेन्टियरर्स को सतर्क रखेंगे। अर्घ्य देने वाले स्थलों पर फिसलन नहीं हो, इसे सुनिश्चित करेंगे।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, घेराबंदी के साथ ही साथ पूरे छठ घाट परिसर में आयोजकों के माध्यम से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही महिला छठ व्रतियों की सुविधा के मद्देजनर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की जाय ताकि उन्हें किस प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने कहा कि जहां गहराई ज्यादा हो वहां पर मजबूत बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो। ज्यादा गहराई वाले घाटों पर ह्यइसके आगे जाना खतरनाक हैह्ल की तख्ती लगवाना भी आवश्यक है ताकि सभी श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से दिखाई दें। छठ घाटों पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीम आवश्यक संसाधनों के साथ उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही गोताखोरों की भी व्यवस्था की जाय।

पुलिस अधीक्षक बेतिया शौर्य सुमन एवं पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूजा समितियां एवं अभिभावक बुजुर्ग एवं बच्चों पर विशेष ध्यान रखेंगे। अभिभावक अपने बच्चों के पॉकेट में नाम सहित पूरा पता लिखकर रख देंगे ताकि विषम परिस्थिति में बच्चे कुशलपूर्वक मिल सकें।

# छठ पर्व को लेकर डीएम एवं एसपी ने किया मधुश्रवां छठ घाट का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददात



अरवल । लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व को लेकर डीएम कुमार गौरव एवं एसपी राजेंद्र कुमार भील के द्वारा जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां छठ घाट का निरीक्षण किया गया` निरीक्षण के दौरान डीएम ने मंदिर प्रबंधक को कहा कि पोखरा को जल्द से जल्द सफाई करवाए`उन्होंने उपस्थित पदाधिकारीयो को निर्देश देते हुए कहा कि घाटों पर साफ सफाई, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी से निगरानी, ,चेंजिंग रूम,शौचालय और मेडिकल टीम की मुहैया कराया जाए` बेरिकेटिंग करने तथा खतरनाक घाटों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया। वही मधुश्रवां जाने वाली सड़क मार्ग जयबिगहा गांव कि जर्जर सड़क को मरम्मत किया जाऐ छठ व्रतियों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो इसका ख्याल रखेइस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश कुमार, कलेर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ,अंचलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंन्हां, मेहंदिया थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक, मुखिया संघ कलेर प्रखंड अध्यक्ष सह पहलेजा पंचायत मुखिया मुंद्रिका सिंह, समाजसेवी कुंदन पाठक , मधुश्रवां मंदिर के महंथ अखिलेश्वर भारती, मधुश्रवां शनिदेव महाराज मंदिर के पुजारी अंकुश गिरी के अलावे कई गणमान्य लोग मौजूद थे

# हर व्रती करें छठ व्रत के उद्देश्य से पूजन सामग्री का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता



पटना सिटी । किरण ऑटोमोबाइल्स के परिसर में इसके निर्देशक नितिन कुमार के द्वारा छठ भारतीयों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया न 30 के पजामा मोड़ के पास स्थित प्रतिष्ठा के पास निर्देशक नितिन ने भारतीयों के बीच साड़ी शॉप नारियल एवं अन्य पूजन सामग्रियों का वितरण किया उन्होंने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ अब केवल बिहार ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों के शहरों से लेकर विदेश में भी लोग उल्लास के साथ मानने लगे हैं किरण ऑटोमोबाइल्स ने अपने सामाजिक जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए इस बार भी छठवृतियों की सुविधा के लिए उनके बीच पूजन सामग्रियों का वितरण किया है। हम छठी मैया से यही आशीष मांगते हैं कि हर किसी के घर में सुख शांति और समृद्धि हो हमारी छोटी सी कोशिश है कि किसी भी प्रति को पूजन सामग्री के अभाव में यह पर्व करने में परेशानी ना हो अभी यह वितरण कार्यक्रम और लोगों के लिए भी उपलब्ध रहेगी आयोजन में वित्तीय प्रबंधन विष्णु कुमार शर्मा प्रशासक नीरज उर्फ बॉबी, जीएम सेल्स भानु प्रकाश, एचआर शशि राज, अतुल कुमार आदि मौजूद थे।

# पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों के लिए अतिरिक्त पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रात: किरण संवाददात

हाजीपुर। त्योहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा 7435 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों के लिए निम्नानुसार अतिरिक्त पूजा स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही हैं ।

1.03549 आसनसोल-पटना पूजा स्पेशल 04.11.2024 को आसनसोल से 18.30 बजे खुलकर जसीडीह, मोकामा के रास्ते अगले दिन 01.30 बजे पटना पहुंचेगी ।

2.03550 पटना-आसनसोल पूजा स्पेशल 05.11.2024 को पटना से 03.15 बजे खुलकर मोकामा, जसीडीह के रास्ते अगले दिन 10.40 बजे आसनसोल पहुंचेगी ।

3.04087 भागलपुर-आनंद विहार पूजा स्पेशल 04.11.2024 को भागलपुर से 15.00 बजे खुलकर किऊल, मोकामा, पटना, दानापुर के रास्ते अगले दिन 16.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

4.04507 कटिहार-अंबाला अनारक्षित स्पेशल 05.11.2024 को कटिहार से 07.00 बजे खुलकर समस्तीपुर, हाजीपुर के रास्ते अगले दिन 13.40 बजे अंबाला पहुंचेगी ।

5.04528 सरहिंद-सहरसा अनारक्षित स्पेशल 05.11.2024 को सरहिंद से 11.25 बजे खुलकर हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर के रास्ते अगले दिन 17.00 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

6.04527 सहरसा-अंबाला अनारक्षित स्पेशल 06.11.2024 को सहरसा से 19.15 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर के रास्ते अगले दिन 22.20 बजे अंबाला पहुंचेगी ।

7.04229 हाजीपुर-नई दिल्ली सुपर फास्ट स्पेशल 05.11.2024 को हाजीपुर से 08.45 बजे खुलकर पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 03.10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।



8.06260 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरू स्पेशल 08.11.2024 को दानापुर से 20.50 बजे खुलकर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 17.40 बजे एसएमवीटी बेंगलुरू पहुंचेगी ।

9.09464 पटना-साबरमती बीजी पूजा स्पेशल 05.11.2024 को पटना से 13.00 बजे खुलकर दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दूसरे दिन 05.30 बजे साबरमती बीजी पहुंचेगी ।

10.09040 जयनागर-उज्जैन अनारक्षित पूजा स्पेशल 05.11.2024 को जयनगर से 05.30 बजे खुलकर हाजीपुर, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 16.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी ।

11.जयनगर से उज्जैन के लिए 06.11.2024 को 09040 जयनगर-उज्जैन अनारक्षित पूजा स्पेशल जयनगर से 11.30 बजे खुलकर हाजीपुर, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 18.15 बजे उज्जैन पहुंचेगी ।

12.09192 जयनागर-रतलाम अनारक्षित पूजा स्पेशल 05.11.2024 को जयनगर से 14.30 बजे खुलकर हाजीपुर, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दूसरे दिन 00.30 बजे रतलाम पहुंचेगी ।

13.09020 भागलपुर-उज्जैन अनारक्षित पूजा स्पेशल भागलपुर से 06.11.2024 को 10.00 बजे खुलकर हाजीपुर, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 20.30 बजे उज्जैन पहुंचेगी ।

14.05902 मुजफ्फरपुर-कटिहार पूजा स्पेशल मुजफ्फरपुर से 06.11.2024 को 07.15 बजे खुलकर समस्तीपुर, बरौनी जंक्शन, बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया के रास्ते 13.40 बजे कटिहार पहुंचेगी ।

# छठ महापर्व को लेकर सभी घाटों पर हो रही है मुकम्मल व्यवस्था: महापौर

प्रात: किरण संवाददात



छपरा ' शहर के सभी घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है, नगर निगम की पूरी टीम पूरी मुस्तैदी के साथ जुटी हुई है, छठ पूजा शांतिपूर्ण माहौल और स्वच्छ वातावरण में संपन्न होगा ' उक्त बातें नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि छठ महापर्व मेरे कार्यकाल का पहली शुरूआत है, शहर के 28 घाटों की सफाई कराई जा रही है कजिसके लिए जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के समन्ववय से कराया जा रहा है कमहापौर ने कहा की इस बार शहर के सभी छठ श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो,इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं नगर निगम के द्वारा किया जा रहा है कउन्होंने कहा कि राजेंद्र सरोवर, सीढ़ी घाट, साहबनवारी एवं सतजोरवा घाट सहित 28 घाटों पर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है क

राजेंद्र सरोवर पर महिलाओ के लिए चेंजिंग रूम, बार्केटिंग, गोताखोर, चुना, ब्लीचिंग, इत्यादि की व्यवस्था की गई है कप्रेस कॉन्फ्रेंस में महापौर ने यह भी कहा कि विभिन्न समितियां द्वारा छठ पूजा को लेकर जो भी मांग की गई है, उसे पूरा कर दिया गया है, और नगर निगम को समितियां द्वारा सहायता भी की जा रही है ' जहां- जहाँ नदी में जल दूरी पर है, वहां पर व्यवस्था बनाया जा रहा है, ताकि वर्तियों को अध्यर्ग देने में कोई परेशानी ना हो ' प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि नगर निगम की व्यवस्था ठीक-ठाक से चल रहा है, निगम की टीम बेहतर ढंग से काम कर रही है ।

उन्होंने यह भी कहा कि छठ पूजा को लेकर शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा मैपिंग भी की जा रही है ' महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने यह भी कहा कि शहर की नाली का गन्दा पानी गंगा में न जाए, नगर प्रशासन इसके लिए पूरी तरह मुस्तैद है ' उन्होंने कहा कि गंगा का पानी पूरी तरह स्वच्छ है, सभी घाटों पर छठवर्तियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है '

महापौर ने सारण की जनता व सभी छठवर्तियों से अपील करते हुए कहा कि छठ पूजा सौहार्द पूर्ण और पूरी आस्था से मनाये,और शहर को स्वच्छ रखने मे निगम को सहयोग करे ' प्रेस वार्ता में सुधीर कुमार हिमांशु सहित अन्य नगर निगम के कर्मी उपस्थित थे ।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में जनरेशन ऑफ ऑप्टिमाइज्ड एंड ऑटोमेटेड लोको लिंक्स पर आधारित उच्चस्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में जनरेशन ऑफ ऑप्टिमाइज्ड एंड ऑटोमेटेड लोको लिंक्स पर आधारित उच्चस्तरीय बैठक हुई । इस बैठक में मुख्यालय एवं उपक्र के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

## मां आरण्य देवी मंदिर के चतुर्थ फ्लोर की हुई ढलाई

आरा। शहर की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर का नवनिर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को माता के मंदिर के चतुर्थ फ्लोर की ढलाई का कार्य हुआ। इसके पूर्व पूजा-पाठ कराकर ढलाई का कार्य शुरू किया गया। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि ढलाई का कार्य सुबह 10 बजे से संध्या 8 बजे तक चला। ढलाई के दौरान विभिन्न विभागों के ठेकेदार के नेतृत्व में एक्सपर्ट व मजदूरों की टीम अपने कार्यों को अंतिम रूप देने में लगी रही। छत की ढलाई के लिए दो लिफ्ट मशीन लगाई गई थी। इसके अलावे करीब सौ मजदूरों को लगाया गया था। इस दौरान भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। महिला-पुरुष भक्त मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन करते रहें। भक्तों को भैरव बाबा की गली के रास्ते प्रवेश कराया जा रहा था।

## छठ महापर्व पर शहर के सभी महत्वपूर्ण घाट होंगे चकाचक:इंदु

प्रात: किरण संवाददात



आरा। नगर निगम की महापौर इंदू देवी ने सोमवार को क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने शहर के प्रसिद्ध कलेक्ट्री तलाब घाट, चंदवा सूर्य मंदीर घाट, न्यु पुलिस लाइन घाट, पावरगंज घाट, जवाहर टोला घाट, सपना सिनेमा मोड बाईपास घाट, बलुअहिया घाट, अहिरपुरवा घाट धरहरा नहर घाट, दोनों साइड समेत अन्य घाटो का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया।

इस मौके पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को घाटों पर चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग और साफ-सफाई की और बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देश दिया। महापर्व में किसी भी व्रती को परेशानियों का सामना नही करना पड़े तथा सुरक्षित घाट पर अर्घ्य दे सकें। निरीक्षण के उपरांत महापौर इंदु देवी ने कहा कि दुनिया के सबसे कठिनतम व महानतम पर्वों में से एक है। लोक आस्था के महापर्व में बेहतर तैयारी हेतू नगर निगम की टीम दिन-रात प्रयासरत हैं, ताकि समय पर घाटों की सफाई हो सके, साथ ही साथ नगर का बेहतर सफाई भी चल रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत, नगर प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, भगत स्वच्छता पदाधिकारी दिव्य विकास सिंह, विकास कुमार, नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी, राहुल चौरसिया, अंकित कुमार, जीतेन्द्र कुमार, बबलू सिंह, लल्लू कुमार, तिलक पासवान, अभय श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह, ललन पासवान, राजीव कुमार, सीता देवी, धर्मेश यादव, पिंटू खान, मुन्ना थे।

महतो, टुनटुन महतो समेत प्रतिक राज, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह भी मौजूद थे।

# बिहार सरकार द्वारा आयोजित हुआ बोलबम कांवरिया सेवा सम्मान समारोह, 300 सेवादार हुए सम्मानित





प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पटना के रविन्द्र भवन में बिहार सरकार द्वारा बोलबम कांवरिया सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में सुल्तानगंज से देवघर (बाबाधाम) तक कावड़ियों की सेवा करने वाले सभी सेवा शिविर के संचालकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिंहा एवं राजस्व मंत्री सह मेला प्रभारी डॉ दिलीप जयसवाल ने संयुक्त रूप से किया। कावंरिया सेवा दलों को सम्मानित करने की योजना से लेकर कार्यक्रम आयोजन तक बिहार सरकार के राजस्व मंत्री सह मेला प्रभारी डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमने इस महान कार्य मे लगे विभूतियों का सम्मान सनातनी परम्परा से किया है।

उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि लाख खराबियां हो समाज मे, लेकिन निःस्वार्थ सेवा करने वालो के लिए सब अच्छा है। कावंरिया सेवा में लगे सभी लोग महान कार्य मे लगे है। इसलिए हमने उन्हें सम्मानित किया।

वहीं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सबसे बड़ा सोशलिज्म है बोलबम।गरीब अमीर सभी भगवा पहनते है और बोल बम ही बोलते है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत पहले तो हमने मुख्यमंत्रियों को भी कांवर लेकर जाते देखा है। इसलिए कहता हूं कांवर यात्रा सबसे बड़ा सोशलिज्म है।बोलबम सेवा शिविर महासंघ के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, बोलबम कावरिया सेवा शिविर महासंघ के अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री दिलीप जयसवाल को मांगो का एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें कांवरिया एवं सेवा शिविर को मुफ्त बिजली, पानी, सफाई की विशेष व्यवस्था करने के लिए सरकार से आग्रह किया है। साथ ही, सरकार द्वारा सुल्तानगंज एवं तारापुर से पहले एक बडा धर्मशाला का निर्माण करवाने के साथ, सुल्तानगंज का नाम अजगैबीनाथ धाम करने का आग्रह किया गया है। मिथिला कावंरिया सेवा दल के संचालक रणजीत कुमार झा ने कहा कि इस तरह के सम्मान से हम सभी बहुत गौरवान्वित महशूस कर रहे है।कार्यक्रम में कांवरिया सेवा शिविर के सह संयोजक बजरंग अग्रवाल, संजय कुमार पाण्डेय, अभिषेक सिंह, रंजीत कुमार झा, नीलू पटेल एवं सभी 134 सेवा शिविर के संचालकगण उपस्थित थे।

# टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव में अनूठा स्वाद जोड़ा

पटना। बिहार और झारखंड के प्रमुख चाय ब्रांड टाटा टी अग्नि ने अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के माध्यम से इस साल छठ पूजा के अवसर पर सिक्की घास शिल्प पेश किया है, जो एक प्राचीन और जटिल कला है। बिहार और झारखंड के सांस्कृतिक इतिहास में गहराई से निहित है। परंपरा और कला को एक साथ जोड़कर अभियान क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास करता है, जिससे क्षेत्र के सांस्कृतिक सार के साथ गहरा संबंध बनता है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाने का मौका देने के अभियान के तहत कंपनी ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर को सिटी सेंटर मॉल में सिक्की कला महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष (पैकेज्ड बेवरेजेज, भारत और दक्षिण एशिया) पुनीत दास ने विशेष त्यौहारी पैक और इंस्टालेशन का अनावरण करते हुए कहा कि टाटा टी अग्नि लीफ को वर्षों से छठ पूजा समारोह का हिस्सा बनने पर गर्व है और यह कुछ ऐसा है जिसका हम हर साल इंतजार करते हैं।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–25 वर्ष 2024–25

इस कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न भवनो/कार्यालयों में लगे विभिन्न क्षमता वाले SITC of Lift & Operation Maintenance का कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–21.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाता स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही कोटेशन समर्पित करेगें। उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट www.prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | SITC of 1 nos. MRL lift of 13 Passenger (G+1), Including Five Years Operation & Mainte nance at Bihar Vidhan Parishad Main Building, Patna. (Make-:OTIS/KONE/SCHINDLER/MITSHUBISHI/THYSSENKRUPP) | 02 माह |

PR. No. 011849 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# रणजी ट्रॉफी के बाद भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा लेंगे क्रिकेट से संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि वे इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जिससे उनके 17 साल लंबे करियर का समापन हो जाएगा। साहा फिलहाल बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी राउंड मैच की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा आखिरी सीजन होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। आइए इस सीजन को खास बनाएं। 39 साल के साहा ने 2022-23 में बंगाल टीम के साथ विवाद के कारण टीम से दूरी बना ली थी। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास ने उन पर खेलने से बचने के बहाने बनाने का आरोप लगाया था। लेकिन इस सीजन में साहा ने टीम में वापसी की और रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों में खेला। साहा ने भारत के लिए 40 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उन्होंने 1353 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। लंबे समय तक वह टीम इंडिया के साथ जुड़े रहे, लेकिन ऋषभ पंत के आने से टीम में उनकी जगह बनाना मुश्किल हो गया, हालांकि वह कई बार दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल होते रहे। साहा ने दिसंबर 2021 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था और 2023 में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज कर दिया गया था। आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिटेन नहीं किया। साहा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 2008 से हर सीजन आईपीएल में खेला है। उन्होंने पहले सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के लिए भी खेला है। 2014 के फाइनल में, जब पंजाब किंग्स उपविजेता बनी थी, साहा ने 55 गेंदों पर नाबाद 115 रन बनाकर ऐतिहासिक शतक बनाया था।

### सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले

# भारतीय क्रिकेट टीम से किया आग्रह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए। गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज़्यादा जरूरी है।

## यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है: गिलक्रिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया



का सामना करेंगे। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था - मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी। गिलक्रिस्ट ने कहा, वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें।

# अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले डेविड वार्नर ने कहा कि अगर वह आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने वाली भारतीय टीम में बल्लेबाज होते तो नर्वस होते। उन्होंने यह बयान भारत के हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 की सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी।

वॉर्नर ने कहा, न्यूजीलैंड की ओर से यह बिल्कुल उल्लेखनीय था। टॉम (लैथम) और वहां के खिलाड़ियों को बधाई। मैं उस पहले टेस्ट को याद करता हूं जो उन्होंने खेला था और उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच लिए थे और इससे माहौल तैयार हो गया था। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं और सीरीज में एक-शून्य से आगे रहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात है। मुझे पता है कि वहां जीतना कितना मुश्किल है। उन्होंने अभी जो किया है, वह बिल्कुल शानदार है और इसका श्रेय उन्हें जाता है।



वार्नर ने कहा, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मदद मिलती है। वे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों में तीन-शून्य से हारने के बाद यहां आ रहे हैं, (जिनके पास) तीन विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज और एक विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है और अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता। उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का मुकाबला करने का तरीका खोजने की जरूरत है जबकि उनका मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपने टखने की चोट से उबरने के कारण शुरुआती टीम में शामिल नहीं होने के बावजूद किसी समय सीरीज़ में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है। उनके पास मोहम्मद शमी हैं, जो वर्तमान में घुटने की चोट से उबरने की राह पर हैं - वे संभावित रूप से टीम के साथ यहां खेल सकते हैं - (और) आपके पास बुमराह और सिराज हैं जो उनके अगुआ हैं।

पूर्व ओपनर ने कहा, मुझे लगता है कि अगर ऑस्ट्रेलिया इन दो सज्जनों को मात दे सकता है, तो बोर्ड पर कुछ बड़े रन बनाए जा सकते हैं। लेकिन... हमें भारत के खिलाफ पूरी ताकत से खेलना होगा। हमने भारत के खिलाफ यहां अपनी पिछली दो सीरीज गंवा दी हैं (और) उनके पास खेलने के लिए बहुत कुछ है। वार्नर ने कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी को आगाह करते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे क्योंकि वे अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं।

# घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है: सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा मैच 25 रन से हारने के बाद न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से मिली हार पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत बताई है। मुंबई में हार के परिणामस्वरूप, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान भी खो दिया और नए टेबल-टॉपर्स ऑस्ट्रेलिया के पीछे दूसरे स्थान पर आ गई। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच अभ्यास की कमी थी? शुभमन गिल ने पहली पारी में लचीलापन दिखाया, और ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया - उनके फुटवर्क ने चुनौतीपूर्ण सतह को पूरी तरह से अलग बना दिया।वह बस शानदार था। पूरी श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन के लिए न्यूजीलैंड को पूरा श्रेय जाता है। भारत में 3-0 से जीतना सबसे अच्छा परिणाम है। न्यूजीलैंड से हार के बाद पहली बार भारत को घरेलू टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद। यह तीन मैचों की श्रृंखला और उसके बाद घरेलू मैदान पर भारत की पहली 3-0 की क्लीन स्वीप हार भी है। भारत की श्रृंखला हार का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के हाथों गंवाए गए 57 विकेटों में से 37 विकेट स्पिनरों के हाथों गंवाए, जिसकी वजह से मेजबान टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आलोचना की।



सहवाग ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, समर्थकों के तौर पर टीम का समर्थन करना जरूरी है, लेकिन हमारी टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। स्पिन खेलने के कौशल में निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है और कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप के लिए अच्छे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ दिखावे के लिए कुछ अनावश्यक प्रयोग करना वास्तव में खराब था।टॉम लैथम और उनके खिलाड़ियों को वह करने के लिए बधाई जो हर मेहमान टीम का सपना होता है और कोई भी टीम इस तरह से जीत नहीं सकती। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अपने बड़े भाई और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद वाले बल्लेबाजों की कमी पर बात की। इरफ़ान ने एक्स पर लिखा, कल मेरी युसूफ पठान भाई के साथ अच्छी बातचीत हुई।

उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बारे में एक सही बात कही - हम या तो घास वाली पिचों पर या सपाट ट्रैक पर खेल रहे हैं, लेकिन अब शायद ही कभी टर्निंग सरफेस पर खेलते हैं। साथ ही, शीर्ष खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। यह हमें लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने टेस्ट टीम से घरेलू मैदान पर बेहतर पिचों पर बल्लेबाजी करने का आह्वान किया और उनसे टर्निंग पिचों पर नहीं खेलने का आग्रह किया। टर्निंग पिचें आपकी अपनी दुश्मन बन रही हैं। न्यूज़ीलैंड को बधाई हो। आपने हमें मात दी। कई सालों से कह रहा हूं। टीम इंडिया को बेहतर पिचों पर खेलने की जरूरत है। ये टर्निंग पिचें हर बल्लेबाज को बहुत साधारण बना रही हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, पहले की पीढ़ी के बल्लेबाज इस तरह की पिचों पर कभी नहीं खेले। ये पिचें 2/3 दिन के टेस्ट मैचों के लिए तैयार की गई हैं। टीमों को आउट करने के लिए आपको इन पिचों पर मुरली, वॉर्न या साकी की जरूरत नहीं है। कोई भी किसी को भी आउट कर सकता है। भारत के पास 2023-2025 डब्ल्यूटीसी चक्र असाइनमेंट में ऑस्ट्रेलिया में केवल सबसे महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बची है।

### डब्ल्यूटीए फाईनल्सः

## कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अपने शुरुआती मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया।

### ला लिगा

## बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई, जानें मैच में क्या हुआ



**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है। बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया।

# आक्शन से पहले बटलर ने छोड़ा राजस्थान का साथ

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और इंग्लैंड के टी20 कप्तान जोस बटलर ने रविवार को सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा। बटलर आईपीएल में सालों से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं लेकिन इस टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन 2024 के लिए रिटेन नहीं किया। बटलर को शायद अब ऐसा लग रहा है कि ऑक्शन में भी हो सकता है टीम उनपर दांव न लगाए। इसी कारण उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के लिए फेयरवेल पोस्ट लिखा।

**जोस बटलर ने लिखी पोस्ट-** जोस बटलर ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह एक अंत है। शुक्रिया राजस्थान रॉयल्स और उन सभी लोगों को शुक्रिया जो इन सात बेहतरीन सालों में साथ रहे। 2018 में मेरे क्रिकेट करियर के सबसे शानदार सालों की शुरुआत रही और मुझे पिंक जर्सी में कई यादगार पल मिले। मेरा और मेरे परिवार का खुली बांहों से स्वागत करने के लिए शुक्रिया। मैं बहुत कुछ लिखना चाहता हूं लेकिन यहीं रहने देता हूं।'



**बटलर का राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार रिकॉर्ड-** बटलर ने राजस्थान रॉयल्स के लिए 3055 रन बनाए हैं। साल 2022 के सीजन में उनके बल्ले से 863 रन बनाए थे। बटलर राजस्थान रॉयल्स के लिए सात शतक और 18 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। बटलर ने कई अहम मौकों पर अपने दम पर टीम को जीत दिलाई और बड़े मैच विनर साबित हुए।

राजस्थान ने 2018 से बटलर को अपने साथ बनाए रखा है। हालांकि इस बार टीम ने उन्हें रिटेन किया है। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रियान पराग, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और गेंदबाज संदीप शर्मा को अपने साथ बनाए रखा है। राजस्थान ने 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए कुल 79 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। अब टीम के पास मेगा ऑक्शन के लिए पर्स वैल्यू में 41 करोड़ रुपये बाकी रह गए हैं।

### ब्रिज ओलंपियाड

## भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुसलमानों के हितों को नहीं पहुंचने देंगे नुकसान, वक्फ बिल पर एनडीए सहयोगी टीडीपी

**अमरावती, एजेंसी।** केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में तेलुगु देशम पार्टी अहम सहयोगी है। टीडीपी की आंध्र प्रदेश यूनिट के उपाध्यक्ष नवाब जान ने कहा कि सबको मिलकर वक्फ संशोधन विधेयक को पारित होने से रोकना चाहिए। नवाब जान ने नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से आयोजित 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री व तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ऐसे इंसान हैं, जो मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी विधेयक को पारित नहीं होने देंगे। टीडीपी नेता ने दावा किया कि वक्फ संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजना भी नायडू की वजह से मुमकिन हुआ। उन्होंने फिलहाल इस विधेयक को पारित होने से रुकवा दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नायडू ने कुछ दिन पहले बयान दिया था कि चाहे मुस्लिम संस्था हो, या हिंदू संस्था हो या फिर ईसाई संस्था हो, उसमें उसी धर्म के लोग होने चाहिए। नवाब जान ने कहा, हम सब कुछ बर्दाश्त करेंगे, लेकिन देश की एकता को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पास लोकसभा में बहुमत नहीं है। सरकार को टीडीपी और जनता दल (यू) समेत अन्य दलों का समर्थन हासिल है। वहीं, जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार से इस मामले में मुसलमानों की भावनाओं पर ध्यान देने की गुजारिश की। यह कहा गया कि एनडीए में शामिल जो दल खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, उन्हें इस खतरनाक विधेयक के समर्थन से दूर रहना चाहिए।

### निर्दोषों पर हमलों से परेशान हूं, इसे रोकने का हर संभव प्रयास कीजिए: सीएम उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आतंकी हमला हुआ है। यहां संडे मार्केट के दौरान ग्रेनेड हमले में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आतंकियों ने शहर के बीचों-बीच भीड़ वाले कबाड़ी बाजार के पास सीआरपीएफ बंकर की ओर ग्रेनेड फेंका था। घायलो में दो महिलाएं भी शामिल हैं। हमले के तुरंत बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सुरक्षा बलों से अपील की है। उन्होंने आतंकी हमलों में वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा कि सुरक्षा बलों को इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की सुर्खियां छाई हुई हैं। आज श्रीनगर में रविवार के बाजार में निर्दोष खरीददारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं है।

### छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन कराने का खेल, प्रार्थना सभा से पकड़े गए 3 महिला और 4 पुरुष

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। एक घर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के लोगों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने इस संबंध में 3 महिलाओं समेत 7 लोगों को हिरासत में लिया है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में रविवार की सुबह मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र के एक घर में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि धर्म परिवर्तन कराने संबंधी मामले की जानकारी हिंदू संगठन के लोगों को लगी और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को कर दी। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र के मिट्ठुमुड़ा का है। रविवार सुबह करीब दस बजे मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र में संतोष चौहान के घर में प्रार्थना सभा चल रही थी। इसकी जानकारी हिंदू संगठन के लोगों को लगने पर भारी संख्या में हिंदू संगठन के लोग और भाजपा के नेता मौके पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए पुलिस को मामले की शिकायत की। इसके बाद पुलिस के अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक घर से चार पुरुष व तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर जूटमिल थाना में पहुंचे।

# लड़की बहिन योजना की लोकप्रियता से डरा अघाड़ी, अब आलोचना से भी परहेज

**एक और दांव का प्लान**

**मुंबई, एजेंसी।**
एकनाथ शिंदे सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही लड़की बहिन सम्मान योजना की शुरुआत की थी। इस स्कीम के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये मिलने का प्रावधान किया गया है। इस स्कीम की शुरुआती किस्तें महिलाओं को मिल भी चुकी हैं। इस बीच अब तक स्कीम को फिजूलखर्ची बताने वाली कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले महाविकास अघाड़ी का रुख भी बदल गया है। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस को डर है कि कहीं स्कीम का विरोध करना भारी न पड़ जाए और भाजपा एवं एकनाथ शिंदे इसे ही मुद्दा बना लें कि महाविकास अघाड़ी तो महिलाओं के खिलाफ है।

ऐसे में लड़की बहिन योजना को लेकर महाविकास अघाड़ी ने अपने रुख को नरम कर लिया है। यही नहीं महाविकास अघाड़ी की ओर से जारी होने वाले घोषणा पत्र में भी ऐसी किसी स्कीम का ऐलान हो सकता है। दरअसल महाविकास अघाड़ी ने एक सर्वे कराया है, जिसमें पता चला है कि महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में इस स्कीम से महायुति को फायदा हो सकता है। कांग्रेस, उद्धव सेना और एनसीपी-शरद पवार के बीच इस बात को लेकर मंथन चल रहा है कि चुनाव में कितने वादे किए जाएं। इस बीच उन्हें फीडबैक मिला है कि विदर्भ और मराठवाड़ा में सत्ताधारी गठबंधन को इसका फायदा मिल सकता है। इस स्कीम के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये का देने की गारंटी दी गई है। पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि मुफ्त लाभ वाली वही योजनाएं लागू करनी चाहिए, जिनसे आर्थिक स्थिति न बिगड़ती हो। लेकिन अब पार्टी को जानकारी मिली है कि स्कीम को विदर्भ और मराठवाड़ा के इलाकों में लोकप्रियता मिल रही है। इसके चलते महाविकास अघाड़ी का रुख भी बदल रहा है। 6 नवंबर को महाविकास अघाड़ी की ओर से मेनिफेस्टो जारी करने की तैयारी है। इस घोषणा पत्र में भी महिलाओं के लिए किसी स्कीम का ऐलान किया जा सकता है। अघाड़ी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारे बीच इस बात को लेकर मतभेद थे कि हमें भी ऐसी ही किसी स्कीम का ऐलान करना चाहिए या फिर नहीं। अब सहमति बन गई है कि हमें भी महिलाओं के लिए किसी स्कीम का ऐलान करना होगा।




## मराठा आंदोनकारी मनोज जारांगे पाटिल के तेवर ढीले, चुनाव से हटने का किया ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** कुछ महीने पहले तक मराठा आंदोलन का झंडा बुलंद करने वाले मनोज जरांगे पाटिल के तेवर ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से उतरे मनोज ने अब चुनाव से हटने का ऐलान किया है। साथ ही मनोज ने अपने उम्मीदवारों से भी नाम वापस लेने के लिए कहा है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने यह बात कही। मनोज जरांगे ने कहाकि हम केवल मराठा मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नाम वापसी की आज आखिरी तारीख है। मनोज जरांगे पाटिल ने महाराष्ट्र की 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया था। उन्होंने एक दिन पहले ही प्रेस कांफ्रेंस करके कहा था कि वह महायुति सरकार से बदला लेंगे। मनोज जरांगे ने कहाकि उनके ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं है। रविवार को मनोज जरांगे पाटिल ने कहा था कि हमें मराठा, मुस्लिम और दलित समुदाय का समर्थन मिलेगा। वहीं, सोमवार को उन्होंने कहाकि हम अकेले दम पर यह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। यहां तक कि भाजपा जैसी पार्टी को भी दो अन्य दलों के समर्थन की जरूरत पड़ रही है। मनोज के इस फैसले पर भाजप और शिवसेना ने भी प्रतिक्रिया दी है। दोनों दलों ने इसे एक समझदारी भरा फैसला बताया है। गौरतलब है कि छह अगस्त को जरांगे ने कहा था कि मराठा समुदाय को अलग-थलग कर दिया है। अब इसके पास सिर्फ एक ही विकल्प है कि वह राजनीति में उतरे और अपने लिए आरक्षण हासिल करे। तब उन्होंने इस बात को लेकर भरोसा जताया था कि वह चुनाव जीतकर सत्ता में आएंगे। मनोज ने यह भी कहा था कि उनकी राजनीति में आने की कोई इच्छा नहीं थी।

## कार से टक्कर मारकर किया घायल, फिर इलाज को साथ ले जाकर सड़क पर फेंका, हो गई मौत

**पलवल, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद से सटे पलवल में मानवता को तार-तार करने वाला एक शर्मनाक मामला सामने आया है। कार की टक्कर से घायल हुए एक शख्स को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कार सवार आरोपी पलवल से 45 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के टप्पल में सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। इससे घायल शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव चिरवाड़ी निवासी 45 वर्षीय नत्थी के रूप में हुई है। चांदहट थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उसका छोटा भाई नत्थी 31 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी सुरेंद्र के साथ बाइक से रसूलपुर गया था।

## स्टैंडअप कमेडियन ने पार्क की दीवार से भिड़ा दी पोर्श कार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के कारोबारी और हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडी की दुनिया में कदम रखने वाले उत्सव दीक्षित मुसीबत में घिर गए हैं। सड़क पर उलटी-सीधी ड्राइविंग करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्सव पर आरोप है कि उन्होंने अपनी लग्जरी पोर्श कार को पार्क की दीवार से टकरा दी। पुलिस ने बताया, शुक्रवार सुबह 6 बजे के करीब एक पोर्श कार केबीआर पार्क की बाउंड्री से टकरा गई। कार ने एक पेड़ को भी ठोकर मारी। इसके अलावा बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा गिरर गया है। वहीं कार के भी आगे का हिस्सा डैमेज हुआ है और पहिया टूट गई हैं। दीक्षित मौके से भाग गए थे लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 33 साल के उत्सव पर आरोप है कि वह लापरवाही के साथ ड्राइविंग कर रहे थे और वह कार को काबू नहीं कर पाए। पुलिस ने बताया, कानून के मुताबिक उत्सव का अल्कोहल और ड्रग टेस्ट करवाया जाएगा। बंजारा हिल पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ बीएनसी और मोटर वीइकल ऐक्ट की धाराओं में केस लिखा गया है। इसके अलावा उनके खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने का भी मामला दर्ज किया गया है। इस घटना की जानकारी एक शख्स ने डायल 100 पर फोन करके दी थी। पोर्श कार पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। बाद में नंबर प्लेट टूटी-फूटी हालत में कार के अंदर ही मिली। उत्सव के लाइसेंस को रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस भेज दिया गया है। वहीं कोर्ट ने भी पुलिस को निर्देश दिया है कि बीएनएस के सेक्शन 35 के तहत उन्हें पूछताछ के लिए हाजिर किया जाए। उनके बयानों की रिपोर्ट कोर्ट में जमा की जाएगी।

## गुरुग्राम में सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर भीषण हादसा, 2 छात्रों की मौत; 3 लोग अस्पताल में भर्ती

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम में सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर सोमवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी की मिलते ही मौके पर पहुंची भोंडसी थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड रोड पर दो तेज रफ्तार कारों की भीषण टक्कर में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक छात्र समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सोहना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है।

सोमवार सुबह 8-45 बजे गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड रोड पर बोम्बे गोलचक्र के नीचे तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। एक ही कार में सवार होकर गुरुग्राम से सोहना की दो अलग-अलग यूनिवर्सिटियों में पढ़ने आ रहे तीन दोस्तों में से दो की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के घिटोरनी इलाके के नाथूपुर निवासी अक्षित, दक्ष और ध्रुव आज सुबह एक ही कार में सवार होकर कॉलजे जा रहे थे। अक्षित जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर का छात्र था, जबकि दक्ष और ध्रुव दोनों ही केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। इस हादसे में अक्षित और दक्ष ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। दक्ष और दूसरी कार के चालक मोहित निवासी सोहना और बाइक सवार ईश्वर निवासी पलवल को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल ध्रुव को सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है तीनों छात्र जिस कार में सवार थे वह हादसे के बाद करीब 12 फुट तक उछल कर बोम्बे गोल चक्र के पिलर जा टकराई। कार की पिलर में इतनी जोरदार टक्कर लगी कि पिलर में लगे लोहे के सरिया तक नजर आने लगे। पिलर से टकराने के बाद जमीन पर गिरने के दौरान कार सोहना से गुरुग्राम की तरह जा रही बाइक और कार के ऊपर गिरी, जिससे बाइक सवार और कार सवार बाल-बाल बच गए। हादसे में घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में पहुंचाने के लिए एलिवेटेड मार्ग पर चलने वाले वाहनों को सोहना में ही रोक दिया। उसके बाद सड़क के बीच में पड़ी क्षति ग्रस्त कार और बाइक को हाइड्रा की मदद से एक तरफ किया गया। हादसे के करीब एक घंटा बाद भोंडसी पुलिस ने यातायात व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया।



## ईरान के शीर्ष कमांडर ने मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद, विभाजन के लिए अमेरिका को दोषी बताया

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य कमांडर हुसैन सलामी ने रविवार को कहा कि मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद और विभाजन के लिए अमेरिका की नीतियां जिम्मेदार हैं। सलामी ने यह टिप्पणी तेहरान में पूर्व अमेरिकी दूतावास के अधिग्रहण की 45वीं वर्षगांठ और वैश्विक अहंकार के खिलाफ लड़ाई के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित एक रैली में की, जिसे राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में भी जाना जाता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आईआरजीसी के मुख्य कमांडर ने समारोह में जोर देकर कहा कि तकफिरी (चरमपंथी) आतंकवाद की घटना और मुस्लिम दुनिया में खूनी विभाजन सभी अमेरिकी नीतियों के परिणाम थे। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, सलामी ने अमेरिका को विरोधाभासी पहचान के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ अमेरिका वैश्विक शांति, सुरक्षा और व्यवस्था की बात करता है, और दूसरी तरफ वह दुनिया में सभी अपराधों, नरसंहारों और कब्जों का स्रोत है। ईरानियों ने रविवार को सड़कों पर उतरकर पूर्व अमेरिकी दूतावास के परिसर तक मार्च निकाला और अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने ईरान, हिजबुल्लाह और फिलिस्तीन के झंडे लहराए, साथ ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरान तथा क्षेत्रीय प्रतिरोध समूहों के मारे गए नेताओं और कमांडरों की तस्वीरें भी लहराईं। रैली के अंत में, प्रदर्शनकारियों ने ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हुए एक बयान जारी किया और गाजा तथा लेबनान में इजरायल के अपराधों की निंदा की, जिन्हें अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी और समर्थन से अंजाम दिया जा रहा है। समुदाय से गाजा और लेबनान में युद्ध विराम की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया।



## लोकप्रिय यूट्यूबर नट्टी इंडोनेशिया से गिरफ्तार, हज़ारों लोगों को लगा चुकी है करोड़ों का चूना

**जर्काता एजेंसी।** लोकप्रिय थाई यूट्यूबर नत्थामोन खोंगचक, जो अपने स्क्रीन नाम नट्टी से प्रसिद्ध हैं, को वित्तीय घोटाले में दो साल तक फरार रहने के बाद इंडोनेशिया में गिरफ्तार किया गया।

सूत्रों के अनुसार, 31 वर्षीय प्रभावशाली व्यक्ति को 18 अक्टूबर, 2024 को रियाउ प्रांत के दुमई शहर में उसकी मां थानिया खोंगचक के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनके पकड़े जाने से जुलाई 2022 में दोनों के भागने की नाटकीय घटना समाप्त हो गई, जब वे एक वित्तीय घोटाले के सिलसिले में थाईलैंड में कई गिरफ़्तारी वारंट का सामना कर रहे थे। वहीं भगोड़े यूट्यूबर ने अपने फॉलोअर्स को तीन महीने में 25त्न, छह महीने में 30त्न और एक साल में 35त्न का उच्च रिटर्न देने का वादा करते हुए एक विदेशी मुद्रा निवेश योजना शुरू की थी, जिसमें लाभ का मासिक वितरण किया गया था। यह योजना जुलाई 2022 में शुरू की गई थी। हालांकि, निवेशकों को वादे के अनुसार रिटर्न नहीं मिला और वह अपनी मां और उनके सचिव निचाफत रतनुक्रोम के साथ देश छोड़कर फरार हो गई। बता दें कि नथथमोन अपने यूट्यूब चैनल नट्टीज़ डायरी के माध्यम से प्रमुखता में आईं, जहां उन्होंने नृत्य और गायन किया, विशेष रूप से ब्लैकपिंक और बीटीएस के दृश्यों का रीमेक बनाया। उस समय उनके 800,000 से ज़्यादा सब्सक्राइबर थे, उन्होंने एक दर्शक वर्ग बनाया, जिसका इस्तेमाल उन्होंने निवेश गुरु बनने के लिए किया। उनके फ़ॉरेक्स ट्रेडिंग प्रोग्राम में 6,000 से ज़्यादा निवेशकों ने लगभग 2 बिलियन बाहट या लगभग 59 मिलियन डॉलर खो दिए, और उन्हें अपना पैसा कभी वापस नहीं मिला। वहीं कंपनी में विसंगतियों के बारे में बताते हुए नथथमॉन ने कहा कि गायब हुई धनराशि ट्रेडिंग रणनीतियों के कारण खो गई थी और बाद में वह देश छोड़कर फरार हो गई। इंडोनेशियाई पुलिस ने थाई पुलिस और इंटरपोल के साथ मिलकर उन्हें वापस थाईलैंड भेजने में सफलता प्राप्त की।



## कल्पना नहीं है राम की गाथा, चीन ने भी खोजे प्रभु श्री राम के पदचिन्ह

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन के विद्वानों का कहना है कि यहां सदियों से बौद्ध धर्मग्रंथों में रामायण की कहानियों के निशान मौजूद हैं। संभवतः पहली बार इस बात का खुलासा हुआ है कि देश के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में हिंदू धर्म का प्रभाव भी रहा है। बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा ''रामायण-ए टाइमलेस गाइड विषय पर शनिवार को आयोजित एक संगोष्ठी में धार्मिक प्रभावों पर लंबे समय से शोध कर रहे कई चीनी विद्वानों ने उन ऐतिहासिक मार्गों का पता लगाने वाली स्पष्ट प्रस्तुतियां दीं, जिनके माध्यम से रामायण चीन तक पहुंची और चीनी कला एवं साहित्य पर इसका प्रभाव पड़ा।

सिंघुआ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अध्ययन संस्थान के प्रोफेसर एवं डीन डॉ. जियांग जिंगकुई ने कहा, ''धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दुनिया को जोड़ने वाली सदाबहार कृति के रूप में रामायण का प्रभाव अंतर-सांस्कृतिक प्रसार के माध्यम से और भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''चीन ने भी इस महाकाव्य के तत्वों को आत्मसात किया है, जिसने न केवल चीनी (बहुसंख्यक) हान संस्कृति में निशान छोड़े हैं, बल्कि चीनी शिजांग (तिब्बती) संस्कृति में भी इसकी पुनर्व्याख्या की गई है और इसे नया अर्थ दिया गया है। चीन आधिकारिक तौर पर तिब्बत को शिजांग के नाम से संदर्भित करता है।

जियांग ने कहा, ''यह सांस्कृतिक प्रवास और अनुकूलन एक सदाबहार और सांसारिक ग्रंथ के रूप में रामायण के खुलेपन और लचीलेपन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि चीन में रामायण से संबंधित सबसे प्रारंभिक सामग्री मुख्य रूप से बौद्ध धर्मग्रंथों के माध्यम से हान सांस्कृतिक क्षेत्र में पेश की गई थी। जियांग ने कहा कि इसे हान सांस्कृतिक क्षेत्र में एक संपूर्ण कृति के रूप में शामिल नहीं किया गया, लेकिन महाकाव्य के कुछ हिस्सों को बौद्ध धर्मग्रंथों में जगह दी गई है। उन्होंने बौद्ध लिपियों के चीनी अनुवाद का हवाला दिया, जिनमें ''दशरथ और हनुमान को बौद्ध पात्रों के रूप में उल्लेखित किया गया है।

जियांग ने कहा, ''एक प्रसिद्ध उदाहरण यह है कि हनुमान को वानर राजा में बदल दिया गया, जिन्होंने बौद्ध शिक्षाओं का पालन किया और क्लासिक बौद्ध नैतिक कथाओं में घुलमिल गए। मानवीय विशेषताओं वाले वानर राजा सन वुकोंग को सबसे प्रिय और सबसे स्थायी चीनी साहित्य और लोककथाओं में शामिल किया गया है। चीनी सामाजिक विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय रणनीति संस्थान के प्रोफेसर लियू जियान ने अपनी प्रस्तुती में कहा कि कई चीनी विद्वान इस बात से सहमत हैं कि सन वुकोंग का संबंध हनुमान से है, हालांकि कुछ विद्वानों का कहना है कि वह चीन के ही थे। उन्होंने कहा, ''चीनी विद्वान आम तौर पर इस बात पर सहमत हैं कि सन वुकोंग की छवि हनुमान से प्रेरित है। इसलिए, सन वुकोंग यहां का किरदार नहीं है, बल्कि भारत का एक किरदार है।



## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से कई मकान जलकर खाक, कम से कम नौ लोगों की मौत

**फ्लोरेस, एजेंसी।** प्राधिकारियों ने पिछले सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद सोमवार को माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के लिए खतरे का स्तर तथा जोखिम संभावित क्षेत्र का आकार बढ़ा दिया। इंडोनेशिया के फ्लोरेस द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्राधिकारियों ने पिछले सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद सोमवार को माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के लिए खतरे का स्तर तथा जोखिम संभावित क्षेत्र का आकार बढ़ा दिया। देश की ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने ज्वालामुखी विस्फोट बढ़ने के साथ ही चेतावनी की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है और निषिद्ध क्षेत्र के दायरे को सोमवार को आधी रात के बाद दोगुना से अधिक बढ़ाकर सात किलोमीटर (4.3 मील) कर दिया। ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बृहस्पतिवार से रोजाना 2,000 मीटर (6,500 फुट) की ऊंचाई तक राख उठ रही है। माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के एक अधिकारी फिरमान योसेफ ने बताया कि सोमवार को आधी रात के बाद हुए विस्फोट के कारण 2,000 मीटर ऊंचाई तक राख हवा में फैल गई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129